



# जन एक्सप्रेस

लखनऊ
वर्षः 15 | अंकः 35
मूल्यः ₹3.00/-
पेज : 12

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

गुरुवार | 16 नवंबर, 2023

# डोडा में बड़ा सड़क हादसा, 300 फीट गहरी खाई में गिरी बस, 36 की मौत

## केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने घटना पर जताया दुख, अधिकारियों ने घटना को लेकर दी जानकारी, पीएमओ ने भी घटना पर जताया शोक



**घायलों में कई की हालत गंभीर**

सूत्रों ने बताया कि काफी ऊंचाई से गिरने के कारण बस बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। उन्होंने बताया कि स्थानीय लोगों के अलावा पुलिस और राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) के जवान बचाव अभियान में जुटे हैं। उन्होंने बताया कि कुछ घायल यात्रियों को अस्पताल ले जाया गया है। कई लोगों की हालत गंभीर है। कुछ घायल यात्रियों को हवाई मार्ग से जम्मू के सरकारी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) अस्पताल ले जाने की संभावना है।

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले के अस्सार इलाके में बुधवार को एक बस 300 फीट गहरी खाई में गिर गई। हादसे में 36 लोगों की मौत हो गई। 19 घायल हैं। इनमें छह की हालत गंभीर है। बस किश्तवाड़ से जम्मू जा रही थी। पुलिस और एसडीआरएफ की टीमों ने स्थानीय लोग भी मदद राहत और बचाव का काम शुरू किया। बस बुरी तरह डैमेज हो गई थी इसलिए इसे काटकर बॉडी और घायलों को बाहर निकालना पड़ा। घायलों को किश्तवाड़ जिला अस्पताल और डोडा के गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। कुछ लोगों को जम्मू एयरलिफ्ट किया गया है।

### पीएम-उपराज्यपाल ने हादसे पर जताया दुख

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने घटना पर दुख जताया है। जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने भी हादसे दुख प्रकट किया है।

### मृतकों के परिवार को दो लाख और घायलों को पचास हजार की घोषणा

पीएम मोदी ने एक्स पर कहा, जम्मू-कश्मीर के डोडा में बस दुर्घटना दुखद है। उन परिवारों के प्रति मेरी संवेदनाएं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। मैं प्रार्थना करता हूं कि घायल जल्द से जल्द ठीक हो जाएं। उन्होंने घोषणा करते हुए कि प्रत्येक मृतक के परिजन को 2-2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी और प्रत्येक घायल को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) से 50,000 रुपये दिए जाएंगे। वहीं, गृहमंत्री अमित शाह ने कहा, जम्मू-कश्मीर के डोडा में एक दुखद बस दुर्घटना के कारण बहुमूल्य जिंदगियों के नुकसान के बारे में जानकर बहुत दुख हुआ। स्थानीय प्रशासन बचाव अभियान चला रहा है। मृतकों के परिवारों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएं। मृतक और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने के लिए प्रार्थना करता हूं। जम्मू और कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा, डोडा में एक दुखद बस दुर्घटना में लोगों की मौत से बेहद दुखी हूं। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएं और दुर्घटना में घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। प्रभावितों को सभी आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए डिव कॉम और जिला प्रशासन को निर्देशित किया गया है। सूत्रों ने बताया कि काफी ऊंचाई से गिरने के कारण बस बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है।



### कश्मीर में बड़ा हादसा: तीन बसों में आगे निकलने की होड़ में हादसा, 19 घायल

### हर ओर से सुनाई दे रही थी चीख-पुकार...बिखरे पड़े थे कई शव

### गृह मंत्री अमित शाह और जम्मू-कश्मीर के एलजी ने दुख जताया

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जम्मू बस हादसे पर दुख जताया है। उन्होंने कहा- डोडा बस हादसे के बारे में जानकर आहत हूं। स्थानीय प्रशासन रेस्क्यू ऑपरेशन चला रहा है। मृतकों के परिवारों के प्रति मेरी संवेदनाएं। घायलों के जल्दी स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। जम्मू-कश्मीर के एलजी मनोज सिन्हा ने कहा कि शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी संवेदनाएं हैं। प्रभावित लोगों को सभी आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया है।

### ओवरटेक के चलते हुआ हादसा

पुलिस ने बताया कि शुरुआती जानकारी में पता चला है कि इस मार्ग पर तीन बसें एक साथ चल रही थी और एक-दूसरे से आगे निकलने की होड़ में यह बड़ा हादसा हो गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### कैसे हुआ हादसा

- जानकारी के मुताबिक, बस किश्तवाड़ से जम्मू जा रही थी। इसी दौरान बस सड़क से फिसलकर खाई में गिर गई। बस में 55 पैसेंजर सवार थे। हादसे की सूचना मिलते ही रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची। घायलों को किश्तवाड़ जिला अस्पताल और डोडा के गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया।
- वहीं गंभीर रूप से घायल लोगों को जम्मू एयरलिफ्ट किया गया है। जिस जगह यह हादसा हुआ है, वहां से एक सड़क गुजरी है, जिसके टर्न पर काफी गहरी खाई है। अनुमान लगाया जा रहा है कि यहां से मोड़ते वक्त बस अनियंत्रित हो गई और भीषण हादसा हो गया।

### पूर्व सीएम मुफ्ती ने जताया हादसे पर दुख

- जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने एक्स पर एक पोस्ट कर मौतों पर शोक व्यक्त किया। मुफ्ती ने एक्स पर पोस्ट किया, डोडा के अस्सर में दुखद सड़क दुर्घटना से गहरा सदमा और दुख हुआ. मारे गए लोगों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना और साथ ही लिखा कि आशा है कि प्रशासन बचाव कार्यों में तेजी लाएगा।

लखनऊ लाया गया सुब्रत सहारा का पार्थिव शरीर

# आज होगा अंतिम संस्कार



**आज गोमती नगर के बैकुंठ धाम में सहारा श्री का अंतिम संस्कार किया जाएगा**

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

सहारा श्री सुब्रत रॉय का मुंबई के एक अस्पताल में मंगलवार की रात निधन हो गया। मृत्यु की वजह कार्डियोरेस्पिरेटरी अरेस्ट बताई गई है। बीते कुछ महीनों से उनका इलाज चल रहा था। उनके पार्थिव शरीर को विशेष विमान से बुधवार शाम को लखनऊ लाया गया। जहां सहारा शहर में अंतिम दर्शन के लिए रखा गया है। लखनऊ में ही उन्हें अंतिम श्रद्धांजलि दी जाएगी। वह कई तरह की बीमारियों से ग्रसित थे। मुंबई के निजी अस्पताल में बीते कुछ महीनों से उनका इलाज चल रहा था। सहारा समूह की तरफ से जारी प्रेस नोट में उनकी मौत की वजह कार्डियोरेस्पिरेटरी अरेस्ट बताई गई है। इसके अलावा सहारा श्री हाइपर टेंशन और बीपी के मरीज भी बताए गए हैं। सहारा समूह से जुड़े हुए गुलाम जीशान ने बताया कि गुरुवार सुबह तक शव लोगों के दर्शन के लिए वहां रखा जाएगा। ऐसी उम्मीद है कि सहारा समूह से जुड़े हुए देश भर के कर्मचारी बड़ी संख्या में वहां पहुंच सकते हैं।

### बन रही है फिल्म

सुब्रत रॉय की जिंदगी पर निर्माता संदीप सिंह और जयंतीलाल गड़ा फिल्म बनाने जा रहे थे। उन्होंने अपनी नई फिल्म सहाराश्री का एलान किया था। जो सहारा इंडिया परिवार के संस्थापक के जीवन पर आधारित एक बायोपिक है। इस एलान के साथ सुदीप्तो सेन, संदीप सिंह और जयंतीलाल गड़ा ने सहाराश्री का मोशन पोस्टर भी रिलीज किया है।

### सीएम योगी ने जताया दुख

- सीएम योगी ने एक्स पर लिखा-सहारा समूह के प्रमुख श्री सुब्रत रॉय जी का निधन अत्यंत दु:खद है। प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान तथा शोकाकुल परिजनों को यह अथाह दु:ख सहने की शक्ति दें। शांति!

### अखिलेश यादव ने जताया दुख

- अखिलेश यादव ने सुब्रत रॉय के निधन पर एक्स पर तस्वीर शेयर कर श्रद्धांजलि दी, उन्होंने लिखा- सहारा श्री सुब्रत रॉय जी का निधन उत्तर प्रदेश और देश के लिए भावात्मक क्षति है। क्योंकि वो एक अति सफल व्यवसायी के साथ-साथ एक ऐसे अति संवेदनशील विशाल हृदय वाले व्यक्ति भी थे। जिन्होंने अनगिनत लोगों की सहायता की, उनका सहारा बने. भावभीनी श्रद्धांजलि!

### शिवपाल ने जताया दुख

- शिवपाल यादव ने सुब्रत रॉय के निधन पर दुख व्यक्त किया। उन्होंने एक्स पर लिखा-सहाराश्री सुब्रत रॉय जी के निधन का दु:खद समाचार प्राप्त हुआ है. ईश्वर दिवंगत की आत्मा को शांति प्रदान करें और शोक संतप्त परिजनों को इस असीम दु:ख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें. भावपूर्ण श्रद्धांजलि!

## इटावा में चलती ट्रेन में आग लगी, नई दिल्ली-दरभंगा एक्सप्रेस का एस-1 कोच पूरी तरह जला, यात्रियों ने कूदकर जान बचाई

जन एक्सप्रेस। लखनऊ



इटावा में बुधवार को चलती नई दिल्ली-दरभंगा एक्सप्रेस में आग लग गई। ट्रेन का एस-1 कोच पूरी तरह जल गया। चलती ट्रेन में धुआं उठता देख यात्रियों में भगदड़ मच गई। यात्रियों ने ट्रेन से कूदकर जान बचाई। हादसा सराय भूपत रेलवे स्टेशन के पास शाम 6 बजे हुआ। बताया जा रहा है उस समय ट्रेन की स्पीड 20 से 30 किमी के बीच थी। बोगी में क्षमता से दोगुना यात्री सवार थे। नई दिल्ली-दरभंगा (02570) एक्सप्रेस ट्रेन हादसे का शिकार हुई है। मौके पर फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां पहुंची हैं। हादसे में दो यात्रियों के झुलसे हैं, जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी मुताबिक, बड़ी संख्या में लोग छठ पूजा मनाने बिहार की ओर रवाना हुए थे। इसी बीच ट्रेन के जरनल कोच में धुआं उठने लगा। तभी लोगों में हड़कंप मच गया। इस दौरान ट्रेन को इटावा जिला मुख्यालय से करीब दस किमी. दूर सराय भूपत रेलवे स्टेशन के पास रोक दिया गया।

### देखते ही देखते खाली हो गई पूरी ट्रेन

ट्रेन के धीमे होते ही यात्री इससे कूद-कूदकर अपनी जान बचाते नजर आए। कुछ ही मिनटों में यात्रियों ने अपने सामान के साथ पूरी ट्रेन को खाली कर दिया। इधर, जिस बोगी में आग लगी थी, उसके साथ वाली बोगी में भी धुआं उठता देख यात्री और स्टेशन पर तैनात कर्मी आग बुझाने की जुगत में लग गए।

## आयकर के शिकंजे में अबू आजमी, 200 करोड़ रुपये की टैक्स चोरी कबूलने के बाद भी नहीं मिली राहत, जांच शुरू

**आयकर विभाग ने अबू आजमी की संपत्तियों की जांच बेनामी निषेध इकाई से कराने का निर्णय लिया है**

जन एक्सप्रेस। लखनऊ



महाराष्ट्र के सपा अध्यक्ष अबू आजमी की मुश्किलें बढ़ती जा रही है। आयकर विभाग की जांच में 200 करोड़ रुपये की टैक्स चोरी कबूलने के बाद भी उनको कोई राहत नहीं मिल सकी है। जुर्माने के साथ टैक्स वसूलने के बाद आयकर विभाग ने अब उनकी बेनामी संपत्तियों की पड़ताल शुरू कर दी है। सूत्रों के मुताबिक आयकर विभाग ने अबू आजमी की संपत्तियों की जांच बेनामी निषेध इकाई से कराने का निर्णय लिया है। इसकी जद में अबू आजमी का पार्टनर वाराणसी का विनायक ग्रुप भी है। बता दें कि आयकर विभाग, लखनऊ की जांच इकाई ने बीते अक्तूबर के पहले सप्ताह में अबू आजमी और विनायक ग्रुप के वाराणसी, मुंबई और लखनऊ स्थित ठिकानों पर छापा मारा था। इसमें 200 करोड़ रुपये की टैक्स चोरी का पता चला था। जांच के बाद आयकर विभाग ने विनायक ग्रुप की कई संपत्तियों को जब्त भी कर लिया था। साथ ही, वाराणसी विकास प्राधिकरण ने विनायक ग्रुप के संचालकों के खिलाफ वरुणा गार्डन के फ्लैट्स का फर्जी पूर्णता प्रमाण पत्र बनाने का मुकदमा भी दर्ज कराया था। अब आयकर विभाग यह पता लगाने का प्रयास कर रहा है कि अबू आजमी और विनायक ग्रुप ने किन लोगों का काला धन अपनी परियोजनाओं में निवेश किया है।

### पिछले साल भी मारा था छापा

आयकर विभाग ने विनायक ग्रुप के ठिकानों पर पिछले साल दिसंबर में भी छापा मारा था। इसमें 150 करोड़ रुपये की टैक्स चोरी का खुलासा हुआ था। इसके बाद आयकर विभाग ने विनायक ग्रुप की भोपाल, ठाणे और वाराणसी स्थित 13 संपत्तियों को जब्त कर लिया था। विनायक ग्रुप ने टैक्स चोरी की बात स्वीकार करने के बाद आयकर विभाग में जुर्माना भी जमा किया था। हालांकि विभागीय सूत्रों के मुताबिक विनायक ग्रुप की संपत्तियों की कीमत के मद्देनजर जमा की गई रकम नाकाफी थी। इसी वजह से दस माह बाद फिर से विनायक ग्रुप के ठिकानों को खंगाला गया। अब आयकर विभाग के निशाने पर विनायक ग्रुप के कई अन्य पार्टनर भी हैं, जिनकी पड़ताल की जा रही है।

### तीन राज्यों में हैं संपत्तियां

जांच में अबू आजमी और विनायक ग्रुप की यूपी, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र में करीब 100 संपत्तियों का पता चला है। इनमें से तमाम संपत्तियां बेनामी होने की आशंका है। दरअसल इन संपत्तियों के निर्माण के बाद किसी को बेचा नहीं गया है। इससे साफ हो गया कि इन संपत्तियों में किसी अन्य का कालाधन निवेश किया गया है।

**कानपुर एक्सप्रेस**



कानपुर और उन्नाव की खबरों को पढ़ने के लिए देखें पेज 3 और 11

जन एक्सप्रेस फाइटर जी कहिन को इस Qr-code के माध्यम से सर्च करें

# काला कोट पहनकर मनमानी नहीं कर सकेंगे वकील

## हाईकोर्ट ने कथित वकीलों द्वारा यूनिफॉर्म पहनकर विवादित जमीन के मामलों में हस्तक्षेप करने और भूमाफियाओं का सहयोग करने की घटनाओं को गंभीरता से लिया

**न्यायमूर्ति संगीता चंद्रा व न्यायमूर्ति एनके जौहरी की खंडपीठ ने स्थानीय अधिवक्ता शुभांशु सिंह की याचिका पर यूपी बार काउंसिल को दिया आदेश**

**यूपी बार काउंसिल को आदेश दिया है कि वो इसे लेकर सभी वकीलों को दिशा-निर्देश जारी करे और ये तय करे कि वकील कोर्ट परिसर से बाहर यूनिफॉर्म न पहनें**

जन एक्सप्रेस। डॉ.वैभव शर्मा



**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने तथाकथित वकीलों की मनमानी पर अंकुश लगाया है। अब वकील काला कोट% पहनकर अदालत परिसर के बाहर अपना रौब नहीं झाड़ सकेंगे। कोर्ट ने कथित वकीलों द्वारा यूनिफॉर्म पहनकर विवादित जमीन के मामलों में हस्तक्षेप करने और भूमाफियाओं का सहयोग करने की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए ये आदेश जारी किया है। न्यायमूर्ति संगीता चंद्रा व न्यायमूर्ति एनके जौहरी की खंडपीठ ने स्थानीय अधिवक्ता शुभांशु सिंह की याचिका पर सुनवाई करते हुए वकीलों की मनमानी पर अंकुश लगाया है। कोर्ट ने यूपी बार काउंसिल को आदेश दिया है कि वो इसे लेकर सभी वकीलों को दिशा-निर्देश जारी करे और ये तय करे कि वकील कोर्ट परिसर से बाहर यूनिफॉर्म न पहनें।

### क्या है पूरा मामला?

याची शुभांशु सिंह ने कहा था कि वो सिविल कोर्ट लखनऊ में प्रैक्टिस करता है। 21 सितंबर 2023 को उसके साथ वहीं कुछ वकीलों ने मारपीट की और उसका सामान लूट लिया। याची ने इस मामले में स्थानीय पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज करवाई थी। जिसके बाद इस मामले की विवेचना सीबीआई या किसी अन्य स्वतंत्र जांच एजेंसी से कराने की मांग की। याची ने कहा कि इस घटना से संबंधित जो भी सीसीटीवी फुटेज या सबूत हैं उन्हें सुरक्षित रखा जाए। कोर्ट ने इस केस पर सुनवाई करते हुए संबंधित एडीसीपी से विवेचना की स्थिति तलब की और जनपद न्यायाधीश से पूछा कि उन्होंने याची के अनुरोध पर क्या कदम उठाया है। इस मामले पर सुनवाई के लिए अगली तारीख 28 नवम्बर को तय की गई है।

### यूनिफॉर्म का दुरुपयोग करते हैं कुछ वकील

अदालत में सुनवाई के दौरान ये बात भी सामने आई कि कुछ अधिवक्ता ऐसे हैं जो कोर्ट परिसर के बाहर जमीन आदि के विवाद में अपना प्रभाव डालने की कोशिश करते हैं। जिसके बाद कोर्ट ने यूपी बार काउंसिल को इस संबंध में आदेश जारी किया। आदेश के तहत परिसर के बाहर यूनिफार्म पहनने की मनाही है।

## फैन को थप्पड़ मारने के मामले में नाना पाटेकर पर एफआईआर की मांग

जन एक्सप्रेस। वाराणसी

फिल्म अभिनेता नाना पाटेकर ने वाराणसी में शूटिंग के दौरान एक फैन को थप्पड़ मार दिया था, जिस पर अब प्रतिक्रियाएं आनी शुरू हो गई हैं। आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर ने फिल्म स्टार नाना पाटेकर द्वारा कल मंगलवार 14 नवंबर 2023 को वाराणसी में एक फैन को थप्पड़ मारे जाने और उनके क्रू द्वारा उसका गला दबोचा जाने के मामले में एफआईआर दर्ज किए जाने की मांग की है। पुलिस कमिश्नर वाराणसी को भेजी अपनी शिकायत में अमिताभ ठाकुर ने कहा है कि नाना पाटेकर ने जर्नी फिल्म की शूटिंग के दौरान दशाश्वमेध घाट के पास शूटिंग के दौरान सेल्फी ले रहे फैन को एक जोरदार थप्पड़ जड़कर भगाया।

# रानीपुर टाइगर रिजर्व के जंगलों मे हरे पेड़ों का कटान जोरों पर, वन अमला उदासीन

जन एक्सप्रेस **EXCLUSIVE**

- मारकुंडी आरओ द्वितीय हुए गायब,राम भरोसे वनों की सुरक्षा
- एक दर्जन के करीब हरे पेड़ काटे,लेकिन नहीं हुई कार्यवाही

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



रानीपुर टाइगर रिजर्व के जंगलों मे हरेभरे वृक्षों का अवैध कटान बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। एक ओर जहां सरकार करोड़ों रूपये खर्च कर जंगलों को हराभरा बनाने पौधरोपण कर रही है, वहीं दूसरी ओर जिनके कंधों पर जंगल के सुरक्षा की जिम्मेदारी है वही जंगलों का सफाया करने मे जुटे हैं। वन संपदा को सुरक्षित रखने वन विभाग बिल्कुल भी संजीदा नहीं हैं। वनपरिक्षेत्र मारकुंडी द्वितीय क्षेत्र में हरे पेड़ों की अवैध कटान रुकने का नाम नहीं ले रहा है। ठंड का मौसम आते ही कटान धड़ल्ले से हो रही है। आरक्षित वन क्षेत्र होने के कारण जंगलों में बेशकीमती प्रकाष्ठ के साथ ही जड़ी बूटी और बाघ,गुलदार जैसे संरक्षित प्रजाति के वन्य जीव भी हैं। लेकिन जिम्मेदारों की उदासीनता के चलते वनों और वन्यजीवों का अस्तित्व खतरे मे है। हरे भरे पेडों पर बेधड़क कुल्हाड़ियां बरस रही हैं। पेड़ बचाओ अभियान सिर्फ खानापूर्ति बनकर रह गया है। नवागंतुक वनक्षेत्राधिकारी मारकुंडी द्वितीय को चार्ज सम्हाले एक माह बीत गए हैं,लेकिन कार्यभार ग्रहण करने के बाद एक बार भी अपने कार्य क्षेत्र मे नजर नहीं आए हैं। नवागंतुक वनक्षेत्राधिकारी मो. नदीम मुख्यालय मे ही रहकर अपनी ड्यूटी कर रहे हैं। जंगल की रखवाली करना बिल्कुल भी अपनी जिम्मेदारी नहीं समझते। रेंजर साहब अगर आपको शहर बहुत पसंद है तो शहर वाले रेंज मे ही ट्रांसफर करा लीजिये! रेंजर साहब तब ही मारकुंडी तरफ आते हैं जब कोई बड़ा अधिकारी इस क्षेत्र का निरीक्षण करने आता है। लेकिन अधिकारी के साथ आते तो हैं लेकिन उनके पीछे-पीछे चले भी जाते हैं। एसे मे जंगल की रखवाली कैसे हो पाएगी? जंगल को अनाथ अवस्था मे अकेला छोड़ दिया गया है। जिसे कोई देखने और सुनने वाला नहीं है। रानीपुर टाइगर रिजर्व के खूबसूरत जंगल को उजाड़कर बदसूरत बनाया जा रहा है। मारकुंडी द्वितीय के ददरी, लखनपुर, पचपेड़ा, रूख्मा, जमुनिहाई, टिकरिया, छेरिहा, भेड़ा आदि जंगलों मे बड़े पैमाने पर अवैध कटान को अंजाम दिया जा रहा है। जंगल के रक्षक ही विनाशकारी बने हुए हैं। बावजूद विभाग के जिम्मेदार अधिकारी आंखों मे पट्टी बांधकर बैठे हैं। अब देखना यह होगा कि बेलगाम रेंज अफसर पर विभाग के सक्षम अधिकारीयों द्वारा क्या कार्यवाही की जाती हैं? या उन सक्षम अधिकारियों का रेंज अफसर को भय भी है या वाकई मे बेलगाम ही हैं।

## दर्जन भर हरे पेड़ काटे, लेकिन कार्यवाही नहीं

एक तरफ जहां वन विभाग की नजरों मे एक छोटा पेड़ भी काटना जघन्य अपराध है,लेकिन दर्जन भर के करीब हरे खैर के पेड़ कट जाने के बाद भी वन विभाग चुप क्यों बैठा है ? महीनों बीतने के बाद भी कोई कार्यवाही न होना कई सवाल खड़े कर रही है। अपने घर या निजी भूमि पर लगे पेड़ को काटने के लिए लंबी प्रक्रिया के बाद जाकर कहीं अनुमति मिल पाती है। लेकिन यहां तो निजी स्वार्थ के लिए हरे पेड़ों का गैरकानूनी तरीके से कत्लेआम कर दिया गया। फिर भी वन विभाग द्वारा कोई एक्शन नहीं लिया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि, मानिकपुर-इंटवा डुड़ैला मार्ग के मारकुंडी-टिकरिया के मध्य पेट्रोल टंकी के करीब दो सौ मीटर आगे मानिकपुर-इंटवा डुड़ैला मार्ग के अप साइड जंगल से सटी भूमि पर पेड़ काटकर बाऊंड्रीवाल का निर्माण किया जा रहा है,दशकों पहले जहां वन विभाग द्वारा प्लांटेशन किया गया? था। बावजूद वन अमले द्वारा कार्यवाही करने के बजाय चुपचाप तमाशा देख रहा है।

## वन भूमि पर धड़ल्ले से की जा रही खेती

वन परिक्षेत्र मारकुंडी द्वितीय में पहाड़ से लेकर मैदानी इलाकों तक जंगल अतिक्रमण की जद में हैं। इस क्षेत्र में वन भूमि के उपजाऊ और मूल्यवान होने के कारण लोग खेतीपाती कर रहे हैं। वन अमला के उदासीनता के चलते वन रेंज मारकुंडी द्वितीय के रूख्मा, ददरी, पचपेढा, छेरिहा, अमचुर नेरूआ आदि इलाकों मे वन भूमि पर लंबे समय से बेरोकटोक खेती की जा रही है। नवागंतुक वनक्षेत्राधिकारी के आने के बाद से और भी बढावा मिला है। जानबूझकर वन विभाग अंजान बन रहा है। जहां दशकों पूर्व प्लांटेशन किया गया था, आज वह खेत मे तब्दील है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार वनकर्मियों द्वारा बकायदा गेहूं की वसूली भी की जाती है। हजारों हेक्टेयर से ज्यादा वन भूमि अतिक्रमण की गिरफ्त में है। कुछेक स्थान ऐसे भी हैं, जहां वन भूमि पर मानव बस्तियां उग आई हैं। जाहिर है कि अतिक्रमण से जंगल और जंगल में रहने वाले वन्यजीवों की मुश्किलों में इजाफा हो रहा है। परंपरागत रास्तों पर अतिक्रमण से वन्यजीवों का एक से दूसरे जंगल में आवागमन भी बाधित हुआ है।

## जन सुनवाई में की गई शिकायतों को बनाया मजाक

शिकायकर्ता द्वारा पर्यावरण के सुरक्षा व अवैध कटान, जंगली जानवरों के शिकार आदि संबंध मे शिकायत की गई जिसे कार्यालय मे ही बैठकर फर्जी तरीके से निस्तारण कर दिया गया। जन सुनवाई पोर्टल को मजाक बनाकर रख दिया है। शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण नहीं हो पा रहा है। जांच के नाम पर खानापूर्ति कर फर्जी आख्या लगाई जा रही है। इसी तरह से मारकुंडी वनक्षेत्र द्वितीय मे हो रहे वन अपराधों पर अंकुश लगाने पर्यावरण प्रेमियों द्वारा की गई शिकायतों का फर्जी निस्तारण कर दिया गया। जबकि शिकायतकर्ता के शिकायत से संबंधित ठोस साबूत भी उपलब्ध हैं।

## अपने घरों के कार्यों मे व्यस्त रहते वॉचर

दैनिक कर्मचारी वाचर भी अपने स्वयं के ही कार्यों मे व्यस्त देखे जा सकते है। कोई खेती किसानी मे व्यस्त है तो कोई दूध और मावा का व्यापार कर रहा है। कोई बाजार मे गप्पे मारता दिख जाता है। जंगल की सुरक्षा से उनको कोई लेना देना नहीं है। कहते हैं जब हमारे मुखिया ही नहीं आते तो हम पूरी तरह से मनमौजी हैं। लाजिमी है जब एसे डेली बेसेज कर्मचारियों पर लगाम नहीं रहेगा तो वह मनमौजी कार्य तो करेंगे ही।




## जंगल की सुरक्षा राम भरोसे

जब रेंज के मुखिया ही अपने कार्य क्षेत्र नहीं आते तो अन्य कर्मचारियों का बेलगाम होना लाजिमी है। वनकर्मी भी यदाकदा ही रेंज कार्यालय आते हैं। अपने घरों मे ही रहकर जंगल की सुरक्षा कर रहे हैं। जब कभी आना होता है तो घर से ही अप-डाउन करते हैं। सबसे खास बात तो यह है कि वनकर्मी प्रतिदिन क्यों आएं, जब रेंज के मुखिया का ही अतापा नहीं है। ऐसे में जंगल की सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह से रामभरोसे होती है। रात मे शिकारी भी सक्रिय हो जाते हैं। करंट लगाकर जानवरों को बेधड़क शिकार करते हैं। वन रेंज कार्यालय मारकुंडी द्वितीय की रखवाली मे एक कर्मचारी स्थाई रूप से अपनी ड्यूटी कर रहा है।

## कार्य क्षेत्र नहीं आते वन क्षेत्राधिकारी मो. नदीम

पूर्व वनक्षेत्राधिकारी मारकुंडी द्वितीय रमेश यादव जब तक यहा तैनात रहे तब रेंज मे ही रहकर रातदिन कड़ा पहरा देते थे। जिसके चलते सभी कर्मचारी भी अपनी ड्यूटी इमानदारी से करते थे। अवैध कटान और शिकार पर लगाम लग गया था। जब से इस रेंज का चार्ज मो. नदीम ने सम्हाला है तबसे उनके दर्शन तक नहीं हुए। वनकर्मियों की मनमानी से जंगलों के अस्तित्व पर खतरा मंडरा रहा है। लेकिन जंगल और वन्यजीवों की सुरक्षा से उनको कोई लेना देना नहीं है। वह जिला मुख्यालय मे ही रहकर अपनी ड्यूटी कर रहे हैं। अब सवाल यह भी खड़ा होता है कि उप निदेशक वन विभाग पीके त्रिपाठी को यह सब क्या नहीं मालूम होगा?

# राजस्व संग्रह अमीन संघ की बैठक में उठा वसूली में आ रही समस्याओं का मुद्दा



जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

सिंचाई कालोनी स्थित राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद मीटिंग हाल में बुधवार को उत्तर प्रदेश राजस्व संग्रह अमीन संघ की जिला कार्यकारिणी बैठक हुई। बैठक में तहसील स्तरीय पदाधिकारियों द्वारा वसूली कार्य में आ रही समस्याओं के बारे में की चर्चा गई। इसके बाद समस्याओं के निराकरण के लिए जिलाध्यक्ष, जिला मंत्री द्वारा उपस्थित सदस्यों को आश्वस्त किया गया कि जिले के उच्चाधिकारियों से मिलकर वसूली कार्य में आ रही कठिनाइयों, समस्याओं का शीघ्र ही निदान कराया जाएगा। इस मौके पर अध्यक्ष राकेश कुमार पांडेय, महामंत्री उदय भान सिंह, उपाध्यक्ष घनश्याम तिवारी, कोषाध्यक्ष रहमान खान, समशेर बहादुर सिंह, देशराज, देवी प्रसाद, आशिफ खान, विद्या पाण्डेय, विद्यासागर, विजय कुमार आदि मौजूद रहे।

# यातायात पुलिस ने खुटहा में निकाली जागरूकता रैली




जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

यातायात माह के परिपेक्ष्य में बुधवार को पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देश पर सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी एवं क्षेत्राधिकारी यातायात राज कमल के पर्यवेक्षण में प्रभारी यातायात निरीक्षक मनोज कुमार ने कोतवाली कर्वी के ग्राम खुटहा में ग्राम वासियों के साथ यातायात जागरूकता रैली का आयोजन किया। रैली में ग्राम वासियों को यातायात नियमों के बारे में जागरूक करते हुए जानकारी दी एवं नियमों पालन करने के लिए बताया गया। इस मौके पर शिवरामपुर चैकी प्रभारी चन्द्रमणि पाण्डेय व यातायात उप निरीक्षक शैलेन्द्र कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

# 22 को लखनऊ में होगा युवती महाअधिवेशन

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

केन्द्र सरकार द्वारा पारित कराए गए महिला आरक्षण बिल का प्रचार-प्रसार महिलाओं के बीच में करने के उद्देश्य से आगामी 22 नवम्बर को प्रदेश की राजधानी लखनऊ में भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा युवती महाअधिवेशन का आयोजन किया जाना है। अधिवेशन की सफलता और चित्रकूट से अपेक्षित संख्या को लखनऊ ले जाने के उद्देश्य से बुधवार को युवा मोर्चा की बैठक हुई। जिला मुख्यालय में बुधवार को जिलाध्यक्ष विकास मिश्रा की अध्यक्षता में भारतीय जनता युवा मोर्चा की बैठक हुई। जिसमें प्रदेश कार्य समिति के सदस्य पंकज तिवारी ने कहा कि भाजपा सरकार के में महिलाओं के हित में ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए नारी शक्ति वंदन अधिनियम लाकर महिलाओं के आगे आने का द्वार खोल दिया है। इस अधिनियम का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार महिलाओं के बीच में किया जाना चाहिए। इस उद्देश्य को लेकर आगामी 22 नवम्बर को प्रदेश की राजधानी लखनऊ में युवती अधिवेशन का आयोजन भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा किया जा रहा है। जिसमें चित्रकूट से भी टीम जाएगी। इसके लिए युवा मोर्चा पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गयी है।

# दीनदयाल शोध संस्थान ने मनाई भगवान बिरसा मुंडा की जयंती

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर बुधवार को दीनदयाल शोध संस्थान के शैक्षणिक प्रकल्पों सहित सभी स्वावलंबन केन्द्रों पर बड़े हर्षोल्लास से जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संघचालक रामबेटा कुशवाह ने कहा कि हमें भगवान बिरसा मुंडा की तरह मजबूती से अपनी संस्कृति की रक्षा करनी होगी। उन्होंने अपने क्रांतिकारी चिंतन से आदिवासी समाज की दशा और दिशा बदलकर नवीन सामाजिक और राजनीतिक युग का सूत्रपात किया। दीनदयाल शोध संस्थान के राष्ट्रीय संगठन सचिव अभय महाजन ने कहा कि जनजातीय नायकों और उनके योगदान को याद करने के लिए यह दिन बेहद खास है। भारत के स्वतंत्रता संग्राम में जनजातीय समुदाय का उल्लेखनीय योगदान रहा है। पूर्वजों की परंपरा, रीति रिवाज, संस्कृति की रक्षा करना हम सबका धर्म है। हजारों वर्षों की साधना से धर्म, परंपरा व संस्कृति का विकास हुआ है। हमारी परंपरा से हमें जीवन में संघर्ष करने की प्रेरणा व शक्ति मिलती है।

# दहेज हत्या में वांछित दो अभियुक्तों पर 20-20 हजार का इनाम घोषित

जन एक्सप्रेस/बांदा। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल द्वारा वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में बुधवार को थाना कोतवाली नगर पर पंजीकृत दहेज हत्या के अभियोग में वांछित दो अभियुक्तों पर 20-20 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के छावनी मुहल्ले में महिला की दहेज हत्या मामलें में मृतका के पिता की तहरीर पर थाना कोतवाली नगर पर महिला के पति व ससुर सहित 05 लोगों के विरुद्ध अभियोग मु0अ0सं0-810/23 धारा 498ए/304बी भा0द0वि0 व 3/4 डीपी एक्ट पंजीकृत किया गया था। अभियुक्तों की जल्द गिरफ्तारी को लेकर पुलिस अधीक्षक द्वारा मृतिका के पति पवन कुमार गुप्ता व ससुर रमाशंकर गुप्ता पर 20-20 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया है। पुलिस के अनुसार वांछित अभियुक्तों की सूचना जो भी व्यक्ति देगा उसे इनाम दिया जायेगा। वांछित अभियुक्तों के कहीं भी दिखने/सूचना मिलने पर इसकी सूचना मोबाइल नम्बर- 9454400257, 9454401029, 9454401351, 9454403043 पर दें।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा की तैयारी हुई वीसी के माध्यम से

जन एक्सप्रेस । बांदा

मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्य की अध्यक्षता में विकसित भारत संकल्प यात्रा की तैयारी की एक वीसी के माध्यम से बैठक की गई। जिसमें उपनिदेशक कृषि, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, सहकारिता, परियोजना निदेशक, डीसी नरेगा, बेसिक शिक्षा अधिकारी के प्रतिनिधि, एवं समस्त खंडविकास अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस यात्रा का आयोजन नवंबर माह के तीसरे सप्ताह से किया जाएगा। इसमें वैन के माध्यम से यात्रा चलेगी और विभिन्न नगर पालिका, नगर पंचायत एवं विकासखंड और विकासखंड के ग्राम पंचायत में एक बड़ी बैठक के रूप में आयोजित की जाएगी। इस यात्रा में ग्राम स्तर की 17 विकास योजनाएं एवं शहरी क्षेत्र की 17 विकास योजनाओं के संबंध में उनके विभागों द्वारा प्रस्तुतीकरण किया जाएगा तथा इस बैठक में योजना से लाभ प्राप्त किए हुए व्यक्तियों द्वारा उसे लाभ के संबंध में अपनी सफलता की कहानी बताई जाएगी।

इसमें अधिक से अधिक नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी तथा एक ग्रामीण संवाद स्थापित किया जाएगा।

मुख्य रूप से आवास योजना, समूह सखी, वित्त पोषण की योजनाएं, नरेगा के जॉब कार्ड, वैकल्पिक उर्वरक नैनो, यूरिया, निपुण भारत, बैंक से संबंधित योजनाएं, कृषि विभाग की योजनाएं, प्राकृतिक खेती, मृदा परीक्षण, स्वास्थ्य विभाग आयुष्मान कार्ड की योजनाएं सम्मिलित की गई है। इसके साथ ही आयोजन स्थल पर पांच प्रकार के स्टाल लगाए जाएंगे। पेंशन, योजना, स्वास्थ्य सेवा, कृषि, स्वयं सहायता समूह और बैंक इन स्टालों के माध्यम से जनमानस की समस्याओं का समाधान कराया जाएगा।

# गर्भवती पत्नी से झगड़कर पति ने फांसी लगाकर दी जान

जन एक्सप्रेस । बांदा

ट्रैक्टर चलाकर अपने परिवार का भरण पोषण करने वाला युवक मंगलवार की रात को शराब के नशे में अपने घर पहुंचा। गर्भवती पत्नी से विवाद हो जाने पर युवक ने पत्नी की पिटाई कर दी और उसे घर से बाहर निकाल दिया। इसके बाद कमरे के अंदर रस्सी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

बबेरू कस्बे के साहू मोहाल तिंदवारी रोड में रहने वाला दीपक लोधी (28) शराब पीने का आदी था। मंगलवार की शाम को वह शराब के नशे में घर पहुंचा।

# नीलगाय के बच्चे को राहगीरों ने बचाया

- घायल कुत्तों से बच्चे की सुरक्षा के लिये वन विभाग को दी गयी सूचना

जन एक्सप्रेस । बांदा



नीलगाय के बच्चे को सड़क पार कर रहे कुत्तों ने नोच कर घायल कर दिया। राहगीरों ने घायल बच्चे को अपने साथ लाकर जान बचाई। साथ ही क्षेत्रीय वन अधिकारी पैलानी संजय गुप्ता को सूचना दी गयी।

वही क्षेत्रीय वन अधिकारी संजय गुप्ता ने तत्काल प्रभाव से एक टीम गठित करके मौके पर भिजवाया। जिसमें से वनरक्षक सुशील व रामशरण भैया लाल के द्वारा नीलगाय के बच्चे को वहां से भाथा नर्सरी में लाकर डॉक्टर को बुलाकर मलहम पट्टी कराकर वहीं नर्सरी में टीम की देखरेख में रख दिए गया है। वही जब पूरे मामले की जानकारी क्षेत्रीय अधिकारी संजय गुप्ता से ली गई तो उन्होंने बताया कि जानकारी मिली थी कि एक नीलगाय के बच्चे को कुछ कुत्तों ने नोच कर घायल कर दिया है तो मौके में टीम भेजकर घायल बच्चे को नर्सरी मांगा लिया गया है और जब तक ठीक नहीं हो जाता तब तक वही नर्सरी में रखा जाएगा।

# फल-फूल रहा झोलाछाप डॉक्टर व अवैध नर्सिंग होमों का खेल

जन एक्सप्रेस । फतेहपुर

जनपद मे लगातार अबैध नर्सिंग होमो की आड मे आम लोगो के जीवन से खिलवाड की शिकायतो के बाद भी रुकने का नाम नही ले रहा। जहॉ प्रदेश सरकार के सख्त निर्देशो ने बाद भी जिला स्वास्थ प्रशासन हीलाहवाली नही बाज आ रहा और शहर मुख्यालय सहित तहसील मुख्यालय कस्बो, ग्रामीण क्षेत्रो मे नर्सिग होमो के साथ छोलाछाप डाक्टरो की दुकाने सजी है। जिनमे जीवन के खिलवाड सहित प्रतिबन्धित एर्बासन सहित तमाम अनैतिक कामो को अन्जाम दिया जा रहा है। वही एक पखवारे के अन्दर आधा दर्जन मरीजो की अशिक्षित कथित डाक्टरो ने मौत के अगोश मे सुला दिया।

जनपद में अवैध रूप से चलने वाले नर्सिंग होम व झोलाछाप डॉक्टरों के विरुद्ध औपचारिक अभियान चलाया गया लेकिन आज भी यथावत अबैध नर्सिग होमो सहित छोलाछाप डाक्टरो की मौत की दुकाने चल रही है। वही विभाग की कार्यशैली मे प्रश्न चिन्ह लग रहा है। विभाग के कर्मचारियों का रवैया तो इतना खराब हो गया है कि जन सूचना अधिकार के तहत मांगी गई जानकारी को भी देना वह जरूरी नहीं समझते। तभी तो जनपद में झोलाछाप डॉक्टरों की फौज आए दिन मरीज के तीमारदारों को लूटने का काम कर रहे हैं। वही जनपद के समस्त क्षेत्रों से आए दिन झोलाछाप डॉक्टरों के इलाज से मरने वालों की संख्या दिन पर दिन बढ़ती जा रही है। परंतु मुख्य चिकित्सा अधिकारी के कार्यालय में बैठे सक्षम अधिकारी जेबे गर्म कर रहे है और कार्यवाही के नाम पर मात्र खानापूर्ति करके लकीर पीट रहे है। जब विभाग के अधिकारी उस एरिया में चेकिंग के लिए जाते हैं तो उनके कार्यालय से उनका निजी वाहन निकलते ही वहां तक सूचना पहुंच जाती है कि आज उस एरिया में मुख्य चिकित्सा अधिकारी के कार्यालय से सक्षम अधिकारी अवैध नर्सिंग होम की जांच करने आ रहे है और अवैध रूप से चलने वाले नर्सिंग होम व क्लीनिक के संचालक अपना-अपना शटर गिराकर वहां से नदारद हो जाते हैं।

# बहनों ने भाइयों को टीका करके दिया आशीर्वचन

जन एक्सप्रेस । फतेहपुर

बहनो ने भाई को तिलक करके दीर्घ आयु, सुरक्षा का आशीर्वाद दिया। दीपावली पर्व के बाद आज भाई दूज पर्व मनाया गया। जिसमे बहनो के घर भाई पहुॅचे और बहन का अर्शिवाद लिया। पैराणिक कथाओ के अनुसार आज के दिन भगवान सूर्य नारायण के पुत्र यमराज तथा यमुना बेटी थी। भाई बहना मे बड़ा स्नेह था। यमुना अपने भाई से बराबर निवेदन करती कि इष्ट मित्रों सहित उसके घर आकर भोजन करो। अपने कार्य में व्यस्त यमराज बात को टालता रहा। कार्तिक शुक्ला का दिन आया। यमुना ने उस दिन फिर यमराज को भोजन के लिए निमंत्रण देकर, उसे अपने घर आने के लिए वचनबद्ध कर लिया।

पौराणिक कथाओ के आधार पर आज ही के दिन यमराज को अपने घर आया देखकर यमुना की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। उसने स्नान कर पूजन करके व्यंजन परोसकर भोजन कराया। यमुना द्वारा किये गये आतिथ्य से यमराज ने प्रसन्न होकर बहन को वर मांगने का आदेश दिया। यमुना ने कहा कि भद्र! आप प्रति वर्ष इसी दिन मेरे घर आया करो। मेरी तरह जो बहन इस दिन अपने भाई को आदर सत्कार करके टीका करे, उसे तुम्हारा भय न रहे। यमराज ने तथास्तु कहकर यमुना को अमूल्य वस्त्राभूषण देकर यमलोक को चले गये।

इसी दिन से पर्व की परम्परा बनी। ऐसी मान्यता है कि जो आतिथ्य स्वीकार करते हैं, उन्हें यम का भय नहीं रहता। इसीलिए भैयादूज को यमराज तथा यमुना का पूजन किया जाता है।

# सूखे पड़े अमृत सरोवर में जल रही चितायें

जन एक्सप्रेस । फतेहपुर



केन्द्र व प्रदेश की योगी सरकार ने जल संरक्षण के लिए आजादी के अमृत काल मे प्रति ग्राम सभा मे अमृत सरोवर के लिए लाखो रुपये का बजट खर्च कर रही है। जिससे जल संरक्षण किया जा सके जब कि अमृत सरोवर भी भ्रष्टाचार की बलि बेदी मे चढ रहे है। अमृत सरोवर के नाम पर 8 लाख से 20 लाख तक का बजट प्रति तालाब को दिया जा रहा है। वही ऐरायॉ विकास खण्ड क्षेत्र मे लगभग 11 लाख से तैयार अमृत सरोवर प्यास से ब्याकुल है और जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते लोग चितायें जला रहे हैं। वहीं जिम्मेदार जॉच व जानकारी करके कार्यवाही का पहाड़ा पढ़ रहे हैं।

बताते चले कि खागा तहसील क्षेत्र के विकास खण्ड ऐरायॉ के ऐरायॉ सादात ग्राम सभा के माझे गॉव मे लगभग 11 लाख की लागत से अमृत सरोवर बनाया गया है। जो एक-एक बूद पानी के लिए ब्याकुल है। वहीं सूखे पडे अमृत सरोवर मे शव दाह गृह बनाकर चितायें जलायी जा रही हैं। मोदी-योगी सरकार के जल संरक्षण के उद्देश्य पर पानी फेरा जा रहा है। विकास खण्ड क्षेत्र मे लगभग 18 अमृत सरोवर बनाये गये है। जिनमे लगभग आधा दर्जन तालाबो मे जल संरक्षण तो बहुत दूर है वह एक-एक बूद पानी के लिए तरस रहे है। प्रश्न यह उठता है कि जल संरक्षण का उद्देश्य कैसे पूरा होगा। वही भारी भरकम बजट से तैयार अमृत सरोवरो को शव दाह स्थल के रूप मे प्रयोग किया जा रहा है।

वहीं खण्ड विकास अधिकारी व ग्राम सचिव से बात करने पर बताया गया कि जानकारी नही है और वही रटारटाया जवाब दिया गया कि जॉच कराई जायेगी।

**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, अगले पांच दिनों में हल्के से मध्यम बादल छाए रहने के आसार हैं दिनाँक 16-20 सितम्बर, 2023 के मध्य तेज हवाओं एवं मेघ गर्जना के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की से मध्यम बारिश की कोई संभावना है।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 29.5 (+0.8)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 15.6 (-2.1)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 96 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 54 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 1.5 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर-पश्चिम
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

# छठ आयोजन को लेकर दो पक्षों में छिड़ी रार थाने की चौपाल में सुलटा मामला



जन एक्सप्रेस। कमलेश फाइटर

**कानपुर नगर।** दीपावली का पर्व बीत चुका है अब छठ मैया को मानने वालों ने छठ पूजन की तैयारी कर ली है। शहर कानपुर में भी लाखों भक्त छठ मैया को मानने वाले निवास करते हैं और जगह-जगह छठ पूजन का आयोजन होता है जहां पर हजारों और लाखों की संख्या में श्रद्धालु इकट्ठा होते हैं। पूर्व में जब अरमापुर से लेकर मोती झील में खत्म होने वाली नहर अस्तित्व में थी तब लोग नहर के घाटों पर ही छठ मैया का पूजन करते थे लेकिन नहर का अस्तित्व समाप्त होने के बाद शहर के पार्कों में कृत्रिम तालाबों को बनाकर प्रतिवर्ष छठ माई का पूजन होता है। बीते दिन बुधवार को शास्त्री नगर स्थित बड़ा सेंटर पार्क में छठ पूजन के आयोजन को लेकर अचानक से दो पक्ष सामने आ गए जिनमें एक पक्ष पूर्व के 14 वर्षों से छठ का आयोजन करने का दावा कर रहा था तो वही दूसरा पक्ष वर्तमान वार्ड 91 के पार्षद का था। मामला दोनों पक्षों के बीच इतना बढ़ गया था कि पुलिस दोनों पक्षों को थाने बुलाने पर मजबूर हो गई। दोनों पक्षों के लोगों ने थाने में पहुंचकर हंगामा भी काटा हालांकि कुछ सम्भ्रांत लोगों के बीच में आने पर और पुलिस के समझाने पर दोनों पक्षों के बीच आपसी सहमति से आयोजन को लेकर लिखित में समझौता हो गया है। ज्ञातव्य हो कि आगामी 19 और 20 नवंबर को शहर में छठ पूजन को लेकर शहर के विभिन्न घाटों पर और पार्कों में तैयारी युद्ध स्तर पर शुरू हो गई है। शास्त्री नगर स्थित बड़ा सेंटर पार्क में भी छठ पूजन का आयोजन प्रतिवर्ष होता है। इस पार्क में कृत्रिम तालाब बनाए जाते हैं और यहां पर आकर महिलाएं सूर्य को अर्घ्य देकर अपना व्रत पूजन संपन्न करती हैं। बीते 14 वर्षों से इस पार्क में छठ मैया के पूजन कार्यक्रम का आयोजन युवा पूर्वांचल छठ समिति के द्वारा करवाया जाता है। बीते दिन बुधवार को अध्यक्ष विजय देव चौरसिया समेत कमेटी के सभी लोग बड़ा सेंटर पार्क में कृत्रिम तालाबों की तैयारी करने जा ही रहे थे कि अचानक से वार्ड 91 के वर्तमान पार्षद विनोद गुप्ता और उनके समर्थक पार्क में आ गए इस दौरान दोनों पक्षों में कहासुनी तेज हो गई। दोनों पक्षों में कोई बड़ी घटना ना घटित हो पुलिस को सूचना मिलने पर पुलिस दोनों पक्षों को थाने पर ले आई। इस दौरान थाने में भी दोनों पक्षों में खूब जमकर कहा सुनी हुई हंगामा हुआ। हंगामे की सूचना पाकर शास्त्री नगर के कुछ संभ्रांत व्यक्ति और नेता टीटू दुबे, सर्वेश शुक्ला बमबम, अजीत श्रीवास्तव, महेंद्र तिवारी , पूर्व पार्षद सरोजनी नगर राजेन्द्र कटियार कांधा सिन्हा आदि भी आ गए। इस दौरान दोनों पक्षों को समझने का पुलिस के साथ सभी ने भर्षक प्रयास किया हालांकि वार्ता के दौरान कई बार मामला बिगड़ते बिगड़ते बचा। इसी दौरान कुछ महिलाएं भी आ गई और उन्होंने पार्षद विनोद गुप्ता पर जानबूझकर छठ आयोजन को रोकने का आरोप लगाया। इन महिलाओं का आरोप था कि विगत वर्षों से आयोजन होता चला रहा है किसी ने भी कोई टीका टिप्पणी नहीं की लेकिन इस बार विनोद गुप्ता जब से पार्षदी जीते हैं उनके द्वारा जानबूझकर आयोजन को होने से रोका जा रहा है। व्यवधान डाला जा रहा है इस पर पार्षद विनोद गुप्ता का सभी से कहना था कि वह आयोजन को रोकना नहीं चाहते लेकिन आयोजन जिस प्रकार से होता है उसे पर उन्हें एतराज है। इस दौरान पार्षद विनोद गुप्ता की महिलाओं से काफी झड़प भी हुई। काफी देर थाने में पंचायत होने के बाद दोनों पक्षों में आपसी सहमति से आयोजन को लेकर लिखित में समझौता भी हो गया।



" वार्ड 91 के नवनिर्वाचित पार्षद विनोद गुप्ता चुने गए हैं। वह जानबूझकर छठ पूजा में बाधा बन रहे हैं। और उनके द्वारा छठ मे रोड़ा लगाना और उनका केवल एक ही मकसद है उनको कहीं ना कहीं से इसमें पैसा मिले। आपको बता दे की 13 से 14 साल से या छठ पूजा कराई जा रही है और इसमें किसी प्रकार की कोई बाधा नहीं आई है। और जिस प्रकार से विनोद गुप्ता हमारी छठ समिति पर आरोप लगा रहे हैं। की बेदी बनाकर वसूली की जाती है ऐसा कुछ भी नहीं है। यह एक सार्वजनिक पूजा है ना तो इसमें किसी से पैसा मांगा जाता है और ना ही किसी से वसूली की जाती है। विनोद गुप्ता इसी को मुद्दा बनाकर छठ पूजा को रोकने का प्रयास कर रहे हैं।

**-बलराम सिंह यादव, सदस्य युवा पूर्वांचल महासभा**



" वार्ड 91 के पार्षद विनोद गुप्ता ने पहले ही कह रखा था कि यहां पर ना तो छठ पूजा होगी ना ही गड्ढा खुदेगा। मेरा तो यह मानना है कि जो जो छठ पूजा करता है उसके साथ व उसकी भावनाओं के साथ पार्षद विनोद गुप्ता खिलवाड़ कर रहे हैं। और विनोद गुप्ता ने हमारी संस्था पर आरोप लगाया है कि छठ पूजा के दौरान जो बेदी बनाई जाती है उसमें पैसा लिया जाता है जबकि ऐसा कुछ नहीं है। मैं यह बता देना चाहता हूं कि यह सार्वजनिक छठ पूजा होती है और अपनी श्रद्धा से लोग इसमें चंदा देते हैं किसी से जोर जबरदस्ती नहीं की जाती है। लोग अपनी इच्छा से देते हैं।

**मनोज चौरसिया सदस्य युवा पूर्वांचल महासभा**



" मैं यही कहना चाहती हूं कि जिस तरह से सालों से अभी तक छठ पूजा होती आ रही है उसी तरह छठ पूजा होनी चाहिए। और हमारे क्षेत्र के सभासद विनोद गुप्ता इस छठ पूजा का विरोध कर रहे हैं जबकि यह वहीं पास में ही रहने वाले हैं इनको इस छठ पूजा में बढ़-चढ़कर सहयोग करना चाहिए। लेकिन उनके द्वारा यह कहा जाना कि हम गड्ढा नहीं खोदने देंगे और छठ पूजा नहीं होने देंगे। यह बिल्कुल गलत है आखिरकार छठ पूजा मनाने हम कहां जाएंगे।

**क्षेत्रीय महिला**



" सोशल मीडिया पर एक पोस्ट डाला गया था जिसमें यह लिखा था कि छठ पूजा में जो बेदी बनाई जाती है उसके नाम पर जो पैसा लिया जाता है वह निशुल्क होना चाहिए। जैसे ही मैंने यह पोस्ट सोशल मीडिया पर डाला कुछ लोगों को लगा कि विनोद गुप्ता विरोध कर रहे हैं लेकिन ऐसा कुछ नहीं है। मेरा केवल एक ही उद्देश्य है छठ पूजा निशुल्क होनी चाहिए। पार्क में सुंदरीकरण का काम चल रहा है और करोड़ों रुपए खर्च हो चुके हैं। जो पूर्व में बड़ा गड्ढा खोदा जाता था अब वह नालियों के रूप में गड्ढा खोदकर छठ पूजा की जाएगी छठ पूजा का ना कभी विरोध हुआ है और ना ही कभी होगा।

**विनोद गुप्ता पार्षद वार्ड 91**



" यह धर्म का काम है और छठ पर्व एक आस्था का पर्व है। मेरा यह मानना है कि जो स्वयं सूर्य भगवान है उन्हें हम अर्घ्य देते हैं जल चढ़कर पूजा करते हैं। और हमारी माताएं बहने दो दिन का कठिन व्रत कर छठ मैया की पूजा अर्चना करती हैं। सेंटर पार्क में लगातार छठ पूजा कराई जा रही थी लेकिन इस बार कुछ गलतफहमियों की वजह से यहां अड़चन आई है। वह दूर की जाएगी। पार्षद विनोद गुप्ता का कहना था कि जो पार्क में गड्ढा खोदा जाता है उसकी रूपरेखा बदली जाए। क्योंकि पार्क का सुंदरीकरण हो रहा है। वही इस मामले में अब दोनों पक्षों को बैठा कर हल निकाला गया है कि दोनों की बातें मानी जाए क्योंकि छठ पूजा आस्था का पर्व है

**सर्वेश शुक्ला उर्फ बम बम भाजपा नेता**

## पीएम किसान सम्मान निधि की 15 वीं किस्त का सजीव प्रसारण



जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के अधीन संचालित कृषि विज्ञान केंद्र दिलीप नगर में बुधवार को प्रधानमंत्री द्वारा खूंटी, झारखंड से जारी की गई पीएम किसान सम्मान निधि की 15 वीं किस्त के सजीव प्रसारण को देखा गया। बताते चले कि यह सम्मान निधि देश के पात्र किसानों के बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से ट्रांसफर की गई है। केंद्र के प्रभारी डॉ.अजय कुमार सिंह ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य किसानों की आर्थिक मदद करना है किसानों को उनकी कृषि और अन्य आकस्मिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सरकार की तरफ से सहायता की जाती है। इस योजना के तहत लाभार्थी को प्रतिवर्ष ?6000 तीन किस्तों में प्रदान किए जाते हैं। उन्होंने बताया कि प्रथम किस्त अप्रैल माह में, दूसरी किस्त जुलाई माह एवं तीसरी किस्त नवंबर माह में जारी की जाती है। इस अवसर पर केंद्र के वैज्ञानिक डॉ.खलील खान, डॉ.अरुण कुमार सिंह सहित क्षेत्रीय किसान मौजूद रहे।

## अवैध असलहे और कारतूस संग शातिर को दबोचा



जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

थाना कल्यानपुर के रात्रिधिकारी उप निरीक्षक राजन कुमार मौर्य ने अपने साथियों के साथ एक शातिर अपराधी को मय असलाह के साथ धर दबोचा है। मुखबिर से मिली सूचना पर राजन मौर्य ने अपनी टीम के साथ तत्परता दिखाते हुए मौके एक शातिर अपराधी को धर दबोचा, सख्ती से पूछताछ की गयी तो उसने अपना नाम कार्तिक दुबे उम्र 27 वर्ष मूलतः हरदोई निवासी बताया और कहा कि वर्तमान में वह कल्यानपुर के अशोक नगर मे किराए के मकान में रह रहा है, मौके पर जब उसकी तलाशी ली गयी तो उसके पास से एक अवैध 315 बोर का तमंचा और जिन्दा कारतूस पाया गया। शातिर को गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक राजन कुमार, का. रामनरेश चालक का. हरिओम शामिल रहे।

## महिला वार्डन हत्याकांड में कानपुर पुलिस सफल खुलासे से कोसों दूर

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

शहर के थाना काकादेव क्षेत्र स्थित बिरहाना के एक गर्ल्स हॉस्टल में वार्डन का काम करने वाली महिला की मौत के रहस्य से पूरा पर्दा उठा पाने में कानपुर पुलिस पूर्ण रूप से सफल नहीं हो सकी है। सूत्रों की माने तो इस मामले में मृतक महिला के प्रेमी अर्जुन यादव के साथ साथ कई अन्य को भी पुलिस ने संदिग्ध मानते हुए पूछताछ के लिए उठाया है। बुधवार को मृतक महिला की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हेड इंजरी के कारण महिला की मौत होने की चर्चा आम रही। साथ ही साथ यह भी चर्चा आम रही की महिला के साथ रेप की घटना की पुष्टि करने के लिए इस्लाइड बनाकर विधि विज्ञान प्रयोगशाला भेजी गई है जिसकी रिपोर्ट आनी है अभी बाकी है। लेकिन किसी भी प्रकार का कोई आधिकारिक बयान इस मामले में अभी नहीं आया है। वहीं दूसरी ओर जहां पर यह घटना अंजाम दी गई है आसपास क्षेत्र में जनता दबी जुबान में यह बात जरूर करती हुई नजर आ रही है कि मृतका के साथ गैंगरेप की घटना को अंजाम दिया गया था। ज्ञातव्य हो कि बीती 13 नवंबर की रात्रि में थाना काकादेव के बिरहाना क्षेत्र में स्थित एक गर्ल्स हॉस्टल में वार्डन का काम करने वाली 35 वर्षीय महिला वस्त्र विहीन होकर खून से लथपथ संदिग्ध परिस्थितियों में अपने पलंग पर पड़ी पाई गई। परिजन महिला को गंभीर अवस्था में हैलट अस्पताल लेकर इलाज के लिए पहुंचे थे जहां उसकी मौत हो गई थी। पुलिस को इस मामले की जैसे ही सूचना मिली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने घटनास्थल पर पहुंचकर बहुत बारीकी से निरीक्षण किया था। मृतका की बेटी चिल्ला चिल्ला कर अपनी मां के साथ गैंगरेप और उसकी हत्या किए जाने का आरोप लगाती हुई नज़र आई थी तो वहीं दूसरी ओर कोतवाल काकादेव महिला की मौत को बीमारी से होना दर्शाते हुए नज़र आ रहे थे। जिससे साफ प्रतीत हो रहा था कि कोतवाल काकादेव पहले दिन से ही इस घटना को छुपाना चाहते थे। शायद कोतवाल काकादेव को मृतक महिला के कमरों में दीवारों पर लगा हुआ खून नजर नहीं आया था। और जो मृतका की बेटी चिल्ला चिल्ला कर बयान दे रही थी वह बयान भी शायद कोतवाल काकादेव नहीं सुन पाए थे। अभी भी इस मामले में बहुत कुछ पर्दे के पीछे से सामने आना बाकी है। उसी के आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

**बुक स्टॉल पर रहने वाले गोलू की क्या है भूमिका**

थाना काकादेव क्षेत्र के बिरहाना में जहां यह घटना घटित हुई है वहां पर एक नाम गोलू का भी गूंज रहा है। आसपास के लोग दबी जुबान में यह कहते नज़र आए की घटना वाली रात में गोलू जो कि अमन बुक स्टॉल पर रहता है उसे फोन करके मृतका ने अपने पास बुलाया था। मृतका ने उसे रात में पार्टी करने की बात कही थी। सूत्रों की माने तो अमन बुक स्टॉल पर अक्सर मृतक महिला और उसके साथी जमकर दारूबाजी करते थे। लेकिन इस घटना में कोई गोलू नाम का शख्स शामिल है अथवा नहीं इसकी पुष्टि जन एक्सप्रेस नहीं करता।

## कानपुर जेल में बंद भाइयों के माथे पर बहनों ने लगाया भैया दूज का टीका

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर




बीते दिन बुधवार को शहर की जिला जेल में बंद भाइयों को भैया दूज के अवसर पर तिलक लगाने हजारों की संख्या में बहनें पहुंची। इस दौरान जेल प्रशासन ने पहले से ही पूरी तैयारी कर रखी थी और क्रम से बहनों को भाइयों से बैठकर मुलाकात कराई गई। इस दौरान जेल अधीक्षक ने बताया कि चार शिफ्ट में करीब एक हजार बहनों ने भैया दूज के अवसर पर भाइयों से सौहार्दपूर्ण मुलाकात की और किसी को भी किसी प्रकार की परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ा है। बुधवार को पवित्र पर्व दीपावली के बाद भैया दूज में जेल में बंद भाइयों को तिलक करने के लिए बहनें कानपुर जेल पहुंची। बड़ी संख्या में बहनों के पहुंचने की संभावना के चलते जेल अधिकारियों ने पहले से ही सारी व्यवस्था कर रखी थी। भैया दूज पर बहनों को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए अलग से काउंटर बनाए गए। पर्ची बनवाने के बाद बहनें जेल के अंदर पहुंची। कई महीनों बाद अपने भाइयों को देखकर बहुत सी बहनों की आंखे नम हो गई। उन्होंने अपने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर आशीर्वाद दिया। जेल अधीक्षक बीडी पांडेय ने बताया की भैया दूज पर जेल में विशेष व्यवस्था की गई थी। जिससे बहनें अपने भाइयों से खुलकर मिल सकें, उनके बीच कोई बंधन न रहे इसके लिए पूरी व्यवस्था थी। उन्होंने बताया की सुबह से लेकर शाम तक बहनों ने अपने भाइयों से मिलकर उनका तिलक किया है।

## ट्रक की चपेट में आया बाइक सवार

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

बीते दिन भैया दूज के अवसर पर पत्नी और मासूम बच्चों के साथ बाइक से ससुराल जा रहे युवक की बाईक में ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन फाना में राहगीरो ने ट्रक चालक को पकड़ते हुए मामले की जानकारी पुलिस को दी उधर पेट्रोलिंग कर रहे पीएनसी कर्मियों ने घायल को विधनू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां से उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार भौती निवासी अनूप राज उम्र 35 वर्ष अपनी पत्नी व मासूम बच्चे के साथ बाइक से अपनी ससुराल जहानाबाद जा रहा था जैसे ही वह रमईपुर चौराहे पहुंचा तभी पीछे से आ रहे ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी टक्कर लगते ही अनूप राज परिवार समेत हाईवे में जा गिरे जिससे अनूप को गंभीर चोट लग गई। वहीं पत्नी वह मासूम बाल बाल बच गए ट्रक चालक को पड़कर रमईपुर चौराहे में तैनात पिकेट के हवाले कर दिया गया है।

## धूमधाम से निकली भगवान चित्रगुप्त की पारम्परिक शोभायात्रा

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



शहर में बुधवार को रामबाग स्थित चित्रगुप्त धर्मशाला से श्री चित्रगुप्त सभा द्वारा पारम्परिक शोभायात्रा का आयोजन किया गया। इस दौरान शोभायात्रा रामबाग से सीसामऊ, बड़ा चौराहा, प्रेम नगर, पी0 रोड, दुर्गादेवी रोड, बालाजी चौक, अशोक नगर, मोतीझील के रास्ते से होकर लाजपत भवन में समापन हुई। इसके पूर्व श्री चित्रगुप्त सभा के अध्यक्ष प्रतीव निगम द्वारा रामबाग स्थित चित्रगुप्त धर्मशाला में प्रकाण्ड पण्डितों द्वारा हवन पूजन किया गया जिसमें सभी पदाधिकारियों एवं क्षेत्रवासियों ने हिस्सा लिया। प्रतीव निगम ने बताया कि पारम्परिक शोभायात्रा विगत कई वर्षों से निकाली जाती रही है। कोरोना काल के कारण तीन वर्षो से नहीं निकाली गई थी जोकि इस वर्ष दुगने उत्साह से निकाली गयी। शोभायात्रा में कायस्थ समाज की 12 जातियों जैसे निगम, श्रीवास्तव, सक्सेना, खरे, माथुर, अस्थाना आदि के प्रतीक स्वरूप बच्चों का श्रृंगार का बारह घोड़ों पर विराजमान थे। तथा पांच रथों पर श्री चित्रगुप्त दरवार, यमुना जी, श्री चित्रगुप्त, व यमराज को राखी बांधते हुए विष्णु शोभायात्रा में प्रमुख तौर पर अध्यक्ष प्रतीव निगम, शरद निगम सी.ए., पंकज निगम, अरविन्द खरे, अवधेश सक्सेना, गोपाल निगम, अभिमन्यु सक्सेना, शिवाकर पाण्डिया, दुर्गेश परमार्थी सी.ए., चि धर्मेन्द्र श्रीवास्तव सी. ए, चिश महेन्द्र नाथ सी.ए., चि. स्वदेश श्रीवास्तव सी.ए. प्रदीप मोहन चौधरी, चि. संजय निगम फण्ड आफिस, प्रवीन श्रीवास्तव, रवि कुमार निगम, विष्णु सहाय निगम, डा0 अशोक, अमित श्रीवास्तव, स्वदेश निगम, दीपक निगम सुधीर निगम सी.ए., संजय सक्सेना, सौरभ निगम, अतीव निगम, राजीव निगम, राकेश निगम, चि0 सुमन निगम, भावना निगम, गीता निगम, सुशील श्रीवास्तव व कुनुवा फाउण्डेशन द्वारा अपनी सहभागिता की गई।

## साइबर क्राइम पुलिस ने वापस कराए छह लाख

**जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर।** शहर की साइबर क्राइम पुलिस द्वारा आवेदक अमित दूबे पुत्र प्रेम नारायण दूबे कानूनगो छिबरामऊ कन्नौज, द्वारा बीती 27 जुलाई को साइबर क्राइम पुलिस थाने में दिए गए प्रार्थना पत्र के आधार पर मुक़दमा दर्ज कर साइबर ठग द्वारा ऑनलाइन ट्रेडिंग में अत्यधिक लाभ का झांसा देकर आवेदक के आईसीआईसीआई बैंक के खाते से कुल रु 6,01,443/- की धनराशि धोखाधड़ी कर हड़प लिए जाने के मामले त्वरित कार्यवाही करते हुये सम्बन्धित आईसीआईसीआई बैंक, से सपर्क कर संपूर्ण धनराशि लगभग 6 लाख रुपये को पीडित के सोर्स अकाउन्ट में वापस कराया गया है आवेदक रकम को खाते में वापस पाकर अत्यन्त प्रसन्न हुआ व त्वरित कृत कार्यवाही के लिए पुलिस टीम की भूरि-भूरि प्रशंसा की है ।निरीक्षक हरमीत सिंह थाना प्रभारी साइबर थाना कानपुर कमिश्नरेट कानपुर वा उ.नि. आशुतोष विक्रम सिंह, का. प्रदीप कुमार,का. राहुल कुमार भूमिका प्रमुख रही।

## शातिर लुटेरों पर नौबस्ता पुलिस ने की गैंगस्टर की कार्रवाई

*** विरुद्ध गैंगस्टर की कार्रवाई अमल में लाई गई है।**

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

शहर के विभिन्न इलाकों में चेन लूट की घटनाओं को अंजाम देकर सनसनी फैलाने वाले शातिर अपराधियों के विरुद्ध नौबस्ता पुलिस ने गैंगस्टर की कार्रवाई की है। कानपुर पुलिस ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया है कि नगर के विभिन्न थानो में लूट करने वाले अभियुक्तगणों अनुपम पासी पुत्र सूर्यपाल पासी (गैंगलीडर) वा अंशू द्विवेदी पुत्र अनिल कुमार (सदस्य) के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट की कार्यवाही करते हुये मु0अ0सं0 562/ 2023 धारा 3(1) उ0प्र0 गिरोह बन्द व समाज विरोधी क्रिया कलाप निवारण 1986 पंजीकृत किया गया है। गैंग लीडर अनुपम पासी उजो एक संगठित अपराधिक गिरोह बनाकर अपने गैंग के सदस्यों के साथ संगठित गिरोह के सदस्यों व पारिवारिक सदस्यों के आर्थिक भौतिक दुनियाबी आवश्यक्ताओं की पूर्ति हेतु सामूहिक रूप से एकराय होकर सामूहिक रूप से चैन लूट जैसे गैरकानूनी अपराध कारित करते हैं। अपने आपराधिक कृत्यों से आतंक फैला कर समाज विरोधी क्रिया कलाप कर जघन्य अपराध कारित करते है। उनके विरुद्ध गैंगस्टर की कार्वाई अमल में लाई गई है।

**सूचना**

मैं रागिनी मिश्रा मेरा शादी के पहले नाम LATA MISHRA था। अब वर्तमान में नाम RAGINI MISHRA हो गया है। LATA MISHRA व RAGINI MISHRA यह दोनो नाम एक ही महिला के है। वहीं अब मुझे RAGINI MISHRA नाम से जाना व पहचाना जाए।

**सूचनाकत्री**
रागिनी मिश्रा पत्नी राजेश कुमार मिश्रा निवासिनी 106/291, गांधी नगर आर, के नगर कानपुर नगर उत्तरप्रदेश 2080122

## शिक्षा सूर्य तो नही किन्तु सूर्य की चमक से कम भी नहीं : श्यामलाल

जन एक्सप्रेस/सुलतानपुर। विकास खण्ड धनपतगंज के ग्राम सभा मठिया बहादुरपुर में पिछड़ों की बेसिक शिक्षा मजबूत करने के लिए नि:शुल्क मोस्ट पाठशाला की स्थापना की गई। उक्त पाठशाला के संरक्षक उमेश प्रकाश शर्मा व संचालन रमाकांत यादव द्वारा किया जाएगा। उक्त अवसर पर मोस्ट कल्याण संस्थान के निदेशक शिक्षक श्यामलाल निषाद फ्रगुरुजीफ्र ने कहा कि शिक्षा एक ऐसा सूरज है जो अपना प्रकाश मनुष्य पर डालता है और इससे परिवर्तित किरणें न केवल परिवार, समाज, देश बल्कि सारी दुनिया को चमकाती हैं। शिक्षा मनुष्य के अंदर एक ऐसा इत्र है जो अपनी खुशबू से समाज को सुगन्धित करती रहती है, शिक्षा हमें जीवन जीने व आत्मनिर्भर होने की उच्चतम श्रेणी सिखलाती है। इसलिए हमें पिछड़े क्षेत्रों में शिक्षा का प्रसार कर समाज को आत्मनिर्भर बनाना है।

उक्त अवसर पर प्रदेश निर्णायक कमेटी सदस्य रज्जन प्रसाद, मोस्ट प्रमुख लालजी बौद्ध, कृष्णा वर्मा, सिकंदर वर्मा, ध्रुव राज वर्मा, बृजेश वर्मा, संजीव कुमार, दीपू कुमार, रामानुज, कालीचरण यादव, शंकर प्रसाद यादव, निर्भय वर्मा, अब्दुल करीम सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# युवक को बदमाशों ने मारी गोली, इलाज जारी

जन एक्सप्रेस। सुल्तानपुर

करौंदीकला थाना अंतर्गत बांगरखुर्द में बाइक सवार बदमाशों ने जौनपुर के खुटहन थाना अंतर्गत एक युवक को गोली मार दी। गोली युवक के पेट में लगी। जिसे सीएचसी ले जाया गया। जहां से हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने उसे रेफर किया। परिजन उसे जौनपुर के एक निजी अस्पताल में ले जाकर इलाज करा रहे हैं। एएसपी विपुल श्रीवास्तव ने घटनास्थल का निरीक्षण किया है।



जानकारी के अनुसार जौनपुर जिले के खुटहन थाना अंतर्गत ओसरौली गांव निवासी अतुल पाल (18) अपनी दादी दुर्गावती देवी को बाइक से लेकर प्रतापगढ़ के ढकवा इलाके में जा रहा था। जब वो करौंदीकला के बांगरखुर्द गांव के पास पहुंचा तभी वहां बाइक सवार बदमाशों ने उसे गोली मार दी। गोली सीधे अतुल के पेट के बाई ओर लगी और वो वही गिर गया। उधर गोली की आवाज सुनकर आसपास के लोग दौड़ पड़े। तब तक बदमाश मौके से भाग निकले थे। लोगों ने तत्काल घटना की सूचना थाने पर दी। एसओ अकरम खान दल बल के साथ मौके पर पहुंचे। घायल अतुल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने उसे हायर सेंटर के लिए रेफर किया। परिवार वाले अतुल को लेकर जौनपुर के एक निजी अस्पताल में ले जाकर इलाज करा रहे हैं। घटना की सूचना पर अपर पुलिस अधीक्षक विपुल श्रीवास्तव ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। एसओ अकरम खान ने बताया कि जौनपुर में अतुल का अस्पताल में इलाज जारी है।

उसकी हालत बेहतर है।

पीड़ित का बयान लिया जा रहा है तहरीर मिलते ही विधिक कार्रवाई कर जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## सस्ते के नाम पर बिक रही सड़ी प्याज, 25 रुपए किलो बिक रही सरकारी प्याज

**जन एक्सप्रेस/सुल्तानपुर।** मंडी में प्याज की रिटेल 40 रुपए प्रति किलो है। पब्लिक को सस्ती प्याज उपलब्ध हो सके इसके लिए सरकारी प्याज की खेप लदी मैजिक गाड़ियां नगर क्षेत्र में पहुंची तो खरीदारों की भीड़ लग गई। जिस पर सस्ते के नाम पर सड़ी प्याज बिकती दिखी। बता दें कि बुधवार को नगर क्षेत्र के बस स्टॉप, कोतवाली नगर समेत लगभग आधा दर्जन क्षेत्रों में सस्ती प्याज लदी मैजिक गाड़ियां सड़क किनारे पहुंची। गाड़ियों पर लगे बैनर को देख भीड़ चल पड़ी की सरकार से हमें सस्ती प्याज मिल रही है। लेकिन जब गाड़ियों पर प्याज बेच रहे लोगों ने इसकी तौल शुरू की तो हकीकत सामने आई। अधिकतर प्याज सड़ी या काली पड़ चुकी थी। भारत सरकार के बैनर लगी मैजिक पर सड़ी फफूंदी लगी प्याज को देखकर लोगों में रोष दिखा। वहीं खाद्य विभाग के अधिकारी इसकी जांच पड़ताल के लिए नदारद दिखे। उधर अमहट मंडी में मंडी व्यापारियों के अध्यक्ष लईया ने बताया कि यहां 40 रुपए खुदरा में प्याज बेची जा रही है।

# अराजकतत्वों ने गणेश प्रतिमा व पंडाल को किया क्षतिग्रस्त, थाने में दी गई तहरीर

जन एक्सप्रेस। सुल्तानपुर

कूरेभार थाना अंतर्गत भगवानपुर गांव में अराजकतत्वों ने गणेश प्रतिमा व पंडाल को क्षतिग्रस्त कर दिया। जिसे देखकर आयोजन करने वाले समिति में रोष है। आयोजकों ने थाने में प्रधान प्रतिनिधि व उसके साथियों के विरुद्ध थाने में तहरीर दी है। पुलिस मामले में जांच कर रही है।



दरअस्ल कूरेभार थानाक्षेत्र के भगवानपुर गांव निवासी सूर्यभान, प्रदीप गिरी आदि लोगों ने पूर्वांचल एक्सप्रेस वे के अंडरपास के बगल दीपावली के पर्व पर लक्ष्मी गणेश की प्रतिमा स्थापित की थी। जहां से आसपास के गांवों के सैकड़ो लोगो की आस्था जुड़ी है। आरोप है कि बीती रात आयोजक मंडल के सदस्यों द्वारा मूर्तियो की पूजा-आरती के बाद पांडाल को ढक दिया गया और वह सभी घर चले आये। इसी बीच प्रधान प्रतिनिधि पवन यादव पुत्र भगौती निवासी घाटमपुर, शुभम गिरी, अशोक यादव निवासी भगवानपुर ने चाकू से पंडाल के पर्दे को फाड़ते हुए पूजा स्थल पर स्थापित मूर्ति को क्षतिग्रस्त कर दिया। सुबह आयोजको ने मौके पर पहुंचने पर मूर्ति व पंडाल को क्षतिग्रस्त देखा तो सभी लोग आक्रोशित हो गए। विसर्जन से पूर्व मूर्ति क्षतिग्रस्त देखकर आक्रोशित सूर्यभान मिश्र, प्रदीप गिरी व अन्य लोगो ने कूरेभार थाने में नामजद तहरीर देकर आरोपियों पर कार्यवाही की मांग की है। इस सम्बंध में थाना प्रभारी श्रीराम मिश्रा ने बताया कि जांच कर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

## पटाखा विस्फोट मामले में इलाज के दौरान हुई 2 बच्चों की मौत से नाराज ग्रामीणों ने जमकर काटा हंगामा

जन एक्सप्रेस। रायबरेली

विगत दिनों हुए अवैध पटाखों से हुए विस्फोट के 5 दिन बाद इलाज के दौरान दो मासूम बच्चो की मौत से नाराज ग्रामीणों ने जमकर काटा हंगामा। नाराज ग्रामीणों ने सड़क पर उतर कर जताया विरोध। ग्रामीणों को आक्रोश बढ़ता देख पुलिस के फूले हाथ पांव। गांव को छावनी में किया गया तब्दील। भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद। पटाखा व्यवसाई का घर बुलडोजर से गिराए जाने की कर रहे ग्रामीण मांग। आपको बता दें कि पांच दिन पहले सरेनी थाना क्षेत्र के मल्के गांव में बच्चों की मौजूदगी में गांव के ही निवासी मुस्तफा के घर में अवैध रूप से पटाखे बनाने का काम चल रहा था। दोपहर में पटाखा बनाने के दौरान विस्फोट हो गया। विस्फोट इतना जोरदार था कि उसकी चपेट में



आने से गोविंद 10 पुत्र भैया लाल, मनीष 13 पुत्र सर्वेश, सीजा 8 पुत्र कमाल, सौरभ 12 पुत्र रमेश गंभीर रूप से झुलस गए थे। गम्भीर रूप से झुलसे सभी बच्चों को स्थानीय लोग इलाज के लिए सीएचसी सरेनी ले गए जहां उनकी हालत नाजुक होने के चलते जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिनमें से दो बच्चों की बुधवार को इलाज के दौरान मौत हो गई।

## एंटी रोमियो टीम द्वारा चलाया गया निगरानी अभियान

**विभिन्न थानों द्वारा बालिकाओं को किया गया जागरूक**

जन एक्सप्रेस। अमेठी

पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवम अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण में बुधवार को **मिशन शक्ति** अभियान के तहत नारी सुरक्षा,नारी सम्मान स्वावलंबन हेतु महिलाओं एवं बालिकाओं में सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के लिए बालिकाओं एवं महिलाओं को जागरूक किया गया। जनपद के विभिन्न थानों द्वारा अपने-अपने थानाक्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर चौपाल लगाकर महिलाओं को वीमेन पॉवर लाइन, महिला हेल्प लाइन, एम्बुलेंस सेवा, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, पुलिस आपातकालीन सेवा, चाइल्ड लाइन, स्वास्थ्य सेवा तथा थानों पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। तथा महिला सशक्तिकरण से संबंधित शासन की विभिन्न योजनाओं तथा थानों पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में विस्तार से जानकारी देकर व जागरूकता संबंधी पंपलेट वितरित कर जागरूक किया गया। जनपद के विभिन्न थानों की एन्टी रोमियो टीम ने विभिन्न स्थानों पर मनचलों द्वारा छेड़छाड़ व महिला उत्पीड़न की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने के दृष्टिगत सतत निगरानी करते हुए अभियान चलाकर संदिग्धों की चेकिंग की गई।

# चित्रगुप्त धाम पर हुआ सामूहिक कलम पूजन

जन एक्सप्रेस। सुलतानपुर

नगर के सीताकुंड घाट स्थित श्री चित्रगुप्त धाम मन्दिर पर यम द्वितीया पर सामूहिक कलम पूजन हवन व आरती सम्पन्न हुआ। इसके मुख्य यजमान प्रबंधक पवन श्रीवास्तव सपत्नीक रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि लखनऊ के इकाना स्टेडियम का निर्माण करने वाले मशहूर उद्योगपति सुधांशु श्रीवास्तव व विशिष्ट अतिथि के एसडीएम कादीपुर महेंद्र श्रीवास्तव, प्रतापगढ़ व सुल्तानपुर मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ सलिल श्रीवास्तव मौजूद रहे। जीतेन्द्र श्रीवास्तव की अध्यक्षता व संदीप कुमार के संयोजन में मुख्य समारोह का आयोजन किया गया। श्री चित्रगुप्त धाम से जुड़े कार्यकर्ताओं द्वारा कार्यक्रम को चरणबद्ध तरीके से सामूहिक कलम पूजन के साथ महाराज जी की कथा और हवन पूजन कर प्रसाद का वितरण किया गया। समारोह में 5 वरिष्ठ जनों में उर्मिला देवी, सुभद्रा देवी, कमला श्रीवास्तव, कांति देवी व गोपाल मोहन श्रीवास्तव का सम्मान किया गया। इसके साथ ही 5 विशिष्टजनों में चिकित्सा के क्षेत्र में कार्य करने वाले डॉ सिद्धार्थ शरण, समाज सेवा एवं अकाउंट के क्षेत्र में काम करने वाले सौरभ कांत, विधिक सेवा में योगदान देने वाले अधिवक्ता बी.के लाल, समाज सेवा क्षेत्र में योगदान देने वाले स्व डॉ एस. पी. श्रीवास्तव की पत्नी श्रीमती स्नेहलता श्रीवास्तव व शिक्षा, साहित्य एवं समाजसेवा के क्षेत्र में काम करने वाली श्रीमती सुनीता श्रीवास्तव को स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्रम देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, गोमती मित्र मंडल के अधिवक्ता रुद्र प्रताप सिंह मदन, भाजपा नेता रूपेश सिंह सभासद अरुण तिवारी, पूर्व सीएमओ डॉ सीबीएन त्रिपाठी, समाज सेवी बलदेव सिंह, सरदार महेंद्र पाल सिंह, समाजसेवी राकेश सिंह पालीवाल समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## अनिमियता पाए जाने पर दो सचिवों पर एफआईआर

# साधन सहकारी समितियों पर चल रहा गड़बड़झाला

जन एक्सप्रेस। अमेठी

जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने जिले की सर्वाधिक बिक्री वाली चौबीस साधन सहकारी समितियों पर उर्वरक विक्रय की जांच कृषि विभाग एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों द्वारा कराई। सर्वाधिक बिक्री वाली चौबीस समितियां क्रमशः साधन सहकारी समिति दरपीपुर, गुलालपुर, पंडरी, ताला, गडेरी, महाराजपुर, ब्राह्मनी, निगोहा, ओदारी, जमुवारी, टांडा, थौरी, पनियार, चंदौकी, रामबख्शगढ़, भादर, कोटवा, नौखेड़ा, सैम्बसी पिंडरा खरैनी जगदीशपुर, सिंदुरवा एवं दक्खिनगांव पर जांच की गई। जांच के दौरान साधन सहकारी समिति सिंदुरवा एवं दक्खिनगांव में पीओएस मशीन एवं भौतिक उपलब्धता में अंतर पाया गया।जांच में पाई गई कमी के आधार




पर साधन सहकारी समिति सिंदुरवा के सचिव आशुतोष श्रीवास्तव एवं साधन सहकारी समिति दक्खिनगांव के सचिव जितेंद्र कुमार शुक्ला के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। साधन सहकारी समिति चंदौकी के सचिव को भी अधिक उर्वरक विक्रय के क्रम में कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है।

उप निदेशक कृषि एलबी यादव ने बताया कि बृहस्पतिवार सोलह नवंबर को जनपद में 2722 मीट्रिक टन उर्वरक प्राप्त होगी किसानों को खतौनी के आधार पर खाद वितरित की जाएगी।

# गोली कांड और पथराव में नामजद आरोपी गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। अमेठी

पुरानी रंजिश में हुए दो पक्षों में गोलीकांड और पथराव के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्यवाही करते हुए दोनो पक्षों से दस नामजद आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के पास से लाइसेंसी रायफल और एक तमंचा समेत बड़ी मात्रा में जिन्दा कारतूस बरामद हुआ है।पुलिस ने सभी को जेल भेज दिया है।पूरा मामला मुंशीगज थाना क्षेत्र के पश्चिम दुआरा गांव का है। जहाँ दो दिन पहले पुरानी रंजिश में दो पक्षों में जमकर गोलियां चली और पथराव हो गया।विवाद में दोनो पक्षों से कई लोग घायल हो गए। जिनका अलग अलग अस्पतालों में इलाज चल रहा है। मामले में पुलिस में दोनो पक्षों की तहरीर पर कई गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। देर रात पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ बड़ा अभियान चलाया। और दोनो पक्षों से नामजद अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। गांव के रहने वाले रिटायर्ड फौजी संतोष सिंह और गल्लन सिंह में पुरानी रंजिश थी। जिसमें दो साल पहले संतोष की हत्या कर दी गई थी। जिसके बाद दोनो पक्षों में लगातार तनाव बना रहता है। पूरे मामले पर मुंशीगज एसएचओ अखंड देव मिश्र ने कहा कि एक पक्ष से सूरज सिंह, बलवंत सिंह, अभिमन्यु सिंह, अभिषेक सिंह और अथर्व विक्रम सिंह को गिरफ्तार किया गया। जबकि दूसरे पक्ष से उदय प्रताप सिंह, गुरु बचन सिंह, अभय प्रताप सिंह, अनुराग प्रताप सिंह और एक प्राइवेट गनर ओम बाबू को गिरफ्तार किया गया है।

## समाज की जिम्मेदारी है 'हर घर रोशन हो, हर बच्चा मुस्काए' : सेवा भारती

जन एक्सप्रेस/रायबरेली। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सेवा विभाग सेवा भारती ने समाज में जागरूकता फ़ैलाने के साथ संघ के स्वयंसेवक दीपावली मनाने सेवा बस्तियों में जाकर निर्धन वंचित परिवारों को लक्ष्मी गणेश की प्रतिमा के साथ मिठाई दीपक आदि सामग्री वितरित किए संघ के विभाग सेवा प्रमुख गया प्रसाद ने बताया संघ सेवा बस्तियों में सेवा के माध्यम से उनके जीवनस्तर को संवारने कार्य अनवरत करता है सेवा भारती के द्वारा दीपावली पर सामग्री नगर के विभिन्न क्षेत्रों के साथ मुंशी गंज गढी मुतवल्ली मधुपुर से लगीं सेवा बस्तियों में 400 परिवारो सामग्री पहुंचाई गई है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक के जिला प्रचारक अमरजीत ने कहाकि नगर में घुमन्तू जीवन यापन करने वाले परिवार जिनका स्थाई ठिकाना नहीं वो भी समाज का अंग है हमें उनके बीच त्यौहारो में जाना चाहिए उन्हें उपहार व बधाई देना चाहिए।


# कार्यालय नगर पंचायत मछलीशहर, जौनपुर

पत्रांक : 747 दिनांक : 10.11.2023

नगर पंचायत मछलीशहर नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 298 (1) के अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए पालिका बयलाजों के अंतर्गत नगर सीमान्तर्गत समस्त हास्पिटल एवं क्लीनिक प्रसुतिगृह आदि से उत्पन्न होने वाले कूड़ा निस्तारण (रेखांकन) दरो एवं अन्य शुल्को पालिकाहित की दृष्टि से संसोधन करने के उद्देश्य से संसोधन का प्रारूप संयुक्त रूप से तैयार किया गया। जोकि नगर पंचायत मछलीशहर जौनपुर के द्वारा अपने विशेष प्रस्ताव सं० 05 (H) बैठक दिनांक 25-08-2023 के द्वारा स्वीकृत किया जा चुका है। नगर पालिका अधिनियम की धारा 301 (1) के प्रावधानों के अनुसार प्रारूप का प्रसाशन समस्त जनता के सूचनार्थ इस उद्देश्य से किया जा रहा है कि ऐसे समस्त व्यक्ति जिन पर संसोधन प्रारूप का प्रभाव पड़ने की सम्भावना हो, अपनी-अपनी आपत्ति अथवा सुझाव प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के अन्दर पालिका में प्रस्तुत कर दें, अन्यथा निर्धारित समय उपरांत नगर पालिका की अधिनियम धारा 301 (2) के अन्तर्गत शासकीय गजट के अंतिम प्रकाशन की कार्यवाही कर दी जाएगी।

## उपविधि प्रचलित हास्पिटल एवं क्लीनिक प्रसुतिगृह आदि में उत्पन्न होने वाले कूड़ा निस्तारण (रेखांकन) के स्वरूप की मदें

(1) यह उपविधि नगर में प्रचलित हास्पिटल एवं क्लीनिक प्रसुतिगृह आदि में उत्पन्न होने वाले कूड़ा निस्तारण/जुर्माना उपविधि नगर पंचायत मछलीशहर जौनपुर कहलायेगी।

(2) (क) पालिका का तात्पर्य नगर पंचायत मछलीशहर से होगा।
(ख) अधिशासी अधिकारी का तात्पर्य नगर पंचायत मछलीशहर जौनपुर के अधिशासी अधिकारी से होगा।
(ग) अध्यक्ष अथवा प्रभारी अधिकारी का तात्पर्य नगर पंचायत मछलीशहर जौनपुर के अध्यक्ष अथवा प्रभारी अधिकारी होगा।
(घ) बोर्ड अथवा अध्यक्ष का तात्पर्य नगर पंचायत मछलीशहर के बोर्ड अथवा अध्यक्ष से होगा।
(ड.) अधिनियम का तात्पर्य उ0प्र0 नगर पालिका अधिनियम 1916 से होगा।

(3) नगर पंचायत संचलित क्लीनिक (जो मरीज भर्ती नही करते हैं) के कूड़ा निस्तारण हेतु निर्धारित शुल्क 200.00 रू0 प्रतिमाह की दर से जमा कर रसीद प्राप्त करना अनिवार्य होगा।

(4) नगर सीमान्तर्गत संचालित हास्पिटल (जो मरीज भर्ती करते हैं) एवं जिनका बेड 1 से 10 तक की संख्या है का कूड़ा निस्तारण हेतु निर्धारित शुल्क 1000.00 रू0 प्रतिमाह की दर से जमा कर रसीद प्राप्त करना अनिवार्य होगा।

(5) नगर सीमान्तर्गत संचालित हास्पिटल (जो मरीज भर्ती करते हैं।) एंव जिनका बेड 11 से 20 तक की संख्या है का कूड़ा निस्तारण हेतु निर्धारित शुल्क 3000.00रू0 प्रतिमाह की दर से जमा कर रसीद प्राप्त करना अनिवार्य होगा।

(6) नगर सीमान्तर्गत संचालित हास्पिटल ( जो मरीज भर्ती करते हैं। ) एवं जिनका बेड 21 से 30 तक की संख्या है का कूड़ा निस्तारण हेतु निर्धारित शुल्क 9000.00रू0 प्रतिमाह की दर से जमा कर रसीद प्राप्त करना अनिवार्य होगा।

| क्र० सं० | उपविधि प्रचलित हास्पिटल एवं क्लीनिक प्रसुतिगृह आदि में उत्पन्न होने वाले कूड़ा निस्तारण (रेखांकन) के स्वरूप की मदें | प्रस्तावित दरें/शुल्क रु0 में |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | क्लिनिक (जो मरीज भरती नहीं करते हैं) के कूड़ा निस्तारण हेतु निर्धारित शुल्क | 200.00 रु0 प्रति माह |
| 2 | हास्पिटल जिनकी बेड सं0 1 से 10 तक हो के कूड़ा निस्तारण हेतु निर्धारित शुल्क | 1000.00रू0 प्रति माह |
| 3 | हास्पिटल जिनकी बेड सं0 11 से 20 तक हो के कूड़ा निस्तारण हेतु निर्धारित शुल्क | 3000.00 रु0 प्रति माह |
| 4 | हास्पिटल जिनकी बेड सं0 21 से 30 तक हो के कूड़ा निस्तारण हेतु निर्धारित शुल्क | 9000.00 रु0 प्रति माह |

## शास्ति दण्ड

संयुक्त प्रान्त नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 299 (1) द्वारा प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करके नगर पंचायत मछलीशहर यह निर्देश देती है कि इस उपविधि के किसी उपबंधों का भंग की स्थिति में अर्थात यदि किसी हास्पिटल एवं क्लिनिक स्वामी द्वारा यदि कूड़े को अन्यत्र सार्वजनिक स्थान जैसे सड़क या तालाब आदि के किनारे कूड़ा फेंकते पाए गए या सूचना प्राप्त होती है तो ऐसी परिस्थिति में उक्त सीमा के अंतर्गत 2000.00रू0 की दर से जुर्माना शुल्क जमा करना होगा।

(बृजकिशोर सिंह गौर)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत मछलीशहर
जौनपुर

(संजय कुमार जायसवाल)
अध्यक्ष
नगर पंचायत मछलीशहर
जौनपुर

janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive

# लखनऊ एक्सप्रेस

www.janexpresslive.com/epaper | हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | लखनऊ | गुरुवार | 16 नवंबर 2023



**तापमान**

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 39°C | 28°C |
| कानपुर | 40°C | 30°C |
| देहरादून | 28°C | 23°C |
| नई दिल्ली | 40°C | 30°C |

# यूपी में मेडिकल कॉलेजों में खोले जाएंगे स्पोर्ट्स इंजरी डिपार्टमेंट

## डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने दिए निर्देश, हाईटेक तरीके से होगा इलाज

जन एक्सप्रेस | लखनऊ



यूपी के सरकारी मेडिकल कॉलेजों में अब खिलाड़ियों को भी इलाज मिलेगा। इसके लिए सभी मेडिकल कॉलेजों में स्पोर्ट्स इंजरी विभाग खुलेगा। इसमें खेल-कूद के दौरान लगने वाली चोट का इलाज मिलेगा। दूरबीन विधि से ऑपरेशन की सुविधा भी उपलब्ध होगी। अभी प्रदेश के चुनिंदा मेडिकल संस्थानों में खिलाड़ियों के इलाज की सुविधा है। इसमें चत्तरू यानी किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी और मेरठ मेडिकल कॉलेज समेत दूसरे मेडिकल संस्थान शामिल है। खिलाड़ियों को उनके जिले में बेहतर इलाज मुहैया कराने की दिशा में कवायद शुरू की गई है। इस संबंध में सभी मेडिकल कॉलेजों में स्पोर्ट्स इंजरी विभाग खोला जायेगे। इसमें दूरबीन विधि से ऑपरेशन की सुविधा भी होगी। नेशनल मेडिकल कमीशन के मानकों के आधार पर विभाग या यूनिट का संचालन किया जाएगा। इसके लिए कॉलेज प्रशासन से जरूरी कदम उठाने के निर्देश दिए हैं।

### समय पर मिलेगा इलाज

कुश्ती, क्रिकेट, हॉकी, वॉली बॉल, फुटबॉल समेत दूसरे खेलकूद की गतिविधियों में खिलाड़ियों को चोट लग जाती है। समुचित इलाज के लिए खिलाड़ियों को काफी भटकना पड़ता है। इसमें खिलाड़ियों का काफी समय बेकार हो जाता है। समय पर इलाज न मिलने से काफी दिक्कतें होती हैं। दर्द भी सहन करना पड़ता है। सभी मेडिकल कॉलेजों में खिलाड़ियों को इलाज मिलने से काफी राहत मिलेगी। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक कहते हैं कि आम जनमानस के साथ प्रदेश के खिलाड़ियों को भी बेहतर उपचार उपलब्ध कराने की दिशा में प्रयास किया जा रहा है। इसमें ऑपरेशन तक की सुविधा उपलब्ध होगी। इस दिशा में मेडिकल संस्थानों को जरूरी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। डॉक्टर और पैरामेडिकल स्टाफ को प्रशिक्षण भी प्रदान किया जायेगा। चत्तरू और दूसरे संस्थानों में प्रशिक्षण हासिल कर सकेंगे।

# एसजीपीजीआई : दूसरा प्लाज्मा सेल ल्यूकेमिया ट्रांसप्लांट भी हुआ सफल, ब्लड कैंसर से पीड़ित मरीज की बची जान



जन एक्सप्रेस | लखनऊ

एसजीपीजीआई के हिमेटोलॉजी विभाग ने ब्लड कैंसर से पीड़ित मरीज में प्लाज्मा सेल ल्यूकेमिया प्रत्यारोपण कर उसकी जान बचाने में सफलता पाई है। संस्थान में यह दूसरा प्लाज्मा सेल ल्यूकेमिया प्रत्यारोपण है। अब तक यहां दो से अधिक बोन मैरो प्रत्यारोपण किए जा चुके हैं। हेमेटोलॉजी विभाग के बोन मैरो ट्रांसप्लांट (बीएमटी ) यूनिट में मार्च 2023 में रामबाबू मेहरोत्रा (67) नामक मरीज पहुंचा। जांच में उन्हें प्लाज्मा सेल ल्यूकेमिया होना पाया गया। मरीज को सेरेब्रो-वस्कुलर और पार्किंसंन्स की समस्या भी थी। उन्हें कीमोथेरेपी दी गई। इस दौरान निमोनिया होने से स्थिति गंभीर हो गई, लेकिन चिकित्सकों की टीम ने उन्हें विभिन्न एंटी वायरल दवाओं से ठीक किया। ठीक होने के बाद बोन मैरो प्रत्यारोपण की जरूरत बताई गई। काउंसिलिंग के बाद मरीज को आटोलॉगस स्टेम सेल ट्रांसप्लांट (एएससीटी) में लिया गया। हेमेटोलॉजी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डा. संजीव कुमार ने बताया कि प्रत्यारोपण के बाद अब मरीज पूरी तरह से ठीक है और उसे छुट्टी दे दी गई है। विभाग द्वारा यह दूसरा प्लाज्मा सेल ल्यूकेमिया प्रत्यारोपण है। जबकि अन्य तरह के करीब 200 से अधिक बोन मैरो ट्रांसप्लांट किए जा चुके हैं।

### क्या है प्लाज्मा सेल ल्यूकेमिया

हेमेटोलॉजी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डा. संजीव कुमार ने बताया कि प्लाज्मा सेल ल्यूकेमिया एक दुर्लभ रक्त कैंसर है, जिसका परिणाम आमतौर पर बहुत अच्छा नहीं होता है। यह ज्यादातर मामले में अनुवांशिक होता है। संस्थान में हर साल करीब चार से पांच मरीज आते हैं।

### लगातार हो रहा है प्रत्यारोपण

हेमेटोलॉजी विभागाध्यक्ष प्रो राजेश कश्यप ने बताया कि संस्थान में प्लाज्मा सेल विकारों के लिए ओपीडी शुरू की गई है। करीब 500 से अधिक रोगियों का इलाज चल रहा है। उन्होंने बताया कि इस दिशा मे ट्रांसफ्यूज़न मेडिसिन, नेफ्रोलॉजी, रेडियोलॉजी, न्यूक्लियर मेडिसिन और माइक्रोबायोलॉजी की टीम संयुक्त रूप से सहयोग कर रही है।

**ये है प्रत्यारोपण करने वाली टीम**

हिमैटोलॉजी विभागाध्यक्ष प्रो. राजेश कश्यप, एसोसिएट प्रोफेसर डा. संजीव कुमार के अलावा लैब के प्रो. रुचि गुप्ता, डॉ. के रहमान, डॉ. दिनेश चंद्रा, डॉ. मनीष कुमार सिंह, रेजिडेंट डॉक्टरों में डॉ. हर्षल, डॉ. इशिता , सिस्टर इंचार्ज माधुरी स्मिथ आराधना त्रिपाठी, निकुंज तिग्गा, अलका सिंह, मिनिमोल अब्राहम, शीलामणि ज़ालक्सो, दीपशिखा सचान, सिंधु जॉर्ज, रॉबिन्स मैथ्यू, शैली, स्वेता मौर्य, अजीत, शालिनी, स्टेम सेल हार्वेस्टिंग टीम में मनोज कुमार सिंह, आशीष कुमार मिश्रा, पंकज यादव के अलावा ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग से डॉ. अतुल सोनकर, डॉ. धीरज खेतान, रेडियोलोजी टीम से प्रो. हीरा लाल, नेफोलॉजी टीम में प्रोफेसर नारायण प्रसाद, डॉ. मानस पटेल, माइक्रोबायोलॉजी की टीम में डॉ. अतुल गर्ग, डॉ चिन्मय साहू, न्यूक्लियर मेडिसिन की टी में डॉ. मनीष ओरा, डॉ. आफताब नज़र शामिल रहे।

# दीपावली पर एक हजार करोड़ की शराब पी गए प्रदेश के लोग, अकेले लखनऊ में 50 करोड़ की बिक्री



जन एक्सप्रेस | लखनऊ

होली के बाद दीपावली पर भी प्रदेश में शराब की बिक्री ने रिकॉर्ड कायम किया है। इस बार प्रदेश में लोगों ने करीब एक हजार करोड़ रुपये की शराब खरीदी, जिससे शराब कंपनियों के साथ रिटेलर्स की भी जमकर आमदनी हुई। केवल राजधानी में ही करीब 50 करोड़ रुपये की शराब और बीयर की बिक्री हुई है। यूपी लिकर सेलर वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष एसपी सिंह के मुताबिक राजधानी में 26 करोड़ की अंग्रेजी शराब, 16 करोड़ की देसी शराब और आठ करोड़ रुपये की बीयर की बिक्री हुई है। एसोसिएशन के मुताबिक त्योहारों पर शराब और बीयर की बिक्री रोजमर्रा के मुकाबले करीब दोगुना अधिक होती है। इस बार भी दीवाली पर शराब की बिक्री बीते सालों के मुकाबले अधिक हुई है। तमाम शराब कंपनियों ने अपने प्रोडक्ट को बेचने के लिए लुभावने गिफ्ट देकर ग्राहकों को आकर्षित किया। जल्द आबकारी विभाग भी दीपावली के दौरान छह दिनों में हुई शराब और बीयर की बिक्री के आंकड़े जारी करेगा। बता दें कि यूपी में रोजाना करीब 110 करोड़ रुपये की शराब की बिक्री होती है। धनतेरस से भैयादूज तक पूरे प्रदेश में एक हजार करोड़ की शराब और बीयर होने का अनुमान है। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष होली पर तीन दिन के दौरान प्रदेश में 665 करोड़ रुपये की शराब और बीयर की बिक्री हुई थी।

# रालोद की कार्यसमिति की बैठक नौ दिसंबर को, बनेगी लोकसभा चुनाव की रणनीति

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने बताया कि राष्ट्रीय लोकदल द्वारा 2024 लोकसभा चुनाव की तैयारी का स्वरूप एवं आगामी कार्यक्रमों के निर्धारण के लिए राष्ट्रीय लोकदल की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक 9 दिसम्बर को होगी। राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद चौधरी जयन्त सिंह संबोधित करेंगे। प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में पार्टी विधायकों, पूर्व सांसदों, पूर्व विधायकों, क्षेत्रीय मण्डल व जिला व नगर अध्यक्षों तथा प्रकोष्ठों के प्रदेश अध्यक्षों को भी आमंत्रित किया गया है। बैठक में सरकार की किसानों के प्रति उदासीनता और किसानों की दुर्दशा और बदहाली से मुक्ति दिलाने के लिए रणनीति बनाने, गन्ना किसानों को लागत का डेढ़ गुना मूल्य दिलाने व असंतुलित वर्षा के कारण किसानों की क्षतिग्रस्त सूखी फसलों का मुआवजा व किसानों को सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली प्रदान किये जाने से सम्बन्धित प्रस्ताव पर चर्चा की जायेगी। संविधान व लोकतंत्र बचाने की मांग को लेकर पूरे प्रदेश में एक माह तक लोक जागरण अभियान चलायेगा।

# वीरांगना ऊदा देवी पासी के शहादत दिवस पर निकाली गई दीपयात्रा

- केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर ने हजारों कार्यकर्ताओं के साथ दी श्रद्धांजलि
- वीरांगना उदा देवी की वीरगाथा को पाठ्यक्रम में शामिल किया जाये : कौशल

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

1857 के गदर की नायिका वीरांगना उदा देवी पासी के शहादत दिवस की पूर्व संध्या पर केंद्रीय आवास और शहरी कार्य राज्यमंत्री व पारख महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष कौशल किशोर की अगुवाई में वीरांगना ऊदा देवी पासी को श्रद्धांजलि देने के लिए हजरतगंज स्थित गांधी प्रतिमा से सिकंदरबाग चौराहे पर स्थित वीरांगना ऊदा देवी पासी की प्रतिमा तक हजारों लोगों ने कैंडल मार्च निकाला। इस कैंडल मार्च में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ-साथ पारख महासंघ के हजारों कार्यकर्ता और भारी संख्या में महिलाएं शामिल हुई। 1857 ई की क्रांति के दौरान लखनऊ की शासक बेगम हजरत महल की सेना में महिला ब्रिगेड की सेनापति वीरांगना ऊदा देवी पासी ने 36 अंग्रेजों को मौत के घाट उतार दिया था। अंत में वे अंग्रेजों की गोली से शहीद हुईं। 16 नवंबर को उनका शहादत दिवस मनाया जाता है। शहादत दिवस की पूर्व संध्या पर केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर ने जीपीओ स्थित गांधी जी की प्रतिमा से कैंडल मार्च निकाला। कैंडल मार्च का समापन सिकंदरबाग चौराहे पर स्थित वीरांगना ऊदा देवी की प्रतिमा पर मोमबत्तियां लगाकर हुआ जहां वीरांगना उदा देवी की प्रतिमा पर केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर, विधायक मलिहाबाद जय देवी कौशल व विधायक अमरेश रावत द्वारा माल्यार्पण कर नमन किया गया। केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर ने कहा कि जिस तरह से हिंदुस्तानियों ने अंग्रेजों को भारत से भगाया था उसी तरह से भारत से नशे को भी भगाना है और युवा पीढ़ी को नशे के आगोश में जाने से बचाना है। उन्होंने कहा कि वीरांगना ऊदा देवी पासी को सच्ची श्रद्धांजलि तभी मिलेगी जब हिंदुस्तान से नशा खत्म हो चुका होगा इसलिए हमें नशे को हिंदुस्तान से समाप्त करना है।

# डाक विभाग सेवाओं को बना रहा हाई-टेक और कस्टमर फ्रेंडली : पीएमजी

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

डाक विभाग ने ग्राहकों की सहूलियत खातिर क्लिक एन बुक ऑनलाइन सेवा की शुरुआत की है। इस सेवा का उपयोग कर ग्राहक घर बैठे पंजीकृत पत्रों, स्पीड पोस्ट पत्रों तथा पार्सल की बुकिंग कर सकते हैं। प्रयागराज जिले में वर्तमान में सुविधा प्रयागराज प्रधान डाकघर तथा कचहरी प्रधान डाकघर में उपलब्ध है। शीघ्र ही अन्य डाकघरों में भी शुरू होगी।पीएमजी प्रयागराज केके यादव ने प्रयागराज प्रधान डाकघर के विजिट के दौरान व्यक्त किए। पोस्टमास्टर जनरल ने कहा कि नवाचार और नवीनतम टेक्नोलॉजी को अपनाकर डाक विभाग अपनी सेवाओं को निरंतर हाई-टेक और कस्टमर फ्रेंडली बना रहा है। प्रधान डाकघर में सुपर आधार केंद्र, पासपोर्ट, डाकघर निर्यात केंद्र, कॉमन सर्विस सेंटर जैसी तमाम नई सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। अब 5 किग्रा वजन तक के पंजीकृत पत्रों, स्पीड पोस्ट पत्रों तथा पार्सल की बुकिंग हेतु ग्राहकों को डाकघर जाने की आवश्यकता नहीं। इस सेवा का लाभ लेने के लिए ग्राहकों को स्वयं को डाक विभाग के साथ पंजीकृत करना होगा। क्लिक एन बुक ऑनलाइन सेवा की सुविधा के लिए डाक विभाग की वेबसाइट पर ग्राहकों को स्वयं को पोर्टल पर पंजीकृत करना होगा। पंजीकृत करने के पश्चात ग्राहकों को यूजर आईडी एवं पासवर्ड प्राप्त होगा। यूजर आईडी एवं पासवर्ड के माध्यम से लॉगिन करके घर बैठे पंजीकृत पत्रों, स्पीड पोस्ट पत्रों और पार्सल बुकिंग की जा सकती है। इस सेवा के तहत एक बार में अधिकतम 5 पत्रों को बुक किया जा सकता है जिनका अधिकतम वजन 5 किग्रा तक हो सकता है। 500 रूपये तक की बुकिंग चार्ज पर फ्री पिकअप सुविधा उपलब्ध कराई जायेगी तथा 500 रूपये से कम की बुकिंग पर पिक अप सुविधा के लिए 50 रूपये का शुल्क देय होगा। प्रातः 09:30 से पहले बुकिंग करने पर 10 बजे से 13 बजे तक पिक अप किया जाएगा एवं प्रातः 09:30 के बाद बुकिंग पर 13 बजे से 16बजे तक पिकअप किया जाएगा । 12:30 बजे के बाद बुकिंग पर पिक अप सुविधा अगले दिवस में उपलध कराई जायेगी।

# जनवरी तक प्रदेश को मिल जाएंगे 8,085 लेखपाल, 2022 में शुरू हुई चयन प्रक्रिया में आई तेजी

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

प्रदेश को जनवरी तक 8,085 लेखपाल मिल जाएंगे। उप्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूपीएसएसएससी) मुख्य परीक्षा के बाद अभियान चलाकर 27,433 अभ्यर्थियों के दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया पूरी कर रहा है। आयोग के अनुसार इस समय पहली प्राथमिकता परिणाम जारी करना है। गौरतलब है कि राजस्व विभाग में लेखपाल के 8,085 पदों पर चयन प्रक्रिया वर्ष 2022 में शुरू हुई थी। इसके लिए लिखित परीक्षा 31 जुलाई 2022 को आयोजित की गई थी। इसका परिणाम दो मई 2023 को जारी किया गया। इसमें 27,455 अभ्यर्थियों का परिणाम जारी किया गया। पर, इनमें से 22 अभ्यर्थियों को डिबार करते हुए आयोग ने 27,433 अभ्यर्थियों का दस्तावेज सत्यापन 19 सितंबर से शुरू किया है। यूपीएसएसएससी के अध्यक्ष प्रवीर कुमार ने बताया कि हमारे यहां प्रतिदिन 300 अभ्यर्थियों के दस्तावेज सत्यापन की व्यवस्था है। इसे दोगुना से अधिक बढ़ाकर प्रतिदिन 700 अभ्यर्थियों के दस्तावेज सत्यापन किए जा रहे हैं। इस समय आयोग की प्राथमिकता जल्द से जल्द लेखपाल भर्ती परिणाम जारी करने की है। दिसंबर अंत या जनवरी के पहले सप्ताह में परिणाम जारी करने का लक्ष्य रखा गया है। 30 नवंबर तक दस्तावेज सत्यापन पूरा करने के बाद इसकी अन्य औपचारिकता के बाद जल्द परिणाम जारी करेंगे। यूपीएसएसएससी प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पीईटी) का परिणाम भी तैयार करा रहा है। इसका आयोजन 28-29 अक्तूबर को हुआ था। इसमें करीब 14 लाख अभ्यर्थी शामिल हुए थे। छह नवंबर को प्रोविजनल आंसर की जारी कर उस पर 15 नवंबर तक आपत्ति ली गई। यूपीएसएसएससी के सचिव अवनीश सक्सेना ने कहा कि आपत्तियों का निस्तारण कर इस महीने के अंत या जनवरी के पहले सप्ताह तक परिणाम जारी कर देंगे।

# जनजातीय गौरव दिवस को प्रदान किया जायेगा अंतरराष्ट्रीय स्वरूप

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

- जल, जंगल, जमीन बचाने में आदिवासियों का महत्वपूर्ण योगदान : जयवीर

जनजाति लोकनायक बिरसा मुण्डा के 148वें जयन्ती पर संगीत नाटक अकादमी में 07 दिवसीय जनजातीय भागीदारी उत्सव का शुभारम्भ करते हुए पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि जनजातीय गौरव दिवस को अन्तर्राष्ट्रीय स्वरूप देने का प्रयास किया जायेगा जिससे भारत की आदिवासी संस्कृति का वैश्विक स्तर पर आदान-प्रदान हो और एक दूसरे की सांस्कृतिक परम्पराओं, विरासत, मान्यताओं को साझा किया जा सके। भगवान बिरसा मुण्डा के जीवन से प्रेरणा लेते हुए जल, जंगल, जमीन को बचाने के लिए उनके द्वारा किये गये प्रयासों को भावी पीढ़ी तक पहुचाने की जरूरत है।पर्यटन मंत्री ने कहा कि जनजातीय संस्कृति को लखनऊ व आसपास के जनपदों तक पहुंचाने के लिए राज्य सरकार ने इस गौरव दिवस का आयोजन कराया है। भारत सरकार ने बिरसा मुण्डा को सम्मान दिया है। आदिवासी समाज हमेशा से जल, जंगल और जमीन को बचाते हुए देश की एकता,अखण्डता में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। यूपी में लगभग 15 जनजातियाँ निवास करती हैं जिनमें थारू जनजाति की संख्या सर्वाधिक है। लोकनायक बिरसा मुण्डा ने अग्रेजों के खिलाफ संघर्ष किया। आदिवासियों में राष्ट्रीय चेतना का संचार किया। आज का दिन उन्हें स्मरण करने का दिन है। थारू सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण एवंजनसमुदाय को परिचित कराने के लिए बलरामपुर के इमिलिया कोडर में जनजाति संग्रहालय को निर्माण कराया गया है। एक सप्ताह तक चलने वाले कार्यक्रम में 17 राज्यों की जनजातियाँ भाग ले रही है। इसके दौरान उनके विभिन्न उत्पादों को प्रदर्शित किया गया हैआदिवासियों के खान-पान, भेष भूषा, परिधान, खेलकूद, गीत नृत्य संगीत का भी प्रदर्शन होगा। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में समाज कल्याण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार असीम अरूण ने कहा कि यूपी में 14 से 15 लाख आदिवासी परिवार निवास करते है। एक सप्ताह तक विभिन्न राज्यों से आये हुए जनजाति समुदाय रंग-बिरंगे वस्त्रों तथा अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने भगवान बिरसा मुण्डा के योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भगवान बिरसा मुण्डा को सम्मान दिया है। इसके साथ ही आदिवासी समाज का गौरव बढ़ाया है। इसका प्रत्यक्ष प्रमाण द्रोपदी मुर्मू हैं। जो आज देश की सर्वोच्च कुर्सी पर बैठी हुई हैं।श्री अरूण ने कहा कि इस आयोजन के दौरान आदिवासी समाज से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा होगी। उनके स्वास्थ्य, उद्यमिता एवं उद्योग धंधों तथा भविष्य में इन्हें विकास की मुख्यधारा से जोड़ने से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा होगी। उन्होंने इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए संस्कृति पर्यटन सहित अन्य विभागों की सराहना की। दोनों मंत्रियों ने कार्यक्रम का शुभारम्भ नगाड़ा बजाकर किया तथा बिरसा मुण्डा की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर यूपी, छत्तीसगढ़, उत्तराखण्ड, नागालैण्ड, उड़ीसा, राजस्थान, मध्य प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, असम के जनजाति कलाकारों ने रंगारंग नृत्य प्रस्तुत किया।प्रमुख सचिव समाज कल्याण डा हरिओम ने अपने सम्बोधन में कहा कि उप्र के 19 जनपदों में 15 जनजातियाँ निवास करती हैं।

# छठ घाटों पर तैनात रहेगी एंटी रोमियो टीम, सादी वर्दी में मौजूद रहेंगे पुलिसकर्मी

जन एक्सप्रेस | लखनऊ




धनतेरस, दीपोत्सव, दीपावली, गोवर्धन पूजा और भइया दूज के सकुशल संपन्न होने के बाद योगी सरकार अब आगामी छठ पूजा और देव-दीपावली को लेकर अलर्ट मोड में है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर डीजीपी की ओर से प्रदेश के सभी जिलों के पुलिस कप्तानों और कमिश्नरेट के पुलिस आयुक्तों को डाला छठ और देव दीपावली पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने के लिए कहा गया है। घाटों पर महिलाओं और बेटियों की सुरक्षा के लिए विशेष प्रबंध करने के लिए भी निर्देशित किया गया है। छठ घाटों पर भी एंटी रोमियो टीम तैनात करने के निर्देश दिए गए हैं। सभी जिलों और कमिश्नरेट के आला पुलिस अधिकारियों को डाला छठ और देव दीपावली की तैयारियों के संबंध में समीक्षा बैठक करते हुए रिपोर्ट मुख्यालय भेजने के लिए कहा गया है। इसके साथ ही ट्रैफिक रूट डायवर्जन और जाम से निपटने की स्थिति की समीक्षा के लिए भी कहा गया है। डीजीपी की ओर से सख्त निर्देश है कि पर्व-त्यौहार के दौरान यातायात नियमों के विरुद्ध वाहन चलाने वालों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही त्यौहारों की खरीदारी को देखते हुए बाजारों में भी एंटी रोमियो की टीम को हमेशा अलर्ट मोड में रखा जाए। प्रदेश के सभी पुलिस कप्तानों और कमिश्नरेट के आयुक्तों को निर्देशित किया गया है कि वो अपने यहां थानों में लंबित मामलों में समय से विवेचना को निस्तारित कराएं। साथ ही सर्किलवार अपराध समीक्षा गोष्ठी में अपराधों की गहन समीक्षा करते हुए मातहत पुलिसकर्मियों को अभी से निर्देश जारी कर दें। इसके अलावा संवेदनशील मामलों में जिले के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी खुद मौके पर जाकर निरीक्षण करें और रिपोर्ट तैयार करते हुए आवश्यक कार्रवाई तय समय में सुनिश्चित करें। इसके अलावा आईजीआरएस पोर्टल या जन शिकायत पर प्राप्त होने वाले प्रार्थना पत्रों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध ढंग से निस्तारण करें और नियमित फीडबैक प्राप्त करें। साथ ही अपने अपने जिलों के असामाजिक तत्वों की निगरानी में और सख्ती बरतें। आपराधिक प्रवृति के लोगों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करें। गुंडों, माफिया की अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए भी पुलिस कप्तानों और पुलिस कमिश्नरों को निर्देशित किया गया है। यह भी सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है कि निरोधात्मक कार्रवाई, गैंगेस्टर, गुंडा, एनडीपीएस, आबकारी एक्ट के अंतर्गत प्रभावी कार्रवाई थानों के माध्यम से सुनिश्चित कराई जाए। इसके अलावा पुरस्कार घोषित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए प्रयास लगातार जारी रहे। मुख्यमंत्री की ओर से सभी जिलों के पुलिस अधिकारियों को नियमित रूप से जनसुनवाई किये जाने के लिए भी निर्देशित किया गया है साथ ही ऑपरेशन क्लीन, ऑपरेशन त्रिनेत्र, ऑपरेशन कान्वेक्शन आदि अभियानों को लेकर नियमित समीक्षा करने और बाजारों और भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर नियमित फुट पेट्रोलिंग और रात्रि गश्त को बढ़ाने के भी निर्देश दिये गये हैं।

# बसहरी पुल गोमती नदी में महिला का मिला शव, पुलिस जांच पड़ताल में जुटी

जन एक्सप्रेस | पीयूष द्विवेदी



**माल, लखनऊ।** लखनऊ कमिश्नरेट के माल थाना क्षेत्र के अन्तर्गत बसहरी पुल के नीचे गोमती नदी में एक अज्ञात महिला का शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। बता दें कि राहगीरों की सूचना पर माल थाना प्रभारी शमीम खान मय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर महिला के शव को गोमती नदी से बाहर निकलवाया। बता दें कि वहीं माल पुलिस ने पंचायतनामा की कार्यवाही कर मृतक महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए लखनऊ भेज दिया।वहीं मृतक महिला ने बुर्का ब्लैक कलर का व बिछिया एवं हाथों में मेहंदी लगी हुई थी गले में दुपट्टा पड़ा था मृतक शव से कुछ ही दूरी पर चप्पल पड़ी थी। महिला के गले में गला दबाने की निशान भी थे। वहीं पुलिस उपायुक्त पश्चिमी राहुल राज ने बताया कि माल थाना क्षेत्र के गोमती नदी पल के पास एक अज्ञात मृतक महिला का शव मिला है महिला के शव पर चोट के निशान नहीं हैं महिला बुर्का पहने हुई थी जिससे यह प्रतीत होता है कि महिला मुस्लिम है महिला की पहचान नहीं हो पाई है पूरे मामले में पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाहीं की जा रही है।

# जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

### वोकल फॉर लोकल अभियान ने भारतीय बाजारों से चीनी कब्जा पूरी तरह समाप्त कर दिया

**प्रधानमंत्री लोगों से लेन-देन के दौरान यूपीआई डिजिटल भुगतान प्रणाली का अधिक इस्तेमाल करने का आग्रह भी करते हैं क्योंकि एक तो ऑनलाइन भुगतान प्रणाली सरल है, दूसरा इससे हर प्रकार की वित्तीय पारदर्शिता भी बनी रहती है। बहरहाल, दीपावली पर कारोबारी जगत के रिकॉर्ड बनाते आंकड़ों को देखकर और वोकल फॉर लोकल अभियान को मिले भारी जन समर्थन को देखकर प्रधानमंत्री के आलोचक भी प्रभावित दिख रहे हैं और भले घुमा-फिराकर ही सही, वह भी इसकी अपार सफलता को स्वीकार कर रहे हैं।**

*देश हमारा, धर्म हमारा, देवी-देवता हमारे और पर्व-त्योहार हमारे तो पैसा चीन क्यों कमाए? यह सवाल हम इसलिए कर रहे हैं क्योंकि हाल के वर्षों तक भारतीय बाजारों में देखने को मिलता था कि खिलौने से लेकर मोबाइल तक, पर्वों-त्योहारों पर मूर्तियों से लेकर मिट्टी के दीये और अन्य सजावटी सामान तक, डाइपर से लेकर वाइपर तक, टीवी से लेकर कम्प्यूटर तक... सबकुछ मेड इन चाइना मिला करता था। ऐसे में भारतीय व्यापारियों का माल नहीं बिक पाने से उनको तो नुकसान होता ही था साथ ही भारतीय सामान की मांग नहीं होने के चलते श्रमिकों को भी काम नहीं मिलता था। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को आत्मनिर्भर बनाने का अभियान छेड़ते हुए वोकल फॉर लोकल की जो अपील की वह देखते ही देखते एक बड़ा जन-आंदोलन बन गया। सरकारी समर्थन के चलते स्वरोजगार की राह पर भारतीय इतना आगे बढ़ गये कि ऐसे तमाम उत्पाद भारत में ही बनने लगे जोकि कल तक चीन से आयात किये जाते थे। कम लागत और उच्च गुणवत्ता के चलते भारतीय उत्पाद देसी बाजारों के अलावा अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भी छाने लगे गये हैं। भारतीय बाजारों से जिस तेजी से चीनी माल गायब होता जा रहा है उसको देखते हुए कहा जा सकता है कि मोदी ने भारतीय बाजारों से चीन का कब्जा समाप्त करने में सफलता पाई है। आप चाहे शहरों की बात कर लें या गांवों की, हर जगह यही देखने को मिलेगा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वोकल फॉर लोकल और मेड फॉर ग्लोबल या मेक फॉर वर्ल्ड जैसी अपीलें सुपरहिट साबित हुई हैं। आज दीपावली पर जिस तरह ऑनलाइन बिक्री मंचों से लेकर बड़े-बड़े मॉलों, सुपरमार्केटों और स्थानीय दुकानों तक पर सिर्फ और सिर्फ मेड इन इंडिया उत्पादों की मांग है उसने मोदी को वोकल फॉर लोकल अभियान के ब्रांड एंबेसडर के रूप में भी स्थापित कर दिया है। यह मोदी के नेतृत्व का ही कमाल है कि उन्होंने भारतीयों में आत्मनिर्भर बनने का ऐसा उत्साह जगा दिया है कि युवाओं में स्टार्टअप खोलने या अपना व्यवसाय खड़ा करने की होड़ लग गयी है। वोकल फॉर लोकल अभियान की सफलता दर्शाती है कि मोदी भारत के पहले ऐसे प्रधानमंत्री हैं जिनका दिया हर नारा लोगों के बीच असर करता है, मोदी भारत के पहले ऐसे प्रधानमंत्री हैं जो हर भारतीय को एक उद्यमी के रूप में देखना चाहते हैं और इसके लिए लोगों को प्रोत्साहित भी करते हैं। मोदी की अपीलें क्या और कितना असर करती हैं इसका उदाहरण अगर देखें तो प्रधानमंत्री ने रक्षा बंधन से पहले मन की बात कार्यक्रम के जरिये लोगों को वोकल फॉर लोकल मंत्र की याद दिलाई तो बाजार से चीनी राखियां गायब हो गयीं और हर ग्राहक सिर्फ भारतीय राखियां मांग रहा था। नवरात्रि और दीपावली से पहले देश में कारोबार को गति देने के लिए प्रधानमंत्री ने मन की बात में एक बार फिर वोकल फॉर लोकल की याद दिलाई तो चाहे ऑनलाइन सेल हो या स्थानीय बाजारों की महासेल, सभी जगह सिर्फ और सिर्फ भारतीय सामान की ही मांग रही। मोदी चूंकि कुशल संगठनकर्ता भी हैं इसलिए वह अपने हर अभियान से बड़ी संख्या में लोगों को जोड़ना भी जानते हैं। जैसे अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के जरिये उन्होंने पूरी दुनिया को योग से जोड़ दिया। इसी प्रकार वोकल फॉर लोकल अभियान से हर भारतीय को जोड़ने के लिए उन्होंने इस दिवाली पर स्थानीय स्तर पर विनिर्मित उत्पाद खरीदने और उस उत्पाद या उसके निर्माता के साथ एक सेल्फी 'नमो ऐप' पर साझा करने का आह्वान किया जोकि सुपरहिट तो रहा ही साथ ही इसने किसी एक अभियान के दौरान सेल्फी लेने का नया रिकॉर्ड भी बना दिया। साथ ही स्थानीय विनिर्माताओं को जो आर्थिक लाभ हुआ सो अलग है।*

## एक्सप्रेस आलेख

**सुधार से ही समाज में बदलाव आ सकता है। व्यवस्था को संचालित करने वाले हाथ जब तक पवित्र नहीं होंगे, तब तक व्यवस्था को बदलना भी अपर्याप्त होगा। लोकतन्त्र को मजबूत बनाने के लिए योग्य प्रत्याशी का चयन जरूरी है। जिस तरह विभिन्न परीक्षाओं में मापदंड जरूरी होता है, उसी तरह राजनीति में भी योग्यता का मापदंड निश्चित होना चाहिए। वोट उसी को दें, जो ईमानदार हो, नाशमुक्त हो, जातिवादी जुनून और सांप्रदायिक कट्टरता से दूर हो तथा राष्ट्रीय एकता, मानवीय मूल्यों और सामाजिक सौहार्द में जिसका विश्वास हो। व्यक्ति जिस तरह अपनी बेटी का हाथ थमाते समय विचार करता है उसी प्रकार वोट देते समय भी विचार कर ही अपना वोट देना चाहिए।**

# मुद्दा विहीन नजर आ रहे हैं इस बार के विधानसभा चुनाव



ललित गर्ग

**गठबंधनों की बातें ही नहीं हो रहीं, गठबंधनों की रणनीतियां तैयार होने लगी हैं। दलबदल हो रहा है। विभिन्न राजनीतिक दल समीकरण बनाने-बिठाने की जोड़तोड़ में जुट गये हैं। कुछ राष्ट्रीय दलों में घमासान मचा हुआ है, तो कुछ क्षेत्रीय राजनीतिक दलों के लिये ये चुनाव प्रतिष्ठा का प्रश्न बने हुए हैं।**

पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आते जा रहे हैं, चुनावी सरगर्मियां एवं आक्रामकता बढ़ती जा रही है। उम्मीदवारों के चयन, चुनाव जीतने एवं सरकार बनाने को लेकर पूरी आक्रामकता है, लेकिन जनहित के मुद्दों पर गहरा सन्नाटा पसरा है। इन चुनावों में सबसे बड़ी विडम्बना जो हर बार की तरह इस बार भी देखने को मिल रही है, वह है इन चुनावों का मुद्दाविहीन होना और दलबदल की स्थितियों का बढ़चढ़ कर सामने आना। राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, मिजोरम एवं तेलेगाना में अब मतदाताओं के हाथ में राजनीतिक दलों और नेताओं के भाग्य की कुंजी आ गई है। इन चुनावों में भी हर बार की तरह इस बार भी जातिवादी जुनून, सांप्रदायिक कट्टरता और मतदाता को लुभाने-भरमाने की कोशिशें लोकतन्त्र की जड़ों को कमजोर कर रही है। चुनाव का समय सिटीजन ग्रुप्स से मिलकर, उनकी समस्याओं को सुनकर, उनके समाधान के लिये तत्पर होने का है, राजनीतिक दल अपनी जनता की मूलभूत समस्याओं के बारे में पूरी जानकारी लें फिर उन समस्याओं के समाधान का रोडमैप प्रस्तुत करते हुए जनता से वोट मांगें। देखा जाए तो लोकतंत्र की असली अवधारणा भी यही है। लेकिन मौजूदा समय में धनबल और बाहुबल चुनावों में हावी होता जा रहा है, राजनीति कभी सेवा का जरिया हुआ करती थी किन्तु आज व्यवसाय बनती जा रही है, यह चिंता का विषय है और इससे लोकतंत्र की जड़ें कमजोर हो रही हैं। आजादी के अमृतकाल का यह पहला चुनाव है, चुनाव लोकतान्त्रिक प्रणाली के आधार होते हैं। इसी लोकतंत्र के महाकुंभ में लोककल्याण की योजनाओं की चर्चा होती है। राजनैतिक दलों ने चुनावों के अवसर पर लोक कल्याणकारी नीतियां जनता के सामने रखने का प्रचलन शुरू किया जिसे घोषणापत्र कहा गया। हर चुनाव की अलग परिस्थितियां होती हैं अतः घोषणापत्र भी हर बार नये प्रस्तुत किये जाते हैं। लेकिन विडम्बना यह है कि इन घोषणा-पत्रों एवं विजीत दल की सरकार बन जाने के बाद उसकी नीतियों एवं योजनाओं में काफी अन्तर आ जाता है। अतः मतदाता चुनाव के समय जागरूक होकर मतदान करे ताकि उनके साथ किये जाने वाले वायदे यथासंभव पूरे हों। इन पांच राज्यों के चुनावों में मतदाता को दोहरी भूमिका निभानी होगी- घर के मालिक की भी और घर के पहरेदार की भी। मालिक के नाते उसका



**यहां तक कि मतदाता को लुभाने की कोशिशें और उसे भरमाने के प्रयासों से भी राजनैतिक दल उपरत हों, यही वर्तमान की सबसे बड़ी अपेक्षा और एक सशक्त संदेश है। राजा और प्रजा, शासक और शासित की यह व्यवस्था सदैव रही है और सदैव रहेगी। पद्धतियां बदलती रहती हैं।**

कर्तव्य होगा कि वह जनता के हितों के ठेकेदार कहलाने वालों को ठोक बजाकर देखे-परखे। और घर के पहरेदार के नाते उसका कर्तव्य बनता है कि वह सिर्फ जागे ही नहीं बल्कि सतत सावधान भी रहे। इसी जागरूकता और सावधानी का तकाजा है कि वह सत्ता में बैठने के इच्छुक लोगों की कथनी-करनी को विवेक के तराजू पर तोले। चूंकि उसे ही सबसे अधिक खोना और सबसे अधिक पाना है, इसलिए सबसे बड़ी जिम्मेदारी भी उसी की है। इस जिम्मेदारी को मतदाता वैयक्तिक स्तर पर भी निभाएं- अपने आप से यह पूछकर कि उसके वोट देने का आधार क्या होगा। पहला निर्णय तो मतदाता को यह करना होगा कि उसे वोट देना ही है। फिर यह तय करना होगा कि वह 'गलत' के पक्ष में वोट नहीं देगा। जब प्रत्येक मतदाता अपने वोट का प्रयोग बहुत सोच-समझकर करेगा तभी लोकतंत्र मजबूत होगा और तभी सशक्त भारत का निर्माण हो सकेगा। राष्ट्र को समग्र दृष्टि से सशक्त एवं विकसित करना, बढ़ती आबादी की बढ़ती मूलभूत आवश्यकताओं की आपूर्ति करना किसी भी लोकतन्त्र में चुनी गई सरकारों का मूल दायित्व होता है। ये चुनी हुई सरकारें जनता की मालिक नहीं होतीं बल्कि उसकी नौकर होती हैं क्योंकि जनता इन्हें केवल पांच साल के लिए ही देश की व्यवस्था चलाने एवं देश की विकास योजनाओं को आकार देने की जिम्मेदारी सौंपती है। इस दौरान चुनी हुई सरकारें अपनी लोक कल्याणकारी नीतियों को चला कर जनता के प्रति मिले दायित्व को पूरा करने का प्रयास करती है। लोकतन्त्र की बहुराजनैतिक प्रणाली में कभी भी विकल्पों की कमी नहीं रहती है, यह भी इस व्यवस्था की खूबसूरती एवं मौलिकता होती है। इसके चलते ही हमने केन्द्र से लेकर विभिन्न राज्यों में विभिन्न राजनैतिक दलों की सरकारें देखी हैं। प्रत्येक राजनैतिक दल के अपने कुछ मूलभूत सिद्धान्त होते हैं जिनके तहत वे सत्ता में आने पर लोक कल्याणकारी कदम उठाने का दावा करते हैं। ऐसा ही एक लोककल्याणकारी कदम था भारत में प्रत्येक व्यक्ति को दोनों वक्त भोजन करने का अधिकार देना। भले ही यह कदम डॉ. मनमोहन सिंह की कांग्रेस सरकार ने उठाया, लेकिन इसकी प्रभावी क्रियान्विति 2020 में देश में कोरोना संक्रमण काल के समय मोदी सरकार ने की। तब लगभग 80 करोड़ लोगों को प्रतिमाह पांच किलो मुफ्त राशन देने की व्यवस्था की गई। अब इस योजना को प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने पांच साल और आगे जारी रखने का फैसला किया है। इसका मतलब यह हुआ कि लोक कल्याणकारी नीतियां बनाना हर सरकार का प्राथमिक दायित्व होता है। मोदी सरकार ने ऐसी अनेक लोक कल्याणकारी योजनाओं को लागू किया है। प्रांतों में राजस्थान में अशोक गहलोत ने तो मध्य प्रदेश में शिवराज सिंह सरकार ने भी ऐसी अनेक लोककल्याणकारी योजनाएं चुनाव सन्निकट आते देखकर शुरू की है, जिन्हें हम लोककल्याण से अधिक मुफ्त की रेवड़ियां कह सकते हैं। मतदाताओं को जागरूक करने के लिये अणुव्रत विश्व भारती एवं भारतीय मतदाता संगठन ने मतदाता जागरूकता अभियान चला रखा है। जिसका उद्देश्य है कि मतदाता को सोचने को विवश करना कि अपराधी हमारा वोट कैसे पा लेते हैं? राष्ट्र की धन-सम्पदा से खिलवाड़ करने वाले भ्रष्टाचारी हमारे आदर्श कैसे बन जाते है? क्यों हम भ्रष्टाचारियों, अवसरवादियों और अपराधियों को वोट देते हैं और फिर वे हम पर राज करते हैं?

## एक्सप्रेस कविता

*जगमग दीपोत्सव की खुशियों वाली रात की अगली सुबह सुबह गरीब बेसहारा बच्चे नन्हे फटे हाल, बड़े बड़े घरों के लोहे के बड़े बड़े दरवाजे के सामने, बुझे और फूटे हुए पटाखों के कागज के बिखरे हुए अवशेषों से और अध् जलि फुल झड़ीयों में रंग बिरंगी रोशनी खोजते, फटे हाल बच्चे दिवाली के दूसरे दिन किसी अभिजात्य कॉलोनी में फटे बे हाल घूमते हुए दिखाई दे जाएंगे, अर्धनग्न इन नन्हे बच्चों की किस्मत में यह अध् जले पटाखे, फुलझड़ियां और कभी कभी बम भी मिल जाया करते हैं, दिवाली की सौगात समझ खुश हो कर शुभ दीपावली मनाते इन्ही पटाखों के टुकड़ों के साथ दिवाली का दिन मनाने निकल पड़ते हैं इन्हें चमकदार, रोशनी वाली दिवाली, शायद नसीब नहीं होती।*

संजीव ठाकुर

## एक्सप्रेस ज्ञान

*यदि आपके पास ज्ञान है तो उससे आप अपने पास की व्याख्या मत करिये, इससे अपना भविष्य और भी बेहतर बनाइये।*

## आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरूरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथि: | तृतीया 12:33 तक |
| नक्षत्र: | मूल 26:08 तक |
| पक्ष: | शुक्ल |
| वार: | गुरुवार |
| योग: | सुकर्माण, 09:55 |
| सूर्योदय: | 06:47 |
| सूर्यास्त: | 17:22 |
| चंद्रमा: | धनु राशि में |
| राहुकाल: | 13:24-14:44 |
| विक्रमी संवत्: | 2080 |
| शक सम्वत: | 1944 |
| मास: | कार्तिक |
| शुभ मुहूर्त: | 11:44-12:26 |

## जन एक्सप्रेस

### पाने खातिर वोट !

*बोल रहे अपशब्द अब ।*
*पाने खातिर वोट ।।*
*मिल जाए बस मौका ।*
*इसलिए ये चोट ।।*
*बोल कर अब कुछ भी ।*
*होगा रहना व्यस्त ।।*
*बुरा नहीं पर हम ।*
*करते ये आश्वस्त ।।*
*है लेकिन मजबूरी ।*
*करें इसे स्वीकार ।।*
*बढ़ गईं यदि सीटें ।*
*है बड़ा उपहार ।।*
*ज़ोर आजमाईश ।*
*ऐसे चलने वाली ।।*
*ना समझना इसको ।*
*पुलाव पर ख़याली*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# डायबिटीज रोगियों के लिए फायदेमंद होती है फाइबर रिच डाइट

**डायबिटीज** की समस्या इन दिनों तेजी से बढ़ रही है। भारत में बहुत से लोग इस समस्या से पीडित हैं। खराब लाइफस्टाइल, तनाव, खानपान में कमी और फिजिकली एक्सरसाइज न करने की वजह से शरीर का ब्लड शुगर लेवल बढ़ जाता हैं। जिस कारण डायबिटीज की समस्या हो जाती है। डायबिटीज होने पर शरीर के ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल रखना बहुत जरूरी होता हैं क्योंकि ऐसा न करने से कई तरह की बीमारियों का खतरा बढ़ता हैं। बहुत सी क्लीनिकल रिसर्च में ये बात सामने आई हैं कि डायबिटीज मरीज को फाइबर रिच फूड्स का सेवन अवश्य करना चाहिए। फाइबर रिच फूड्स के सेवन से डायबिटीज कंट्रोल होने के साथ एचबीए1 का लेवल भी कम होता हैं। आरएसएसडीआई भारत में प्रत्येक डायबिटीज पीड़ित व्यक्ति को रोजाना 25 से 40 ग्राम फाइबर के सेवन का सुझाव देता है। डायबिटीज मैनेजमेंट में उचित पोषण की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। डायबिटीज से पीड़ित लोगों को न केवल कार्बोहाइड्रेट और चीनी का सेवन कम करना होता है, बल्कि उन्हें फाइबर का इनटेक बढ़ाने की जरूरत भी होती है। डाइट में फाइबर शामिल करने से पेट भरा अनुभव होता है और व्यक्ति ज्यादा खाने से बचता है। पाचन के दौरान फाइबर हमारे पेट से खून में शुगर के एब्जॉर्प्शन की दर को भी कम करता है,



जिससे खाने के बाद का ब्लड ग्लूकोज कम रखने में मदद मिलती है। ज्यादातर डायबिटीज के मरीजों को उनके खानपान से फाइबर की पर्याप्त मात्रा नहीं मिल पाती है। ऐसे में हाई-फाइबर न्यूट्रिशनल सप्लीमेंट और फाइबर फूड्स फाइबर इनटेक की जरूरत को पूरा करने में सहायक हो सकते हैं। हाल ही में स्टार सर्वे में यह बात सामने आई हैं के हाई-फाइबर सप्लीमेंट का सेवन करने से टाइप 2 डायबिटीज के मरीजों को फायदा मिलता है। यह सर्वे 3,042 लोगों और 152 डॉक्टर की देखरेख में किया गया है। जिसमें से 1524 मरीजों पर इसका काफी अच्छा असर हुआ। इस सर्वे में डायबिटीज मरीजों को 2 ग्रूप में बांटा गया है। ऐसे में, जो लोग हाई-फाइबर डाइट का सेवन कर रहे थे। उनका एचबीए1सी कम होने के साथ, वजन कम हुआ, शरीर में एनर्जी का अनुभव और भोजन के बाद ज्यादा लंबे समय तक पेट को भरा हुआ लगा, जिस कारण वह अतिरिक्त खाने से भी बच गए।

### डायबिटीज मरीजों के लिए फाइबर रिच डाइट के फायदे

- डायबिटीज में फाइबर रिच डाइट के सेवन से शरीर का बैड कोलेस्ट्रॉल कम होता है।
- डायबिटीज में फाइबर रिच डाइट के नियमित सेवन से हार्ट भी लंबे समय तक हेल्दी रहता है।
- डायबिटीज में फाइबर रिच डाइट के सेवन से पेट भी लंबे समय तक भरा रहता है, जिससे वजन कम करने में मदद मिलती है।
- डायबिटीज में फाइबर रिच फूड्स के सेवन से पेट में गैस, अपच और कब्ज की समस्या से राहत मिलती है।
- फाइबर एक प्रीबायोटिक के रूप में कार्य करता है, जो आंतों को हेल्दी रखता है।

### डायबिटीज मरीजों के लिए फाइबर रिच डाइट के सोर्स

डायबिटीज मरीज हरी सब्जियां जैसे ब्रोकली, पालक, गाजर, गेंहू, जौं, बाजरा, जामुन, सेब, नाशपाती, बादाम, चिया सीड्स, अलसी और डॉक्टर से पूछकर हाई-फाइबर न्यूट्रिशनल सप्लीमेंट का सेवन कर सकते हैं।

## एक्सप्रेस विशेष

# दीपावली पर भारतीयों ने खरीदे मेड इन इंडिया उत्पाद, चीन को हुआ एक लाख करोड़ का घाटा



-प्रह्लाद सबनानी

**रीयल एस्टेट में बूम का मतलब है कि भारत तेज गति से तरक्की कर रहा है। भारत में आम लोगों की जेब तक पैसा पहुंच रहा है। त्यौहारी सीजन में उछाल सिर्फ रीयल एस्टेट सेक्टर में ही नहीं है, बल्कि अन्य क्षेत्रों में भी लगभग इसी प्रकार का त्यौहारी वातावरण दिखाई दिया है।**

**वर्ष 2023 की दीपावली के ठीक पूर्व के समय में 1.50 लाख घरों की बिक्री प्रदर्शित करती है कि भारत के नागरिकों की आय में तेज गति से वृद्धि हो रही है। वर्ष 2022 की दीपावली के पूर्व 1.47 लाख घरों की बिक्री हुई थी और वर्ष 2021 में यह आंकड़ा 1.14 लाख रहा था। जनवरी 2023 से सितम्बर 2023 तक की अवधि में भी भारत में 2.30 लाख लक्जरी और एफोर्डेबल घरों की बिक्री हुई थी।**

**इस** वर्ष दीपावली त्यौहार के धनतेरस के दिन भारतीयों ने विभिन्न उत्पादों की जमकर खरीद की है। भारतीय अर्थव्यवस्था को तो जैसे पंख लग गए हैं एवं भारतीय अर्थव्यवस्था अब बहुत तेजी से आगे बढ़ रही है। इसी कारण से वैश्विक स्तर पर सकल घरेलू उत्पाद में भारत की भागीदारी लगातार बढ़ती जा रही है। ऐसा माना जा रहा है कि वैश्विक स्तर पर वित्तीय वर्ष 2023-24 के वृद्धिगत सकल घरेलू उत्पाद में भारत की भागीदारी 15 प्रतिशत के आसपास रह सकती है। भारत ने अमेरिका एवं चीन के बाद विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अपने कदम बढ़ा दिए हैं। भारत में आज आम आदमी की आमदनी बढ़ रही है, आम आदमी की तरक्की जारी है एवं इसे और अधिक बेहतर बनाने के प्रयास लगातार हो रहे हैं। इसी के चलते भारतीय बाजारों में दीपावली के पावन पर्व पर भारी भीड़ एवं रौनक दिखाई दे रही है। भगवान धन्वन्तरि भारतीय नागरिकों पर जैसे धन की वर्षा करते नजर आ रहे हैं। भारत में धनतेरस के दिन किसी भी प्रकार के उत्पाद की खरीददारी को शुभ माना जाता है। विशेष रूप से बर्तन, गहने, वाहन एवं मकान आदि भारी मात्रा में खरीदे जाते हैं। इस वर्ष भारतीय बाजारों में एक और शुभ संकेत दिखाई दे रहा है कि भारतीय नागरिक ÷वोकल फोर लोकल÷ एवं ÷आत्म निर्भर भारत÷ जैसे विचार से सहमत होते हुए केवल भारत में निर्मित वस्तुओं की जमकर खरीद कर रहे हैं। रीयल एस्टेट सेक्टर, कार डीलर्स, जौहरियों एवं किराना व्यवसायियों की तो जैसे लॉटरी ही लग गई है। इस वर्ष दीपावली त्यौहार में बाजारों में उमड़ रही भीड़ अपने आप में भारत की आर्थिक शक्ति बनने की कहानी कह रही है। भारतीय ग्राहकों में उत्साह दिख रहा है। ग्राहकों का उत्साह देखकर कारोबारी एवं व्यापारी भी खुश नजर आ रहे हैं। कन्फेडरेशन आफ ऑल इंडिया ट्रेडर्ज एसोसीएशन के अनुसार, इस वर्ष दीपावली के त्यौहारी मौसम में देश में 3.75 लाख करोड़ रुपए का व्यापार हुआ है। इस खरीद की विशेष बात यह रही है कि उपभोक्ताओं में चीन में निर्मित माल के स्थान पर भारत में ही निर्मित स्वदेशी सामान की जबरदस्त मांग देखने को मिली है। जबकि छठ पूजा एवं भैया दूज समेत अभी कई त्यौहार आना शेष है, इस प्रकार आगे आने वाले अन्य त्यौहारों के शुभ अवसर पर 50,000 करोड़ रुपए का अतिरिक्त व्यापार होने की सम्भावना भी व्यक्त की गई है। उक्त संस्थान ने ÷भारतीय उत्पाद- सबका उस्ताद÷ नामक एक कैम्पेन भी भारत में, हाल ही में प्रारम्भ हुए त्यौहारी मौसम के दौरान, चलाया था, जिसका भारतीय नागरिकों पर जबरदस्त प्रभाव दिखाई दिया है। साथ ही इस वर्ष के त्यौहारी मौसम में चीन को लगभग एक लाख करोड़ रुपए के व्यापार का नुकसान हुआ है। क्योंकि, इसके पहले चीन में बनी वस्तुओं की भारतीय बाजारों में 70 प्रतिशत तक बिक्री होती थी परंतु इस वर्ष भारतीय बाजारों में स्वदेशी वस्तुओं की मांग इतनी अधिक थी कि चीन में निर्मित वस्तुओं की बिक्री बहुत ही कम हो गई है। इस वर्ष भारत में दीपावली से सम्बंधित सामान का चीन से आयात नहीं के बराबर हुआ है। एक अनुमान के अनुसार, इस 3.50 लाख करोड़ रुपए के व्यापार में 13 प्रतिशत खाद्य सामग्री एवं किराना की, 9 प्रतिशत ज्वेलरी की, 12 प्रतिशत टेक्स्टायल एवं गारमेंट की, 4 प्रतिशत ड्राई फ्रूट, मिठाई एवं नमकीन की, 3 प्रतिशत होम डेकोर की, 6 प्रतिशत कास्मेटिक्स की, 8 प्रतिशत इलेक्ट्रॉनिक्स एवं मोबाइल की, 3 प्रतिशत भोजन सामग्री एवं पूजा वस्तुओं की, 3 प्रतिशत रसोई एवं बर्तन उपकरण की, 8 प्रतिशत गिफ्ट सामान की, 4 प्रतिशत फर्निशिंग एवं फर्निचर सामान की एवं 25 प्रतिशत ऑटोमोबील, हार्डवेयर सामान, खिलौने सहित अन्य अनेकों वस्तुओं एवं सेवाओं की भागीदारी रही है। भारत में मकानों की बिक्री सम्बंधी आंकड़ों से भी आभास होता है कि भारत में मिडल एवं अपर मिडल क्लास वर्ग की संख्या बढ़ी है। रीयल एस्टेट से जुड़े कारोबारियों का मानना है कि इस वर्ष 1.5 लाख से अधिक लक्जरी और एफोर्डेबल घरों की बिक्री का रिकार्ड बन गया है।

# धुसकिया में हुआ 'जनजाति गौरव दिवस' का आगाज, गवर्नर आनंदीबेन पटेल ने किया शुभारंभ

जन एक्सप्रेस । शाजिफ हुसैन






**लखीमपुर खीरी।** बुधवार को खीरी जिले के सुदूरवर्ती सीमावर्ती जनजातीय क्षेत्र के ग्राम धुसकिया में ÷जनजाति गौरव दिवस÷ का आगाज हुआ,जिसका शुभारंभ राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी के साथ फीता काट कर किया।जनजाति गौरव दिवस÷ कार्यक्रम में शिरकत करने के लिये सूबे की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल अपने निर्धारित भ्रमण कार्यक्रम के अनुसार जनपद खीरी की पलिया हवाई पट्टी पहुंची, जहां डीएम महेंद्र बहादुर सिंह-एसपी गणेश प्रसाद साहा ने पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। इसके बाद गवर्नर का काफिला कार्यक्रम स्थल धुसकिया पहुंचा।गवर्नर ने केंद्रीय मंत्री संग विभिन्न विभागीय स्टालों का अवलोकन किया। इस दौरान थारू जनजाति की महिलाओं-बालिकाओं से एक एक कर मुलाकात कर संवाद किया।एकलव्य आवासीय मॉडल विद्यालय की बालिकाओं ने स्वागत गीत एवं थारू महिलाओं ने थारू होली नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति देकर सभी का मन मोहा। इसके बाद विभिन्न लाभार्थियों को योजनाओं की सौगातें दी। इसके बाद झारखंड में आयोजित पीएम के प्रोग्राम की लाइव स्ट्रीमिंग देखी,सुनी।कार्यक्रम का संचालन सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने किया।राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने जनजाति के उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए बिरसा मुंडा की जन्म जयंती की शुभकामनाएं देते हुए देश के लिए किए गए योगदान व उनके कृतित्व और व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला।उन्होंने कहा कि पीएम के उद्बोधन को आप सभी ने पूरे मन से सुना है। पीएम ने आप सभी के सामने महत्वपूर्ण और जनकल्याणकारी योजनाओं को रखा है,इसका लाभ उठाएं। योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाना अफसर की जिम्मेदारी है। अफसर इस अभियान के जरिए आदिवासी भाई बहनों तक योजनाओं को लेकर पहुंचे। हमारी और प्रधान की समेकित जिम्मेदारी है। 05 वर्ष पूर्ण करने वाले बच्चों को उंगली पड़कर स्कूल तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि कमियों को ढूंढना और दूर करना पड़ेगा। स्टालों के अवलोकन का जिक्र करते हुए कहा कि जब राशन कार्ड का शत प्रतिशत लक्ष्य पूरा है तो आयुष्मान योजना का क्यों नहीं। पूरे प्रयास किए जाएं, जो परिवार बाहर चले गए हैं, वह त्यौहार में घरों को आए होगे। जिम्मेदारीपूर्वक प्रयास करें कि कोई भी पात्र व्यक्ति कार्ड से वंचित न रहने पाए।आदिवासी समाज तक घर-घर जाने की बात हो रही है। यात्रा हमारे गांव कब आने वाली है। इसकी जानकारी अवश्य रखें।ताकि आप योजनाओं का लाभ के लिए दरवाजे पर इनरोल हो सके।

उन्होंने कहा कि आजादी के इतने वर्षों बाद एक महिला को आवास मिला। कितनी खुशी मिलती होगी।उन्होंने कहा कि मैं वर्षों तक मोदी जी के नेतृत्व में काम किया। उन्होंने पीएम ने आज के भाषण में जिक्र किया कि पीएम ने आदिवासी भाइयों का नमक खाया है, जिसे वह आज अदा कर रहे हैं। कठिन परिस्थितियों में थारू जनजाति पूरी सूझबूझ और ताकत से काम कर रही है, यदि उन्हें सहायता मिलेगी तो वह बहुत आगे जाएंगे। उन्होंने निर्देश दिए कि इस क्षेत्र के बच्चों को अच्छे विद्यालयों एवं हॉस्टलों में 15 दिनों के लिए भेजें ताकि वह वहां के तरीकों से अवेयर हो सके।उन्होंने जनजातीय क्षेत्र के लोगों का आवाह्वान करते हुए कहा कि योजनाओं का लाभ लेने के लिए आगे आए और पीएम के इस अभियान से जुड़े। चिकित्सा, शिक्षा एवं बाल विकास विभाग संकल्पित होकर बच्चों की सभी जांच एवं टीकाकरण को सुनिश्चित कराए। ग्राम प्रधान विकास कार्य के पैसे को सदुप्रयोग करें। गांव की आंगनवाड़ी को आदर्श एवं संसाधन युक्त बनाएं। पीएम द्वारा दिए गए चार स्तंभों के हिसाब से घर-घर तक लाभ पहुंचे, इसे मिलकर सुनिश्चित कराए। उन्होंने विश्वास जताया कि अफसर और ग्रामीण मिलकर इस संकल्प को पूरा करने की साकार करेंगे।

# हत्यारोपी से पुलिस की मुठभेड़ आरोपी को किया गिरफ्तार

* पुलिस व क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीम ने पैर में गोली मारकर पकड़ा, एसडीएम आवास के सामने की थी हत्या

जन एक्सप्रेस । सुनहरा



**लखीमपुर खीरी।** कोतवाली मितौली क्षेत्र में 6 नवंबर को एसडीएम मितौली के आवास के सामने युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई गई।आरोपी को पुलिस ने रात 2÷00 बजे के आसपास मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पर 25000 रुपए का इनाम घोषित था।गोली मारकर फरार हुए अभियुक्त की तलाश के लिए पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा ने आरोपी पवन पुत्र बाबूराम निवासी जम्हौरा थाना नीमगांव को गिरफ्तार करने के लिए 25000 का इनाम भी घोषित किया था। गिरफ्तारी के लिए कई टीम लगाई गई थीं। पुलिस को मुखबिर की सूचना पर फरार चल रहे आरोपी की लोकेशन मिली।जानकारी मिलते ही पुलिस ने घेराबंदी कर दी। आरोपी ने पुलिस पर फायर कर दिया। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में अभियुक्त के पैर में गोली लगी। पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया और उसके पास से आला कत्ल भी बरामद कर लिया। 6 नवंबर को हत्या करके फरार हुए आरोपी की तलाश में पुलिस और क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीम में लगी हुई थी।

### भागने के दौरान गिरी बाइक

पुलिस को देखकर आरोपियों ने भागने की कोशिश की। भागने के दौरान बाइक गिर गई तो पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस के द्वारा हवाई फायरिंग कर चेतावनी दी गई, लेकिन आरोपी ने फायरिंग जारी रखी। पुलिस के द्वारा आत्मरक्षा के लिए गोली चलाई गई जो पवन के दाहिने पैर में लग गई। उसे सीएससी मितौली भेजा गया, जहां से उसे जिला चिकित्सालय लखीमपुर खीरी रेफर कर दिया गया। उसके कब्जे से एक तमंचा और 3 जिंदा कारतूस व दो खोखा,कीपैड मोबाइल और एक बाइक बरामद हुई है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### बाबा परमहंस के निर्वाण दिवस के अवसर पर खीर पूड़ी के प्रसाद का किया गया वितरण

**जन एक्सप्रेस/महमूदाबाद( सीतापुर।** पालिका क्षेत्र के बन्नी वार्ड स्थित श्री श्री 1008 बाबा परमहंस जी के निर्वाण दिवस के अवसर पर प्रबन्ध समिति के ओर से बाबा परमहंस को खीर पूडी का भोग लगाकर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे का शुभारम्भ सुंदरकांड के पाठ के पश्चात कुमारिका भोज के साथ हुआ। भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। श्री 1008 श्री परमहंस धाम के पुजारी पंडित संजय मिश्र ने बताया कि जमघट के ही दिन बाबा परमहंस जी ने समाधी ली थी। उसी याद में सुबह आठ बजे से रामचरित मानस के सुंदर कांड का अखंड पाठ सम्पन्न हुआ। सुंदर कांड के पश्चात कुमारिका भोज के साथ भंडारे का शुभारम्भ हुआ। इस अवसर पर समिति के उमाशंकर शुक्ल ने सहयोगियों के साथ बाबा जी की समाधि को आकर्षक फूलों से सजाया तथा समिति के आंजनेय आशीष वाजपेयी ने बाबा परमहंस को पसंद भोज खीर पूडी का भोग लगाकर भंडारे का आयोजन किया। पूर्व चेयरमैन सुरेश वर्मा, मिथिलेश वाजपेयी, नरेश जायसवाल, अजितेश दुबे, विकास त्रिपाठी, अनुज गुप्त, अमित वाजपेयी, विनोद पाण्डेय, वीरेंद्र वर्मा, पीयूष शुक्ल, ओम प्रकाश विश्वकर्मा, नरेंद्र पांडेय, आशीष रस्तोगी, मुन्ना त्रिपाठी सहित सैकड़ो भक्तों ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया।

### 15 से से 21 नवम्बर तक आवागमन पूर्णत प्रतिबंधित : एसपी

**जन एक्सप्रेस/लखीमपुर खीरी।** एसपी गणेश प्रसाद साहा ने बताया कि पीडब्ल्यूडी-एनएच डिविजन ने बताया है कि 15 से 21नवम्बर तक रेलवे ओवरब्रिज पर बड़ी-बड़ी मशीनों से स्टील गाटर लॉन्चिंग का काम किया जाएगा।ऐसे में सुरक्षा की दृष्टि से इस तरफ आवागमन पूर्णत प्रतिबंधित किया जाता है ।साथ ही साथ ऐसे छोटे वाहन (कार,जीप ,बुलेरो, मैजिक,ई रिक्शा आदि) जो राजापुर चौराहे से खीरी तिराहा होते हुए रेलवे पटरी के बगल से अमृत सरोवर होते हुए एलआरपी को जाते थे उनका भी आवागमन इस दौरान प्रतिबंधित किया जाता है। इस मार्ग (अमृत सरोवर मार्ग ) पर केवल मोटरसाइकिल,साइकिल अथवा पैदल यात्री ही आवागमन कर सकेंगे इस मार्ग के खुलने पर सूचित किया जाएगा ।यह जानकारी आपकी सकुशल यात्रा व सुरक्षा की दृष्टि से दी जा रही है।

### 104वां ऐतिहासिक रामलीला मेले का शुभारंभ

**जन एक्सप्रेस/सिंगाही खीरी।** कस्बे में होने वाले 104वां ऐतिहासिक रामलीला मेले का शुभारंभ बुधवार को भूमि पूजन के साथ हुआ। इस दौरान पं प्रशांत पांडे ने वैदिक मंत्रोच्चारण के किया ।इसके बाद दौरान बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे तहसीलदार भीमचन्द ने धरती का पूजन कर मेले का शुभारंभ किया। भूमि पूजन दौरान तहसीलदार भीमचन्द ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज को नई दिशा और बुराइयों से दूर रहने की प्रेरणा मिलती है। भगवान श्रीकृष्ण एवं श्रीराम की लीलाओं को देखकर सीख मिलती कि जब-जब बुराई करने वाले लोग तैयार होते है उनका अंत कहीं न कहीं होता ही है। मेला महामंत्री प्रवीण शाह ने बताया 15 नवम्बर से शुरू होने वाला मेला 7 दिसम्बर तक चलेगा मेले में रावण वध 2 दिसंबर को किया जाएगा। भूमि पूजन होने के साथ ही तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। स्टालों की बुकिंग हो चुकी है और सांस्कृतिक कलाकार की टीम भी तैयार हो चुकी हैं। इस दौरान पूर्व नगर चेयरमैन उत्तम कुमार मिश्रा, डॉ एमआर सेठी, श्रीराम सिंह, नृपराज शाह, सचिंद्र शाह, तुषार पांडे सभासद प्रतिनिधि आफाक हुसैन नरेंद्र गुप्ता, थानाध्यक्ष जितेंद्र बहादुर सिंह सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।



### पागल कुत्ते ने दो दर्जन लोगों को काटा मचा हड़कंप

**जन एक्सप्रेस/सिदाकत मंसूरी/मोहम्मदी खीरी।** कस्बा में एक पागल कुत्ते ने दो दर्जन लोगों को काट लेने से हड़कंप मच गया। इलाज के लिए परिजनों ने सरकारी अस्पताल और प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया है। एक लोग की हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल शाहजहांपुर रेफर किया गया है। कस्बा में बुधवार को पीडी इंटर कॉलेज के समीप एक आवारा पागल कुत्ता अचानक हमलावर हो गया। जिसने लगभग दो दर्जन लोगों को दौड़ाकर काट कर जख्मी कर दिया। परिजनों ने आनंन-फानन फलन में सरकारी अस्पताल में भर्ती कराने के लिए दौड़े। कस्बे में भैया दूज के त्यौहार पर लगी भारी जाम के चलते इलाज के लिए अस्पताल ले जाने में लोग घंटे जूझते रहे ब मुश्किल काफी समय बाद अस्पताल तक पहुंचने पर इलाज शुरू किया गया। जिसमें शकील, मो अली, रवि, मंगल, वसीम, संदीप गुप्ता, चांदनी, मो अलीश ,अतीक, शान ,अंजला, समीन ,सब्बन को काटकर जख्मी कर दिया। जिसमें समीन निवासी मोहल्ला सरैया की हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल शाहजहांपुर रेफर किया गया है। उधर घटना को लेकर नगर पालिका प्रशासन ने टीम बनाकर आवारा कुत्तों को पकड़ने का अभियान चलाया है।

### भैया दूज के पावन पर्व पर बहनों ने भाइयों की लंबी उम्र और उनके उज्ज्वल भविष्य की प्रार्थनाएं

**जन एक्सप्रेस/लखीमपुर खीरी।** हर वर्ष की हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भाई दूज पूरे भारत में बड़ी परियों श्रद्धा के साथ मनाया गया। भारत की सांस्कृतिक एवं धार्मिक विरासत भाई बहन के पावन रिश्ते का प्रतीक है भाई दूज का ये शुभ त्योहार, जिसमे बहनों की दुआओं में सिर्फ भाइयों के लिए हजारों खुशियां शामिल होती है। हर भाई अपनी बहन की आँखों में राजकुमार का नूर सा प्रतीत होता है ऐसे पवित्र बंधन का प्रतीक पर्व भैया दूज पूरे भारत में बड़े भारत में बड़ी खूबसूरती के साथ मनाया गया।



# इक़बाल अकरम वारसी के नाम एक अजीमुश्शान मुशायरे का हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी



कस्बा खीरी अंतर्गत मदरसा सुल्ताने हिन्द में खीरी के राष्ट्रीय प्रख्यात शायर इक़बाल अकरम वारसी के सम्मान में एक शाम इक़बाल अकरम वारसी के नाम एक अजीमुश्शान मुशायरे का आयोजन किया गया।

ज्ञात हो विगत दिनों इक़बाल अकरम वारसी को ग़ालिब अकेडमी दिल्ली में नेशनल उर्दू टीचर राष्ट्रीय अवार्ड से सम्मानित किया गया था।

जिससे उनके दोस्तों और क़स्बे में एक ख़ुशी का माहौल बना हुआ है। इसी अवार्ड के सिलसिले में सय्यद सलमान रिज़्वी, डाक्टर एहराज, अरमान, आमिर रज़ा पम्मी पत्रकार ने क़स्बे के शायरे आजम इक़बाल अकरम वारसी को सम्मानित करने के लिए यह अजीमुश्शान मुशायरा आयोजित किया। मुशायरे की सदारत उस्ताद शायर डाक्टर शफी सीतापुरी ने की। मुख्य अतिथि समाज सेवी शकील ख़ान साग़र और वरिष्ठ अधिवक्ता लहरपुर बार एसोसिएशन तहसील लहरपुर के सीनियर उपाध्यक्ष ज़ेड आर रहमानी रहे। मुशायरे में शिरकत करने वाले शायर डाक्टर दाऊद मलिहाबादी ने पढ़ा मस्जिद की सीढ़ियों पे बहुत जोर जोर से इक बाप कह रहा था की बेटे बदल गये, उमर हनीफ़ ने कहा वफ़ा ख़ुलूस का पैकर मियाँ इक़बाल अकरम हैं। जहाँ हो बात उर्दू की वहां इक़बाल अकरम हैं। फ़राज़ अंसारी ने कहा सीरत गुलाब जैसी महकती है आपकी, क़स्बे की शान बान हैं इक़बाल वारसी, इनके अलावा निहाल रज़ा, इमरान बरकाती, नफीस वारसी, नवाज़ रिज़्वी, आफताब ख़ान, बल्लू रिज़्वान हरगांवी, बशर हरगांवी, मुबीन लहरपुरी, मन्सूर महवर, और सैफुल इस्लाम ने अपना कलाम सुनाया। मुशायरे के आयोजक आमिर रज़ा पम्मी ने कहा मुशायरे क़ौमी एकता की परवरिश करते नफरतों को मिटाते हमारे क़स्बे को यह फ़ख़ हासिल है। कि हमें इक़बाल अकरम वारसी जैसा शायर मिला जो हमारे इलाक़े में उर्दू अदब को ज़िंदा किए हुए हैं।सय्यद सलमान रिज़्वी ने कहा कि आज इक़बाल अकरम वारसी को वह मुक़ाम हासिल हो चुका। कि पूरे हिन्दोस्तान में अगर खीरी का कहीं ज़िक्र होता है तो इक़बाल अकरम वारसी के सबब आज न सिर्फ हिन्दोस्तान बल्कि सरहदों से बाहर जहाँ जहाँ उर्दू या हिन्दी बोली पढ़ी जाती वहां वहां इक़बाल अकरम वारसी जाना व पहचाना जाता है।वारसी को अठहत्तरवाँ प्राप्त हुआ है जो हमारे क़स्बे के लिए बहुत फ़ख़ की बात है।मुशायरे की सदारत कर रहे डाक्टर शफी सीतापुरी ने अपने सदारती खुत्बे में कहा बेशक विगत कई दहाई से इकबाल अकरम उर्दू अदब की ख़िदमत करते आ रहे हैं। और आज जो क़स्बे में यह अदबी माहौल है यह सब इनकी ही कोशिश है। इससे पहले इक़बाल अकरम वारसी को उत्तराखंड के हरिद्वार और मंसूरी में साहित्यिक सम्मान से सम्मानित किया जा चुका है। मुशायरे का संचालन सय्यद सलमान रिज़्वी ने किया।

इस अवसर पर क़स्बे के कई लोगों ने उनको सम्मानित किया। आयोजक आमिर रज़ा पम्मी ने शाल और स्मृति चिन्ह पेश कर हसीन अहमद वारसी ने स्मृति चिन्ह वरिष्ठ अधिवक्ता ज़ेड आर रहमानी और रेहान रज़ा टंडन ने शाल और डायरी पेश कर उनका सम्मान किया। शादाब रज़ा ,अय्यूब ग़ौरी, बबलू कुरैशी, इस्लाम वारसी ,फ़ुरकान मंसूरी ,वारिस अली ,कयास अहमद अंसारी, समेत दर्जनों लोग उपस्थिति रहे।

### जतिन ने जिले का पीएचडी प्राप्त कर बढ़ाया गौरव

**जन एक्सप्रेस/लखीमपुर खीरी।** जतिन गुप्ता पुत्र सुनील गुप्ता निवासी टीचर्स कालोनी लखीमपुर खीरी को वाणिज्य विषय में डॉक्टरेट की उपाधि रुहेलखंड विश्वविद्यालय के 21 वें दीक्षांत समारोह में प्राप्त हुई । डा जतिन गुप्ता ने अपना शोध कार्य एन एनालिटिकल स्टडी ऑफ पेमेंट एंड सेटलमेंट सिस्टम इन इंडिया विषय पर प्रो डा मनीष गुप्ता के सानिध्य में किया । डा जतिन गुप्ता ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता पिता ,गुरुजनों एवम मित्रगणों को दिया है।




# जिला स्तरीय युवा उत्सव 23-24 में कलाकारों ने दिखाई अपनी प्रतिभा

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी



युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल/प्रादेशिक विकास दल विभाग की ओर से जिला स्तरीय युवा उत्सव 23-24 का आयोजन अटल सभागार खंड विकास अधिकारी कार्यालय लखीमपुर में आयोजित किया गया। जिसमें ब्लाक प्रमुख दिव्या सिंह मुख्य अतिथि के रूप में रही। इसमें विभिन्न विकास खण्डों से प्रतिभागियों में एकल एवं सामूहिक कला में प्रतिभाग किया। लोकगीत एकल विद्या में अखिलेश, प्रथम पवन मौर्य द्वितीय,अंजना तृतीय रही। लोकगीत समूह विद्या में अखिलेश प्रथम अमित पटेल,श्रेयसी सिंह, प्रिया मिश्रा, साक्षी वर्मा, समीक्षा पटेल, नैना पाठक, मान्या गुप्ता की टीम को प्रथम तथा मनीषा, शालिनी गौतम, राधा, स्नेहा गुप्ता, प्रियांशी, कीर्ति, शिवानी, खुशबू, हिमांशु और पवन मौर्य की टीम को द्वितीय स्थान मिला। कहानी प्रतियोगिता में दुर्गा प्रसाद प्रथम अलका गुप्ता द्वितीय अंजली सिंह तृतीय स्थान पर रही। तो भाषण प्रतियोगिता में अंकित वर्मा ने श्रेष्ठ स्थान प्राप्त किया पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में अल्का गुप्ता प्रथम फरीदा बेगम द्वितीय वही फोटोग्राफी में सर्वजीत सिंह की फोटो को अव्वल स्थान प्राप्त हुआ। एकल विद्या में निखिल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा रिचा एवं शालिनी ने क्रमशः द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त तबला पर हिमांशु निषाद, हारमोनियम पर पवन मौर्या, मयंक गौड़, ने अपनी कला का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका में राजेंद्र प्रसाद तिवारी, (कंटक) दीनानाथ झा, डॉ.रुचिरानी रस्तोगी,अंकित रस्तोगी, एवं एस जी मिश्रा,रहे। कार्यक्रम के अंत में विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र व पुरस्कार वितरित किए गए। प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागी अब मंडल पर प्रतिभाग करेंगे। प्रतियोगिता को संपन्न करने में युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग लखीमपुर खीरी के समस्त कामचारियो ने सारहनीय योगदान प्रदान किया।

### औषधि निरीक्षक सहित छह से जवाब तलब

**जन एक्सप्रेस/हरदोई।** मुख्यमंत्री की फ्लैगशिप वाली योजना-कार्यक्रमों में समयबद्ध लक्ष्य पूर्ति सुनिश्चित कराई जानी है। इसकी सीएम डैश बोर्ड पर नियमित समीक्षा की जा रही है। सीएम की फ्लैगशिप की योजना-कार्यक्रम जैसी महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक में छह अफसरों की गैरहाजिरी पर डीएम ने नाराजगी जाहिर की। गैरहाजिरी पर औषधि निरीक्षक सहित सभी छह अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। सीएम के फ्लैगशिप से जुड़े कार्यक्रमों व योजनाओं के लिए वार्षिक व मासिक लक्ष्य जारी किए गए हैं। डीएम एमपी सिंह ने बताया कि लक्ष्य पूर्ति के साथ ही जनकल्याण से जुड़े कार्यों की नियमित समीक्षा की जा रही है। कुछ अधिकारी इसमें लापरवाही बरत रहे हैं। बताया कि समीक्षा बैठक में गैरहाजिरी पर औषधि निरीक्षक, सामाजिक वानिकी वन एवं वन्य जंतु प्रभाग के प्रभागीय निदेशक (डीएफओ) सहकारिता के सहायक आयुक्त को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए है।

### जन्मदिन पार्टी में युवक की गोली मारकर हत्या




जन एक्सप्रेस । हरदोई

लवकुश गांव स्वालेहपुर निवासी धर्म सिंह का पुत्र था। बताया जा रहा है कि गांव में दीपावली की रात पटाखे चलाने के दौरान लवकुश व उसके परिजनों का गांव के ही लाखन सिंह, राजू, उदयवीर आदि से झगड़ा हो गया था। मंगलवार को भी दोनों पक्षों में फिर से विवाद हुआ, तब भी लोगों ने बीच बचाव कर दिया था। मंगलवार की शाम लवकुश के तहेरे भाई अजय कुमार का जन्मदिन था। लवकुश और उसके परिवार के लोग दावत में शामिल थे। इसी दौरान बाइक सवार हमलावर वहां पहुंचे और लवकुश के सिर में गोली मार दी। लहुलूहान लवकुश अचेत होकर गिर गया। परिजन उसे लेकर सीएचसी पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर सीओ मोहसिन खां, इंस्पेक्टर रणजीत चौधरी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। सीओ ने बताया कि युवक की हत्या की बात सामने आई है इसमें कौन लोग शामिल हैं जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर घटना का खुलासा किया जाएगा।

### मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत महिलाओं व बालिकाओं को किया गया जागरूक



जन एक्सप्रेस । सीतापुर

पुलिस अधीक्षक सीतापुर के निर्देशन में ÷मिशन शक्ति÷ अभियान के अंतर्गत जनपद के समस्त थानों की महिला सुरक्षा पुलिस दल द्वारा अपने अपने थाना क्षेत्र के गाँवों,भीड़भाड़ वाले स्थानो,बाजारों,मुख्य मार्ग आदि पर पहुंचकर महिला,बालिकाओं के सशक्तिकरण हेतु उनसे सीधा संवाद स्थापित किया जा रहा है। स्कूली छात्राओ से उनकी किसी भी समस्या को बेझिझक साझा करने एवम् उनकी गोपनीयता बनाये रखते हुए पुलिस सहायता के विषय में बताया गया। शासन द्वारा जारी हेल्प लाइन नम्बर, 1090,112,1076,1098,108, की विस्तृत जानकारी देते हुए संकट के समय इनके प्रयोग व विभिन्न साइबर अपराधों से सतर्कता,बचाव के लिये 1930 हेल्प लाइन नंबर के बारे मे बताते हुए जागरूक कर मोश नंबर तथा सीयूजी नंबर पर संपर्क करने हेतु बताया गयाद्य इस दौरान अनावश्यक रूप से इधर उधर घूमते हुए संदिग्ध प्रतीत होते व्यक्तियो की चेकिंग,चेतावनी दी गयी।

# शिक्षा से बढ़ कर कोई दूसरा पुण्य काम हो ही नहीं सकता : काजिम हुसैन संस्था संस्थापक

जन एक्सप्रेस । सीतापुर



स्थानीय मदरसा अल्लामा फ़ज़ले हक़ खैराबादी मेमोरियल कालेज में बाल दिवस के उपलक्ष्य में आज आयोजित बाल मेले का फीता मदरसे की एक कक्षा छः की छात्रा ने फीता काट कर किया उद्घाटन इसके बाद संस्था अध्यक्ष एवं प्रबंधक नजमुल हसन शोएब मियां ने बच्चों एवं शिक्षकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि शिक्षा से अधिक कोई भी ज़रूरी काम नही है संस्था संस्थापक काजिम हुसैन ने कहा कि हमे पूरी मेहनत और लगन से अपना कार्य करना चाहिए चाहे पढ़ने का काम हो या पढ़ाने का हो क्योंकि इससे पुनीत और कोई कार्य हो ही नही सकता प्रोग्राम की शुरुआत तिलावते कुरान पाक और बाद में पण्डित जवाहर लाल नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण किया गया था संस्थापक श्री हुसैन ने पंडित जवाहरलाल नेहरू के विषय मे विस्तार से बताया गया । क़ारी इस्लाम अहमद आरफ़ी एवम सिराजुल हसन खान ने कहा कि शिक्षा वो दौलत है जो कभी भी इंसान को ग़रीब नहीं होने देती हमेशा उसमे वृद्धि ही होती है और उसको अमीर बनाती रहती है मदरसा के उप प्रधानाचार्य एहतिशाम आलम ने सभी का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया जबकि संस्था के प्रधानाचार्य अब्दुल हफीज ने भी बच्चों का उत्साह वर्धन किया बाल मेले में बच्चों ने तरह तरह की दुकानें लगाईं और शिक्षा प्रद स्टाल भी लगाए।इस अवसर पर समस्त स्टाफ़ मौजूद था कार्यक्रम में सहयोग करने वालों में प्रधानाचार्य अब्दुल हफ़ीज़,सिराज अहमद,कामरान खान, हाफिज इकरामुल हक,उमैर आजाद, अकील अहमद, रुबीना परवीन, निकहत जहां, कौसर जहां,अमर जहां, महविश अंसारी, नसरीन बानो, जकिया बेगम महिमा रानी, आदि।

# मिनी वृंदावन के गोवर्धननाथ जू मेले का हुआ शुभारम्भ

**जन एक्सप्रेस । महोबा**

धार्मिक और ऐतिहासिक महत्व वाले गोवर्धननाथ जू के 140 वें मेले का शुभारम्भ हो गया। मिनी वृन्दावन के नाम से चर्चित चरखारी कस्बे के इस सुप्रसिद्ध मेले का शुभारम्भ एमएलसी और सदर विधायक ने किया है। एक माह तक चलने वाले इस मेले की शुरूआत होते ही चरखारी कस्बा वृंदावन के माहौल जैसा दिखने लगा है। शहर मे स्थित मंदिर से गोवर्धन पर्वतधारी भगवान कृष्ण और राधा को रथ मे सवार कर मेला स्थल लाकर स्थापित किया गया।



कस्बे मे भगवान कृष्ण के 108 मंदिर है, जिनकी मूर्तिंया भी यहॉ लाकर स्थापित की गई है। मेले मे विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम नगर पालिका द्वारा आयोजित कराए जायेगें। जिसकी तैयारी को लेकर व्यापक इंतजाम पालिका प्रशासन द्वारा किए गए लेकिन इस मेले को राजकीय मेले का दर्जा न मिल पाने के कारण लोगो के मन मे टीस भी है। ते वही सदर विधायक ने भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से इस ऐतिहासिक मेले को राजकीय मेला किए जाने की मांग की है।

वृंदावन मय भई चरखारी जी हां बुंदेलखण्ड का कश्मीर कहे जाने वाला चरखारी आज वृंदावन जैसा नजर आ रहा है। इसी चरखारी मे 108 भगवान कृष्ण के मंदिर है, इसलिए इसे मिनी वृंदावन भी कहा जाता है। दीपावली पर्व के बाद होने वाले इस मेले का ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व है। 1883 मे कृष्ण भक्त चरखारी रियासत के राजा मलखान जूदेव ने गोवर्धन मंदिर की स्थापना की थी। इस मंदिर मे भगवान कृष्ण राधा की अष्टधातु की मूर्ति स्थापित है। दीपावली के दूसरे दिन गोवर्धन पूजा से शुरू होकर एक माह चलने वाले मेले को लेकर चरखारी मे कृष्ण भक्तों का भारी हुजूम उमड़ आता है। भगवान कृष्ण और राधा की मूर्ति को रथ मे सवार कर मेला मंदिर मे स्थापित किया गया। जहॉ मुख्य पुजारी सहित अन्य पुरोहितों ने विधि विधान के साथ अनुष्ठान कर गोवर्धन पर्वतधारी कृष्ण और देवी राधा और बलराम की प्रतिमाओं को स्थापित कराया तो वही इस मौके पर यजमान के रूप मे एमएलसी जितेन्द्र सिंह सेंगर और सदर विधायक राकेश गोस्वामी मौजूद रहे। यह 140वां मेला है, जिसकी शुरूआत वैदिक पत्रो के साथ हो गई है।

## तमंचा-कारतूस के साथ जिलाबदर गिरफ्तार



**जन एक्सप्रेस/कुठौद।** थाना पुलिस ने भ्रमण के दौरान जिला बदर को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से तमंचा बरामद किया गया। कुठौद थानाध्यक्ष कमलेश कुमार प्रजापति पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में चैकिंग करने में लगी हुई थी। इसी दौरान मुखबिर द्वारा क्षेत्र में घूम रहे जिला बदर की भनक लगी। भनक लगते ही पुलिस ने मुखबिर के बताए ठिकाने पर दविश डालकर ग्राम मदारीपुर के पास पीएस जनमेजय गेस्ट हाऊस के सामने खड़े छह माह के लिए जिलाबदर किए गए रवि नारायण उर्फ बड़ेलला निवासी ग्राम रंधीरपुर कुठौद को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उसके पास से एक तमंचा व कारतूस बरामद कर लिया। पकड़े गए आरोपी के विरुद्ध पुलिस ने संबंधित कार्रवाई कर चालान कर दिया।

# फरियादियों की एसपी ने सुनी समस्याएं, न्याय का दिया भरोसा

**जन एक्सप्रेस । महोबा**

जनपद महोबा में पीड़ित, शिकायतकर्ता की समस्याओं के समुचित एवं समयबद्ध निस्तारण हेतु पुलिस अधीक्षक, जनपद महोबा द्वारा एसपी कार्यालय में प्रतिदिन जनसुनवाई की जा रही है। जनता की समस्याओं के समाधान के क्रम में पुलिस अधीक्षक द्वारा फरियादियों, जनसामान्य की समस्याओं को एक-एक करके गम्भीरता पूर्वक सुना गया तथा जनता की समस्याओं के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने के लिए सम्बन्धित को मौके पर जरिये दूरभाष आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।




जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों के सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक द्वारा सम्बन्धित को आदेशित किया गया कि मौके पर जाकर शिकायतों की तत्काल, निष्पक्ष व न्यायोचित जांच कर विधिक निस्तारण सुनिश्चित करें, लापरवाही की सूचना पर सम्बन्धित के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की चेतावती प्रदान की गयी साथ ही शिकायतकर्ता से समय-समय पर जनसामान्य की समस्याओं के निस्तारण के सम्बन्ध में फीडबैक लिये जाने सम्बन्धी आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

## एसपी ने आठ थानेदारों के कार्यक्षेत्र में किया बदलाव

**जन एक्सप्रेस । उरई**

एसपी ने जिले कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त करने को लेकर बुधवार दोपहर को एक बार फिर फेर बदल कर दिया। जिसमें आठ थानेदारों के कार्यक्षेत्र में बदलाव कर दिया है।

पुलिस अधीक्षक डॉ. ईरज राजा ने जिले की कानून व्यवस्था को दुरुस्त कर अपराधियों की कमर तोड़ने के लिए महकमें में बड़ा बदलाव कर दिया। जिसमें इंस्पेक्टर संजय गुप्ता को पुलिस लाइन से प्रभारी निरीक्षक थाना एट नियुक्त किया। इंस्पेक्टर भीमसेन पौनिया को पुलिस लाइन से प्रभारी थाना रामपुरा बनाया, तो वही पुलिस लाइन से ही निरीक्षक रणविजय सिंह प्रभारी थाना कोटरा की जिम्मेदारी सौपी है। इसके अलावा पुलिस लाइन मे ही तैनात निरीक्षक राम प्रकाश को प्रभारी थाना नदीगांव नियुक्त किया है। साथ ही एसपी ने प्रभारी ऑपरेशन दृष्टि की जिम्मेदारी निभा रहे निरीक्षक निगवेन्द्र प्रताप सिंह को प्रभारी थाना रेढ़र बनाया है, इसके अलावा माधौगढ़ कोतवाली मे अतिरिक्त निरीक्षक की जिम्मेदारी निभा रहे इंस्पेक्टर अजय ब्रहम तिवारी को प्रभारी थाना सिरसाकलार नियुक्त किया है।

वही कुछ माह पहले एट थाने मे नियुक्त हुए निरीक्षक कामता प्रसाद पर एसपी ने भरोसा जताते हुए उन्हें कोतवाली प्रभारी कालपी नियुक्त किया है। साथ ही बीते कई महीनो से एक ही थाने की कमान सभाले उपनिरीक्षक वरुण प्रताप को रेढर थाने से हटाकर मीडिया सेल भेजा है।

# ससुर ने बहू के नवजात को चार लाख में बेचा, ससुर हिरासत में-पूछताछ जारी

**जन एक्सप्रेस । महुआडीह/देवरिया**

बिहार के पूर्णिया जिले की रहने वाली युवती की शादी महुआडीह थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक से हुई है। युवक बिहार में ही काम करता है और अपनी पत्नी के साथ रहता है। गर्भवती पत्नी के प्रसव का समय नजदीक आने पर युवक ने उसे अपने माता-पिता के पास गांव भेज दिया। उसने 25 सितंबर-23 की सुबह 8 बजे जिला महिला अस्पताल में बेटे को जन्म दिया। दो दिनों तक बच्चा महिला के पास सही सलामत रहा। इसके बाद उसके ससुर बच्चे का इलाज कराने की बात कहते हुए लेकर चले गये। अस्पताल से डिस्चार्ज होने पर जब महिला ने ससुर से बच्चे के बारे में पूछा तो उसने कहा कि बच्चा गंभीर बीमारी से पीड़ित था और उसकी मौत होने पर कुर्ना नाले के किनारे दफन कर दिया।

उनकी कहानी को सच मानकर महिला बिहार अपने पति के पास चली गयी। बाद में महिला को पता चला कि उसके सास, ससुर ने मिलकर गांव की आशा के हाथों बच्चे को चार लाख रूपये में बेच दिया है। इसके बाद महिला का पति अपने भाई के साथ गांव पहुंचा और पिता से कड़ाई से पूछताछ की। इसके बाद खुलासा हुआ कि महिला के सास-ससुर ने नवजात को गांव की आशा के हाथों चार लाख रूपये में बेच दिया है, बच्चा उसके पास सही-सलामत है। पीड़ित महिला ने महुआडीह थाने में सास, ससुर, अजियासास व आशा के खिलाफ तहरीर दी। थाने के उप निरीक्षक बृजानंद यादव ने मंगलवार को इसकी जांच शुरू की। उन्होंने पीड़ित महिला, उसके सास, ससुर तथा बच्चे समेत आशा को थाने पर बुलाया। उपनिरीक्षक पुलिस बल के साथ सभी को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। जहां पर रिकार्ड की जांच में पता चला कि महिला को 25 सितंबर की सुबह बच्चा हुआ था और दो दिन बाद उसके ससुर खुद को बच्चे का पिता बताते हुए इलाज कराने लेकर गये थे। पूछने पर उसने बताया कि इलाज के दौरान बच्चे की मौत हो गयी और उसे कुर्ना नाले के किनारे दफन कर दिया। लेकिन जब पुलिस उसे लेकर कुर्ना नाला के किनारे दफन वाले स्थल पर पहुंची तो वहां पर कोई निशान नहीं मिलने पर उसके झूठ की पोल खुल गयी। पुलिस ने निर्धारित स्थल को चिन्हित करने के बाद महिला के ससुर को लेकर थाने चली गयी, जहां पर उससे पूछताछ की जा रही है।

## जुए को लेकर हुआ विवाद, मौके पर पहुंची पुलिस

**जन एक्सप्रेस । आटा**

थाना क्षेत्र के ग्राम सुनेहटा में जुए के फड में किसी बात को लेकर दो लोगों में विवाद हो गया। घटना की खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा मामले की बारीकी से जांच पड़ताल की गई। वहीं पीड़ित द्वारा प्रधान पुत्र व उसके साथियों पर फायरिंग करने का आरोप लगाया जा रहा है। थाना क्षेत्र के ग्राम सुनेहटा निवासी मूलचंद गाव मे मंगलवार को एक जगह जुआ खेल रहा था। बताया गया है कि तभी मौके पर वर्तमान प्रधान का पुत्र अमित राजपूत आ गया, और दोनों में किसी बात को लेकर जुए के फड़ में विवाद हो गया। मूलचंद का आरोप है कि अमित व उसके साथियों ने उस पर फायरिंग शरू कर दी, जिससे वहा मौजूद सभी लोगों मे दहशत का माहौल बन गया। इतना ही नहीं बल्कि बताया कि वह डरकर दूसरे के घर मे घुस गया। सूचना पर आटा थाना प्रभारी निरीक्षक अर्जुन सिंह मौके पर पहुचे तब तक आरोपी मौके से भाग निकले थे। फिलहाल पीड़ित ने अभी तक थाने मे तहरीर नही दी है, और पुलिस आरोपियों की तलाश कर है। इटौरा चौकी इंचार्ज रजत से फ़ोन पर जानकारी ली गई। जिस पर चौकी प्रभारी ने कहा कि उन्हें मामले की जानकारी नही है। जबकि थाना प्रभारी निरीक्षक रात में ही मौके पर जांच कर रहे थे। ग्रामीणों का कहना है कि दीपावली के समय आए दिन जगह जगह जुए के फड़ लगते है। लेकिन पुलिस पकड़ने में असमर्थ है।

## जनजाति लोकनायक बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर 'जनजाति भागीदारी उत्सव' मनाया गया

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

जनजाति लोकनायक बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान लखनऊ, संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश, जनजाति विकास विभाग, उत्तर प्रदेश, पर्यटन विभाग उत्तर प्रदेश, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान उत्तर प्रदेश लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में **जनजाति भागीदारी उत्सव** मनाया गया। लखनऊ में आयोजित इस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण विकास भवन के गांधी सभागार में किया गया। जनजाति लोकनायक बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर विकास भवन के गांधी सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान भगवान बिरसा मुंडा के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन, माल्यार्पण और पुष्प अर्पण कर जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। भगवान बिरसा मुंडा के महान व्यक्तित्व को नमन करते हुए, स्वतंत्रता आंदोलन में उनकी अविस्मरणीय भूमिका को याद किया गया। राष्ट्र धर्म को सर्वोपरि बताते हुए भगवान बिरसा मुंडा और अन्य स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के जीवन से सीख लेने की अपील की गई। देश को सशक्त और समृद्ध बनाने के लिए सजग नागरिक की भूमिका निभाने का आह्वान किया गया। वहीं, गुलामी की मानसिकता को पीछे छोड़ते हुए, भारतीय परंपराओं, आदिवासी संस्कृति और पर्यावरण के संरक्षण का संकल्प दिलाया गया। इस अवसर पर परियोजना निदेशक अनिल कुमार ने कहा कि बिरसा मुंडा जैसे महान क्रांतिकारियों के जीवन से हम सभी को प्रेरणा लेना चाहिए। ब्रिटिश शासन ने जनजातीय समाज को उनकी इच्छानुसार खेती करने से पृथक करते हुए अपनी जमीन से विस्थापित होने को बाध्य किया। जंगल काटे गए और उन्हें खदेड़ दिया। तब बिरसा मुंडा ने एक क्रांति की शुरुआत की अंग्रेजों के विरुद्ध विद्रोह का बिगुल फूंका। उन्होंने सामाजिक कुरीतियों एवं बुराइयों से दूर रहने का संदेश दिया।

## भाभी ने देवर पर लगाया दुष्कर्म का आरोप

**जन एक्सप्रेस । महोबा**

भाभी ने देवर के विरूद्ध लगाया दुष्कर्म का आरोप। सदर कोतवाली पुलिस ने आरोपी देवर को बंदी बनाकर भेजा जेल। सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पसवारा निवासी बंसता पुत्र अस्सू कुशवाहा ने बताया कि मेरी भाभी व भईया चल अचल सम्पत्ति को हड़प करने की नियत से मेरे ऊपर दुष्कर्म जैसा घिनौना आरोप लगाया है। मामले मे अपने आप को पूरी तरह निर्दोष बता रहा है। बसंता ने बताया कि मेरी पत्नी के कोई संतान नही हो रही थी इस कारण मैने अपने नजदीकी रिस्तेदार की बच्ची को गोद ले रखा है।

इसी कारण मेरी भाभी बुंदियां पत्नी छिद्दू कुशवाहा ने सदर कोतवाली पहुॅचकर मेरे विरूद्ध दुष्कर्म जैसा घिनौना अपराध दर्ज कराया है। उन्होने कहा कि पुलिस सही तरीके से जांच पड़ताल करती तो मुझ जैसे व्यक्ति को बिन अपराध जेल नही जाना पड़ता। वही दूसरी ओर बसंता की भाभी बुंदियां बलात्कार का आरोप लगा रही है।

## तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**जन एक्सप्रेस/उरई।** सड़क हादसे में घायल हुए युवक को गंभीर हालत में उपचार के के लिए मेडिकल कॉलेज लाया गया। जहां पर उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जिला हमीरपुर के ग्राम कस्बा खेड़ा राठ निवासी प्रकाश 26 वर्ष पुत्र खेमचंद्र अपने गांव के पास ही बाइक से जा रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे वह उछलकर सड़क पर गिर गया और घायल हो गया। घटना के बाद वहां ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। जिन्होंने उसकी पहचान कर घटना की सूचना उसके परिजनों को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पंहुचे परिजन मेडिकल कॉलेज उरई ले आए। जहां पर उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची शहर कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिवार के लोगों बताया कि वह घर में सबका लाड़ला था। उसकी मौत से घर में मातम छाया हुआ है।

# नृत्य के साथ युद्ध कला में भी दक्ष बनाती है बुंदेलखंड की दीवारी

**जन एक्सप्रेस । विजय प्रताप सिंह**

**महोबा।** दीपावली के मौके पर समूचे विंध्य अंचल में धूम मचा देने वाला दीवारी नृत्य बुंदेली लोक संस्कृति की वह महत्वपूर्ण विधा है जिसमे नृत्य के साथ युद्ध कला का अनूठा मिश्रण है। पुरुष प्रधान इस नृत्य के नर्तक में शारीरिक फिटनेस के साथ चपलता के महत्वपूर्ण गुण का समावेश होता है जो उसे रण कौशल में दक्ष बनाता है। हालांकि सरकारी संरक्षण के अभाव में यह अप्रतिम नृत्य कला अब अंतिम सांसे गिन रही है।



बुंदेलखंड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत में दीवारी लोकनृत्य का अहम स्थान है। दीपावली के अवसर पर इसकी खासी धूम रहती है। धन समृद्धि की देवी लक्ष्मी और बुद्धि के देवता गणेश के पूजन के उपरांत दीपों के प्रज्वलन के साथ ही जगह-जगह यहां ढोलक की थाप एवं नगड़िया की टनकार के साथ दीवारी नृत्य की शुरुआत होती है तो इसकी अनुगूंज सुन कर शौकीन दौड़े चले आते है। इस दौरान लोक साहित्य की अनुपम धरोहर चोकड़िया छंद में सजे दीवारी गीत विशेष रूप से लुभाते है। तो नर्तकों की कलाबाजियां और दन्ड युद्ध समा बांध देता है। दीवारी गायन में किसी एक विशेष गायक की भूमिका नही होती है, अपितु टोली का कोई भी व्यक्ति चोकड़िया की तान देकर शुरुआत कर देता है। चोकड़िया गान पूरा होते ही वाद्ययंत्रों की धुन पर नर्तकों में थिरकन शुरू हो जाती है जो संगीत के रफ्तार पकड़ते जाने के साथ ही गतिमान होती जाती है। दीवारी के नर्तक में शारीरिक बल, कौशल एवम स्फूर्ति होना आवश्यक है।

दीवारी नृत्य का सृजक भगवान कृष्ण को माना जाता है। कहते है कि वह जब अपने सखाओं के साथ गायों को चराने के लिए वन में जाते थे तब वहां फुरसत के क्षणों में मौज मनोरंजन के लिए खेलकूद व नृत्य करते थे। दीवारी नृत्य समूह में किया जाता है। जितने अधिक लोगो की इसमें भागीदारी होती है उसमें उतना ही आकर्षण होता है। दीवारी नृत्य में गीत की तान छिड़ते ही वाद्ययंत्रों के मधुर संगीत में नर्तक अपनी शारीरिक कलाओ का जब प्रदर्शन करता है तब वह देखते ही बनता है। उसके करतबों को देख लोग दांतो तले उंगलियां दबा लेते है। नृत्य के दौरान दीवारी खेलने वाले युवा (दन्ड चालन विधा) लाठी चलाने के अपने हुनर का अद्भुत प्रदर्शन करते है। इसमें आठ से दस लोगो से घिर जाने पर अकेले व्यक्ति द्वारा लाठी से अपना बचाव करते हुए दुश्मन का सामना करने का उपक्रम बड़ा रोमाचक अनुभव कराता है।

बुंदेलखंड के दीवारी लोक नृत्य ने देश-दुनिया मे अपना परचम फहराया है। इसके कलाकारों ने विभिन्न क्षेत्रीय और राष्ट्रीय मंचो पर अपनी विशेष छाप छोड़ी है। महोबा के दीवारी नृत्य कलाकारों ने दिल्ली की गणतंत्र दिवस परेड में अपनी कला प्रतिभा का प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। किंतु दीवारी नृत्य व उसके नर्तकों को सरकारी स्तर पर उचित संरक्षण न मिलने के कारण यह कला ऊंचाइयां नही पा सकी। दीवारी नृत्य के माध्यम से बुंदेलखंड की शोहरत को बुलंदियों तक पहुंचाने वाले महोबा के नामचीन कलाकार कहते है कि शासन सत्ता में पर्याप्त भागीदारी न रहने के कारण बुंदेली लोक कलाओं को उनका उचित मुकाम हासिल नही हो सका। बुंदेलखंड का आल्हा, फाग, दीवारी आदि में गजब का आकर्षण होने के बावजूद इन्हें उच्च स्तर पर पैरवी नही मिल सकी। जिस कारण यह आगे नही बढ़ सके।


**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/टीआरडी/हज़रतगंज, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रारूप पर निम्नलिखित कार्यों के लिए मुहरबंद खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| ई-निविदा सूचना सं. | टीआरडी-14-सीनि०डी०ई०ई०-लखनऊ-23 | | |
| कार्य का नामः | लखनऊ मंडल के विद्युतीकृत खंड में रेट्रो रिफ्लेक्टिव नंबर प्लेटों की आपूर्ति एवं निर्माण का कार्य। | | |
| अनुमानित लागत | ₹2,36,85,551.72 | बयाना राशि | ₹2,68,400/- |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 महीने | | |
| निविदा फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि व समय तथा खोलने की तिथि | दिनांक 08.12.2023 को 15:00 बजे तक तथा खुलने का समय उसी दिन 15:00 बजे के बाद | | |
| प्रस्ताव की वैधता | निविदा खुलने की तिथि से 60 दिन | | |
| उत्तर रेलवे की वेबसाइट | अतिरिक्त सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर चेक की जा सकती है। | | |
| पात्रता मापदण्ड | निविदाकर्ता तब तक निविदा डालने योग्य नहीं है जब तक कि वह निम्नलिखित पात्रता मापदंड पूरा नहीं करता: 1. निविदाकर्ता का न्यूनतम औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार वी/एन या 'वी' जो भी कम हो होना चाहिए; जहां वी = निविदा का विज्ञापित मूल्य करोड़ रुपये में; एन= कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षों की संख्या जिसके लिए बोलियाँ आमंत्रित की गई हैं। 2. निविदाकर्ता पिछले सात वित्तीय वर्ष (निविदा के आमंत्रित करने के एक महीने पहले के अन्तिम दिन तक); "कम से कम एक समान प्रत्येक तीन कार्य का 30 प्रतिशत न्यूनतम विज्ञापित राशि का कार्य किया हो" या "कम से कम एक समान प्रत्येक दो कार्य का 40 प्रतिशत न्यूनतम विज्ञापित राशि का कार्य किया हो" या "कम से कम एक समान एक कार्य का 60 प्रतिशत न्यूनतम विज्ञापित राशि का कार्य किया हो"। **एक समान कार्य की परिभाषा होगी:** Similar work means design, supply, erection testing & commissioning of 50 Hz, single phase 25 kV AC OHE. 3. निविदाकर्ता अपने ऑफर के साथ बिजली के ठेकेदारों के वैध लाइसेंस की प्रमाणित छायाप्रति अवश्य जमा करें। | | |

नोट: इस निविदा के लिए किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव नजरअंदाज/खारिज कर दिया जाएगा। पूर्ण विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है।

सं०: टीआरडी-14-सीनि०डी०ई०ई०-लखनऊ-23दिनांक 15.11.2023 3575/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# छठ पर यात्रियों की सुविधा के लिए चलेंगी 15 अतिरिक्त बसें

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

छठ पर यात्रियों की सुविधा के लिए विभाग ने 15 अतिरिक्त बसों का इंतजाम किया है। इन बसों को लम्बी दूरी की रुटों पर लगाया गया है। जबकि पहले से चल रही बसें भी चलती रहेंगी। विभाग ने लोकल रुटों की बसों को बाहर भेजने की तैयारी है। जिससे तीन दिनों तक कुछ मार्गो पर बसों की कमी से परेशानी उठानी पड़ सकती है।देवरिया डिपो में परिवहन निगम की कुल 67 बसें है। जबकि निगम में 129 अनुबंधित बसें है। डिपो से दिल्ली, कानपुर, लखनऊ, गोरखपुर, पड़रौना के साथ जिले के लोकल रुटों पर निगम और अनुबंधित बसें चलती है। जिससे प्रतिदिन हजारों की संख्या में यात्री याता करते हैं। बिहार और यूपी में छठ पर्व धूम धाम से मनाया जाता है। दोनों प्रदेशों के लोग भारी संख्या में दिल्ली, मुम्बई, हरियाणा, पंजाब समेत दूसरे राज्यों में नौकरी व कारोबार करते हैं। जो छठ में घर पर पहुंचते है। ट्रेनो की संख्या कम होने पर लोग बसों का सहारा लेते हैं। प्रतिदिन 15 अतिरिक्त बसों को देवरिया से दिल्ली, कानपुर, प्रयागराज और लखनऊ चलाया जाएगा। इसके अतिरिक्त प्रतिदिन चलने वाली अपने समय पर चलेंगी। सोमवार को देवरिया डिपो से 10 बसों को दिल्ली के लिए भेजा गया है। दिल्ली सभी नई बसों को भेजा गया है। दिल्ली में पुरानी बसों के संचालन पर रोक लगी हुई है। जिससे की यात्रियों को कोई दिक्कत न हो। लोकल रुटों पर यात्रियों को दिक्कत न हो इसके लिए अनुबंधित बसों को लगाया जाएगा। वहीं जिन रुटों पर अधिक बसे चल रही है। उन बसों को हटा कर दूसरे मार्गो पर चलाया जाएगा।

लोकल रुटों पर यात्रियों को दिक्कत न हो इसके लिए अनुबंधित बसों को लगाया जाएगा। वहीं जिन रुटों पर अधिक बसे चल रही है। उन बसों को हटा कर दूसरे मार्गो पर चलाया जाएगा।

## संदिग्ध अवस्था में युवक की मौत

**जन एक्सप्रेस । महोबा**

थाना कबरई क्षेत्र के ग्राम गहरा निवासी प्रमोद पुत्र शिवरतन कुशवाहा उम्र 35 वर्ष की संदिग्ध अवस्था मे मौत हो जाने पर परिजनो मे कोहराम मचा हुआ है। सूचना पर पहुॅची थाना कबरई पुलिस ने मृतक युवक के शव को कब्जे मे लेकर आवश्यक कार्यवाही के बाद पोस्ट मार्टम हेतु विच्छेदन गृह भेजा है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रमोद पुत्र शिवरतन उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम गहरा थाना कबरई की संदिग्ध अवस्था मे मौत होना बताया जा रहा है। शक के आधार पर परिवारिजनो की तहरीर पर थाना कबरई पुलिस ने युवक के शव को कब्जे मे लेकर प्रमोद कुशवाहा की मौत के कारणों का पता लगाये जाने के लिए पोस्ट मार्टम करा रही है।

## लापता युवक का गांव में बेतवा नदी किनारे शव गड़ा मिलने से फैली सनसनी

**जन एक्सप्रेस । उरई**

डकोर थाना क्षेत्र के ग्राम मोहाना में बेतवा नदी किनारे लापता युवक का शव गड़ा मिलने से इलाके में सनसनी फ़ैल गई। घटना की सूचना गांव के चौकीदार ने पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं ग्रामीणो द्वारा पिता पर पुत्र की हत्या करने का आरोप लगाया जा रहा है। जबकि उसकी पत्नी की भूमिका संदिग्ध बताई जा रही है। डकोर के मोहाना गांव निवासी आमोद कुमार 26 वर्ष पुत्र बरातीलाल सनसनी बेतवा नदी पर केन्द्रीय जल आयोग कार्यालय में संविदाकर्मी था, और वह करीब एक सप्ताह से लापता था। यह सूचना भी गांव में आग की तरह फैल चुकी थी। बताया गया है कि लापता युवक का शव वुधवार को गांव के समीप बेतवा नदी किनारे गड़ा मिला। इतना ही नहीं बल्कि घटना की खबर फैलते ही एक सैकड़ा ग्रामीणों की भीड़ मौके पर इकट्ठा हो गई। वहीं गांव के चौकीदार द्वारा घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौजूद लोगों की मदद से मृतक के शव को बाहर निकाला। मृतक के चाचा बबलू ने उसकी शिनाख्त आमोद कुमार के रूप में की। वहीं मृतक के चाचा व आधा सैंकड़ा ग्रामीणों का कहना है कि पिता बरातीलाल ने ही उसकी हत्या कर शव नदी किनारे दफनाया था।

साथ ही मृतक की पत्नी की संदिग्ध भूमिका को लेकर ग्रामीण तरह-तरह के कयास लगा रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया बरातीलाल पांच भाई और दो पुत्र हैं, जिसमें एक भाई की मृत्यु हो चुकी है।

# यम द्वितीया के अवसर पर सामूहिक कलम दवात पूजन का आयोजन

**जन एक्सप्रेस | बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के पूरबटोला स्थित चित्रगुप्त मंदिर पर बुधवार को यम द्वितीया के अवसर पर चित्रगुप्त सभा द्वारा सामूहिक कलम दवात पूजन का आयोजन किया गया। पूजन के उपरांत सामूहिक सहभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया।




जानकारी के अनुसार 15 नवंबर को यम द्वितीया के अवसर पर नगर के पूरब टोला स्थित भगवान श्री चित्रगुप्त मंदिर पर कलम-दवात की सामूहिक पूजा की गई। बड़ी संख्या में जुटे कायस्थ समाज के लोगों ने कलम-दवात की पूजा कर परिवार के सुख समृद्धि की कामना की। चित्रगुप्त सभा के अध्यक्ष डॉ पारितोष सिन्हा के नेतृत्व में पुरोहित ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच भगवान श्री चित्रगुप्त के पूजन के बाद कलम दवात की पूजा कराई। मान्यता के मुताबिक दीपावली पूजन के 24 घंटे बाद कायस्थ समाज के लोगों ने फिर से अपनी कलम से लेखनी शुरू की। सभा के मंत्री राधिका प्रसाद श्रीवास्तव ने बताया कि परंपरा के अनुसार भगवान श्री चित्रगुप्त के मंदिर पर अखंड रामायण का पाठ किया गया। यम द्वितीया पर हवन पूजन आरती के बाद मंदिर पर उपस्थित सभी चित्रांश- चित्रांशी ने कलम दवात की पूजन की तथा वार्षिक बैठक में आय व्यव्य का लेखा जोखा कोषाध्यक्ष लक्ष्मी प्रसाद श्रीवास्तव ने रखा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद अध्यक्ष डॉ धीरेंद्र प्रताप सिंह 'धीरू' रहे। ततपश्चात सामूहिक सह भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान डॉ प्रमोद श्रीवास्तव, डॉ देवेश चंद्र श्रीवास्तव, आदित्य प्रसाद श्रीवास्तव, डॉ अजय प्रकाश श्रीवास्तव, आदर्श श्रीवास्तव, दिलीप श्रीवास्तव, अजय श्रीवास्तव, जय प्रकाश श्रीवास्तव, आशीष श्रीवास्तव, भानू प्रताप श्रीवास्तव, कृष्ण कुमार माथुर, मनीष श्रीवास्तव, अभय श्रीवास्तव, विशाल श्रीवास्तव, सरगम श्रीवास्तव, सभासद नंद लाल तिवारी, डीपी सिंह व गौरव मिश्रा सहित तमाम चित्रांश चित्रांशी उपस्थित रहे।

# बाइक को स्कार्पियो ने मारी टक्कर: किशोर समेत दो की मौत-एक घायल

**जन एक्सप्रेस | बहराइच**

एक तरफ परिवहन विभाग यातायात माह मना रहा है जिसके तहत लोगों को यातायात के नियमों के प्रति जागरूक किया जा रहा है वहीं दूसरी ओर यातायात के नियमों का उल्लंघन होने के कारण सड़क हादसों पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। इसी उलझन का परिणाम रहकर बहराइच लखनऊ हाईवे पर हुए सड़क हादसे में एक किशोर समेत दो लोगों की जान चली गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतकों के शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना की जानकारी होने पर पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और मामले की जांच की। श्रावस्ती जनपद के हरदत नगर थाना क्षेत्र के ग्राम चौबेपुर डीहा निवासी महबूब आलम पुत्र इमाम अली बुधवार को बाइक से कोतवाली देहात के मरौचा जा रहे थे। बाइक पर पीछे गांव निवासी रोज अली (30) पुत्र कल्लू और लल्ला (15) पुत्र रमजान भी बैठे थे। लखनऊ बहराइच मार्ग पर कोतवाली देहात के बसंतपुर गांव के पास बाइक सवार पहुंचे। तभी दोपहर दो बजे लखनऊ की ओर से आ ही तेज रफ्तार में स्कॉर्पियो ने टक्कर मार दी। हादसे में मौके पर ही किशोर लल्ला और रोज अली की मौत हो गई। जबकि महबूब आलम गंभीर रूप से घायल हो गया सूचना पाकर टिकोरा मोड़ चौकी इंचार्ज अनुराग प्रताप सिंह मौके पर पहुंचे। उन्होंने घायल को मेडिकल कॉलेज बहराइच में भर्ती कराया। हादसे की जानकारी मिलने पर कुछ ही देर में प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार पांडे और पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर राजीव सिसोदिया भी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे।

# भारत को हिंदू राष्ट्र बनने से कोई रोक नहीं सकता: कमलनयन दास

**जन एक्सप्रेस | बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के हनुमानगढ़ी मंदिर पर 9 नवंबर से चल रहे हनुमत जयंती समारोह का समापन मंगलवार की देर शाम तक चले विशाल भंडारे के साथ हो गया। समापन अवसर पर अयोध्या धाम के मणीराम दास छावनी के उत्तराधिकारी महंत कमल नयन दास शास्त्री, पूर्व सांसद दद्दन मिश्रा, विधायक पलटू राम, विधायक राम प्रताप वर्मा, विधायक कैलाश नाथ शुक्ला, पूर्व विधायक शैलेश सिंह शैलू सहित देवी पाटन मंडल के तमाम जन प्रतिनिधि, समाजसेवी तथा गणमान्य व्यक्तियों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। महंत कमल नयन दास शास्त्री ने देश को लेकर बड़े-बड़े बयान दिए।



जानकारी के अनुसार 14 नवंबर की शाम हनुमानगढ़ी मंदिर पर आयोजित हो रहे हनुमत जयंती समारोह का समापन 14 नवंबर को विशाल भंडारे के साथ हो गया। देर शाम तक चले भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर के महंत महेंद्र दास के नेतृत्व में बृहद व्यवस्था देखने को मिली। कार्यक्रम में पहुंचे पूर्व सांसद दद्दन मिश्रा ने हनुमानगढ़ी पर प्रत्येक वर्ष हो रहे हनुमान जयंती महोत्सव कार्यक्रम को हिंदू जनमानस की एकता के लिए काफी महत्वपूर्ण बताया। समापन अवसर पर अयोध्या धाम के मणीराम दास छावनी तथा श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष नृत्य गोपाल दास जी के उत्तराधिकारी कमलनयन दास शास्त्री ने आयोजन को काफी महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन से आपसी एकता तथा भाईचारा को बढ़ावा मिलता है। श्री शास्त्री जी ने वर्तमान समय की राजनीति पर भी कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि देश की रक्षा हर देशवासी के लिए सर्वोपरि होना चाहिए। संविधान में धारा 30 तथा 30 ए देश के लिए सबसे बड़ा खतरा है। इसे हटाना नितांत आवश्यक है। उन्होंने कहां की 500 वर्ष इंतजार के बाद भगवान श्रीराम 22 जनवरी को भव्य एवं दिव्य मंदिर के गर्भ ग्रह में विराजमान होंगे।

यह देशवासियों के लिए सबसे शुभ सुखद क्षण होगा। उन्होंने कहा कि कृष्ण जन्मभूमि पर शीघ्र विजय मिलेगी। मामला अंतिम दौर में है तथा काशी विश्वनाथ पर भी स्थिति मजबूत है। देश में रामराज की स्थापना शीघ्र होगी। उन्होंने देशवासियों से अपील किया देश की रक्षा के लिए सभी संगठित होकर आगे बढ़े। उन्होंने कहा कि देश की सुरक्षा सुरक्षाा के बंटवारे के समय से कल्याण टू शुरू कर दिया गया। सरदार पटेल क तमाम विरोध के बावजूद भी उनकी मृत्यु के बाद संविधान में धारा 30 तथा 30 ए जोड़ा गया जो राष्ट्र हिंदू धर्म तथा समुदाय के लिए घातक है।

# जलाशय सूखे तो इस बार भी पानी के लिए तड़पेंगे प्यासे पशु-पक्षी

**जन एक्सप्रेस | बहराइच**

पानी की कमी से इंसान छोड़िए पशु-पक्षी भी गर्मी के दिनों में प्यास से व्याकुल रहते हैं। इंसान तो खुद के लिए पीने के पानी का इंतजाम कर लेते हैं। लेकिन असहाय पशु पक्षी क्या करें ? गर्मी के दिनों में प्यास बुझाने के लिए पशु पक्षियों का सहारा पुराने तालाब और जलाशय ही होते हैं। इनका पानी भी किसान खेतों की सिंचाई और तैयारी करने के लिए निकाल लेते हैं। फिर तालाब और जलाशय वक्त से पहले सूख जाते हैं। जिससे भूमिगत जल में प्रत्येक वर्ष गिरावट आती है। जल संरक्षण को लेकर सरकार गंभीर भी है। प्रत्येक ग्राम पंचायत में मनरेगा के अंतर्गत तालाब की खुदाई के लिए धन का आवंटन किया जाता है। वहीं सरकार दूसरी तरफ प्रत्येक ग्राम पंचायत में अमृत सरोवर का निर्माण करा कर जल संरक्षित करने के लिए प्रयासरत है। लेकिन किसान अपनी जरूरत के समय जल संरक्षण पर कतई ध्यान नहीं देते।



जिले की प्रत्येक ग्राम पंचायत और उसके मजरों में पुराने तालाब, गड्ढे और जलाशय है। इनका पानी सुरक्षित करने के लिए कुछ साल पहले तक मछुआरों की ओर से मछली पालन का कार्य किया जाता था। वहीं कुछ लोग सिंघाड़ा की खेती करते थे। यह लोग मछली पालन और सिंघाड़ा की खेती के कारण किसानों को तालाब का पानी सिंचाई के लिए निकलना नहीं देते थे। बल्कि उनकी रखवाली करते थे। इससे अच्छी आमदनी भी होती थी। लेकिन अब परिस्थितियां विपरीत हो चुकी हैं। किसान धान की खेती के समय सिंचाई के लिए तालाब का पानी उपयोग में लेते हैं तो वहीं गेहूं की खेती की तैयारी के लिए भी इन तालाबों से पानी निकाल कर सिंचाई कर लेते हैं। जिससे अभी बरसात समाप्त होने में कुछ ही महीने बीते हैं और तालाब सूखने लगे हैं। तालाब और जलाशय के सूखने से भूमिगत जल में भी गिरावट आने की संभावना बढ़ गई है। वहीं बेजुबान पशु पक्षियों के लिए आने वाले गर्मी के दिनों में पीने के पानी का संकट खड़ा होने की संभावना है।

पुराने तालाबों को छोड़ दें तो मनरेगा के तहत ग्राम पंचायतों में तालाब खोदे गए हैं। लेकिन अधिकतर तालाब सूखे हैं या फिर यह कहे कि तालाब खुद भी प्यासे हैं। इंसान तो खुद को तरोताजा रखने के लिए व्यवस्था सहेज लेता हैं। लेकिन तालाब और पोखरों के सूखा होने से पशु-पक्षियों को संकट झेलना पड़ रहा है। जिले में तमाम तालाब पानी का अभाव होने से सूखे हैं। नहर के समीप होने के बाद भी तालाब भरवाने के इंतजाम नहीं हुए हैं।

# धूमधाम से हुआ गणेश लक्ष्मी प्रतिमा का विसर्जन

**जन एक्सप्रेस | बलरामपुर**

दीपावली पर जनपद में विभिन्न जगहों पर श्री गणेश लक्ष्मी की प्रतिमा रख कर पूजा आयोजित की गयी।

इन इन प्रतिमाओं का बुधवार को गाजे बाजे के साथ विभिन्न घाटों पर विसर्जन किया गया। जिले के विभिन्न भागों में पांच दिवसीय गणेश लक्ष्मी पूजन धूमधाम से किया जाता है। इस गत 11 नवंबर से पूजन प्रारंभ मंगलवार की शाम को समाप्त हो गई। बुधवार को इन सभी प्रतिमाओं का विभिन्न घाटों पर विसर्जन किया गया। जनपद मुख्यालय पर राप्ती नदी के सिसई घाट पर प्रतिमाओं का विसर्जन सुरक्षा व्यवस्था के बीच किया गया। वहीं जनपद के उतरौला, रेहरा बाजार, सादुल्लाह नगर, श्रीदत्तगंज पचपेड़वा, गैंसड़ी, तुलसीपुर, महाराजगंज, ललिया सहित विभिन्न स्थानों पर प्रतिमा स्थापित की गई थी। जिनका भी सुरक्षा व्यवस्था के बीच विसर्जन कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# सरयू स्नान घाट पर डूब रहे युवक को जल पुलिस ने रेस्क्यू कर बचाया

**जन एक्सप्रेस | अयोध्या**

धाम में आज सरयू स्नान घाट पर श्रीकांत रेड्डी पुत्र राम रेड्डी निवासी यादम्मा जिला रंगरेड्डी तेलंगाना राज्य के है जो जल बैरिकेटिंग के पार जाकर स्नान करने के दौरान जल के तेज बहाव से गहरे पानी में चले जाने के कारण डूबने लगे ड्यूटी पर तैनात जल पुलिस प्रभारी रूबे प्रताप मौर्य, कांस्टेबल नित्यानन्द यादव, कांस्टेबल मुन्ना कुमार यादव, कांस्टेबल लालमणि जल पुलिस की टीम ने तत्काल तत्परता दिखाते हुए बिना अपनी जान की परवाह किए तत्काल गहरे पानी में रेस्क्यू कर युवक को सुरक्षित बाहर निकाला और उनके परिवार को सुपुर्द किया जिसके कार्य को देखकर उनके परिवार के साथ स्थानीय लोगों ने जल पुलिस की प्रशंसा करते हुए धन्यवाद किया अयोध्या में जल पुलिस की तैनाती से अक्सर डूबते लोगों को बचाने में समर्थ होने के साथ लोगों में सुरक्षा की भावना को बढ़ावा मिलता है।

# डीएम के निर्देश पर पराली जलाने वाले छह किसानों पर जुर्माना

**जन एक्सप्रेस | बहराइच**

जिले में किसानों की ओर से पराली जलाने पराली जलाने की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए जिलाधिकारी ने सख्त रुख अख्तियार किया है। छह किसानों को जांच के उपरांत पराली जलाने का दोषी पाया गया जिस पर इन किसानों के ऊपर ढाई ढाई हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया भविष्य में पराली न जलाए जाने के लिए क्षेत्र के अन्य किसानों को भी जागरूक किया गया। जिले में पराली जलाने की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए जिलाधिकारी की ओर से कृषि राजस्व विभाग के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं। किसानों को भविष्य के लिए सचेत करने हेतु नोटिस देते हुए पराली न जलाने के लिए निर्देशित किया गया है। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने जनपद के सभी किसान भाइयों से पराली न जलाने की अपील की है। जनपद के सभी राजस्व लेखपालों को जिलाधिकारी ने निर्देश दिया है कि वह अपने-अपने राजस्व ग्रामों में भ्रमण कर किसानों को पराली जलाने की घटनाओं से होने वाली क्षति से अवगत कराते हुए पराली जलाने की घटनाओं पर तत्काल रोक लगाने का प्रबंध करें। उन्होंने कृषि विभाग के क्षेत्रीय कर्मचारी एवं अधिकारियों को भी निर्देश दिया है कि अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमण करते हुए पराली जलाने की घटनाओं पर तत्काल विराम लगाना सुनिश्चित करें। उन्होंने तहसीलदारों को निर्देश दिया है कि जिन किसानों द्वारा व्यापक प्रचार प्रसार के बावजूद भी जलाई जा रही है उनके विरुद्ध एफआईआर दर्ज करें तथा अधिकतम दंड वसूल करें। जिससे अन्य किसान पराली न जलाएं। जिलाधिकारी ने उपनिदेशक कृषि से सभी कर्मचारियों को अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमण पर रहने के लिए निर्देशित किया है।

# घर के सामने खड़े व्यक्ति को गोली मारी, हालत नाजुक

**जन एक्सप्रेस | मिहींपुरवा-बहराइच**

रंजिश के चलते मिहींपुरवा नगर पंचायत वार्ड नंबर 6 में सरेआम एक व्यक्ति को उसके घर के समाने गोली मार दी गई। गोली लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर इलाज के लिए भर्ती कराया। जहां हालत गंभीर होने पर उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज बहराइच रेफर कर दिया गया। घायल की हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने एक आरोपी को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया हैं। जबकि दो हमलावर फरार हैं। मोतीपुर थाना क्षेत्र के नगर पंचायत मिहींपुरवा निवासी अब्दुल हफीज (60) पुत्र अब्दुल हमीद का कुछ लोगों से विवाद चल रहा है। रविवार देर रात करीब नौ बजे अब्दुल हफीज अपने घर के सामने दुकान में सो रहा था। तभी उसे तीन लोगों ने घेर लिया और तमंचे से गोली मार दी। चाकू से भी हमला किया। गोली लगने से घायल अब्दुल हफीज जमीन पर गिर पड़ा। उसकी चीख सुनकर परिवार के लोग पहुंचे। इससे पहले हमलावर भाग गए। घायल अब्दुल हफीज को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज बहराइच रेफर कर दिया।सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने परिवार के लोगों और घायल अब्दुल हफीज के बयान दर्ज किए। पुलिस ने बयान और तहरीर के आधार पर तीन लोगों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है जबकि दो फरार चल रहे हैं। घायल का इलाज चल रहा है उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है परिजनों का कहना है कि त्यौहार की वजह से मेडिकल कॉलेज संबद्ध जिला अस्पताल में सर्जन डॉक्टर न होने की वजह से समुचित इलाज नहीं हो पाया है।

# अयोध्या मोक्षदायिनी नगरी यहाँ जन्म होना ही प्रभु राम का पुण्य: गिरीशपति त्रिपाठी

**जन एक्सप्रेस | अयोध्या**

श्रीपद्मावती सेवा ट्रस्ट कृष्णगिरी, तमिलनाडु के तत्वाधान में हनुमानबाग वासुदेवघाट प्रांगण में श्रीराम राज्याभिषेक महाकथा का दिव्य शुभारंभ किया गया। सोमवार को सायंकाल अयोध्या महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी एवं रामनगरी के विशिष्ट संत-महंतों ने दीप प्रज्वलन कर श्रीराम राज्याभिषेक संगीतमय महाकथा का उद्घाटन किया था। श्रीपद्मावती सेवा ट्रस्ट कृष्णगिरी तमिलनाडु द्वारा पधारे हुए संत-महंतों समेत सभी अतिथियों का माल्यार्पण व अंगवस्त्र ओढ़ाकर स्वागत-सम्मान किया गया। अयोध्या महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने कहा कि अयोध्याधाम में भगवान श्रीराम के राज्याभिषेक की दिव्य कथा प्रारंभ हुई है। जो हम सभी रामभक्तों के लिए खुशी का पल है। सब लोग महाकथा का श्रवण कर अपना जीवन कृतार्थ करें। सिद्धपीठ हनुमानबाग के महंत जगदीश दास महाराज ने कहा कि अवधधाम में कथा का श्रवण करने से अपार पुण्य की प्राप्ति होती है। अयोध्या मोक्षदायिनी नगरी है, जिसे सप्तपुरियों का मस्तक कहा गया है। बड़ा भक्तमाल के महंत स्वामी अवधेश कुमार दास ने कहा कि यह पावन नगरी अयोध्याधाम है। जहां प्रभु श्रीराम ने अवतार लेकर सबका कल्याण किया। पूरी दुनिया को मानवता का पाठ पढ़ाया। राष्ट्रीय संत व कृष्णगिरी पीठाधीश्वर वसंत विजय महाराज ने व्यासपीठ से भक्तगणों को द्वितीय दिवस की कथा का श्रवण कराते हुए कहा कि अयोध्या सप्तपुरियों में सर्वश्रेष्ठ नगरी है। भगवान की कथा मंगलकारी और लोगों को तारने वाली है। उन्होंने बताया कि दीपावली महापर्व के उपलक्ष्य में दस दिवसीय श्रीराम राज्याभिषेक संगीतमय महाकथा हनुमानबाग प्रांगण में चली और आज कथा का समापन हुआ। अनुष्ठान के क्रम में पांच लाख महालक्ष्मी मंत्र जाप, कुमकुम अर्चन पूजा एवं 50 हजार यज्ञ आहुति का कार्यक्रम किया गया । आज समापन के दिन सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक कुमकुम पूजा व यज्ञ कार्यक्रम। 10 दिनों के इस धार्मिक अनुष्ठान में 5 लाख महालक्ष्मी मंत्र का जाप और यज्ञ में 50 हजार आहुतियां पड़ेंगी।

# दो दिवसीय सालाना उर्स मुबारक जवाबी कव्वाली धूमधाम से संपन्न

**जन एक्सप्रेस | बीकापुर - अयोध्या**

विकासखंड क्षेत्र के तोरो माफी दराबगंज में गंगा जमुनी तहजीब की मिसाल बाबा शहीद ए आज़म का दो दिवसीय सालाना उर्स मुबारक मंगलवार की रात जवाबी कव्वाली के साथ धूमधाम से संपन्न हुआ।

परंपरागत ढंग से पिछले पांच दशक से अधिक समय से यहां आयोजित होने वाले सालाना उर्स मुबारक में बाबा की दरगाह परिसर में मेला भी लगा। मंगलवार की रात को मुख्य अतिथि पूर्व विधायक जितेंद्र सिंह बबलू ने फीता काट कर जवाबी कव्वाली का शुभारंभ कराया गया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि तोरो माफी दराबगंज में हर वर्ष आयोजित होने वाले रामलीला मंचन और सालाना उर्स के दौरान हिंदू मुस्लिम एकता और आपसी भाईचारा की मिसाल देखने को मिलती है। जिसके लिए उन्होंने आयोजक मंडल और क्षेत्र के लोगों की भावना को एकता का प्रतीक बताया। कार्यक्रम को ब्लॉक प्रमुख दिनेश कुमार वर्मा द्वारा की संबोधित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक ग्राम प्रधान अहमद रजा ने बताया कि दो दिवसीय उर्स मुबारक के दौरान 13 नवंबर को तकरीर 14 नवंबर को गागर और चादर तथा शाम को कुल फतिया और रात में जवाबी कव्वाली का आयोजन किया किया गया। बताया कि उर्स मुबारक कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के हिंदू और मुस्लिम दोनों समुदाय के लोगों द्वारा हमेशा सामूहिक सहयोग किया जाता है।

# अयोध्या के प्रसिद्ध कार्तिक मेला व परिक्रमा के लिए योगी सरकार की तैयारियां पुख्ता

**जन एक्सप्रेस | अयोध्या**

योगी सरकार ने अयोध्या में आयोजित होने वाले दीपोत्सव कार्यक्रम की सफलता के बाद अब कार्तिक स्नान मेला, अयोध्या के 14 कोसी परिक्रमा व पंचकोसी परिक्रमा में देश के कोने-कोने से आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां प्रारंभ कर दी है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर संजय जैन ने उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राम मणि शुक्ला को मेला प्रभारी बनाकर उन्हें मेला में स्वास्थ्य सेवाएं एवं स्वच्छता कार्यक्रम का संचालन करने के लिए जिम्मेदारी सौंपी है।

**मेला क्षेत्र में हर समय 10 एम्बुलेंस उपलब्ध रहेंगी**




किसी भी घटना दुर्घटना से निपटने के लिए मेला क्षेत्र में 10 स्थान पर हर समय एम्बुलेंस मौजूद रहेगी। यह एंबुलेंस पक्का घाट, बन्धा तिराहा, कंट्रोल रूम, साकेत पेट्रोल पंप, नागेश्वर नाथ, हनुमानगढ़ी, कनक भवन, राम जन्मभूमि, अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन पर व बूथ नंबर चार पर मौजूद रहेगी।

अस्थाई चिकित्सा शिविर एवं बड़े अस्पतालों में बेड आरक्षित स्वास्थ्य विभाग ने कार्तिक स्नान मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए जिले के तीन बड़े अस्पतालों, मेडिकल कॉलेज में 20 बेड, जिला चिकित्सालय पुरुष में 20 बेड और श्री राम चिकित्सालय में 10 बेड आरक्षित किए हैं। इसके अलावा 15 स्थान पर अस्थाई चिकित्सा शिविर स्थापित किए जा रहे हैं। मेला प्रभारी डॉक्टर राममणि शुक्ला ने बताया कंट्रोल रूम, हनुमानगढ़ी, रेलवे स्टेशन, कनक भवन, राम जन्मभूमि, राम की पैड़ी, नागेश्वर नाथ, पक्का घाट, कारसेवक पुरम, हनुमान गुफा, साकेत पेट्रोल पंप, झुनकी घाट, अंतरराष्ट्रीय बस अड्डा, दशरथ महल व बंधा तिराहा पर अस्थाई चिकित्सा शिविर बनाए गए हैं। पक्का घाट पर आठ बेड का अस्थाई चिकित्सा शिविर भी बनाया जा रहा है।

# दुर्गा मंदिर दशरथ वाटिका परिसर में भव्य दीपोत्सव

**जन एक्सप्रेस | गोसाईंगंज-अयोध्या**

पांच दिनों तक चलने वाले प्रकाश पर्व के अंतिम दिन यमद्वितीया पर्व पर गोसाईंगंज कस्बे के भोला साव धर्मशाला स्थित दुर्गा मंदिर मे दीपोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मंदिर परिवार तथा क्षेत्र की सैकड़ों महिलाओं, युवा और बच्चों ने दुर्गा मंदिर परिसर में रंगोली बनाई। शाम सात बजे मंदिर परिसर में 5501 दीपक जलाकर दीपोत्सव किया गया।दीपोत्सव में भगवान श्रीराम पर आधारित रंगोली व डांडिया नृत्य आकर्षण का केन्द्र रहा। साढ़े आठ बजे दुर्गा आरती के बाद माँ को छप्पन भोग लगाकर श्रद्धालुओ में प्रसाद वितरण किया गया। आयोजक मंडल के सदस्य मनोज कसौधन परले ने बताया कि मां दुर्गा मंदिर में तीसरी बार ऐसा भव्य दीपोत्सव का आयोजन हुआ। मंदिर परिवार दीप उत्सव कार्यक्रम हर बर्ष मानते हैं। उक्त अवसर पर पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष रमेश चंद्र कसौधन, मनोज पारले, गोपाल, अमित, कन्हैया, श्यामजी, बब्लू, मुन्ना सोनी, भगवती सोनी अरबिन्द सिंह, पंकज कसौधन, रामेश्वरम कसौधन सहित तमाम श्रद्धालु मौजूद रहे।

# मिल्कीपुर क्षेत्र के प्रमुख स्थानों व ग्रामीण क्षेत्र में लगाए जा रहे सीसीटीवी कैमरे

**जन एक्सप्रेस | मिल्कीपुर -अयोध्या**

मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र में ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत सभी गांवों, कस्बों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं। अपराधियों की गतिविधियों पर नजर रखने और वारदातों का खुलासा करने में सीसीटीवी कैमरों की महत्वपूर्ण भूमिका किसी से छिपी नहीं है। अब तो अधिकांश घटनाओं का पर्दाफाश सीसीटीवी फुटेज से ही हो रहा है।

ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत थाना इनायत नगर, थाना खंडासा व थाना कुमारगंज क्षेत्र के प्रमुख स्थानों और ग्रामीण क्षेत्रों में भी सीसीटीवी कैमरा लगवाया गया है।



पिछले काफी दिनों से पुलिस शासन के निर्देशों के तहत ऑपरेशन त्रिनेत्र अभियान को लेकर सक्रिय है। पुलिस क्षेत्राधिकारी आशीष निगम स्वयं मिल्कीपुर सर्कल के थाना क्षेत्र में पैदल ग्रस्त करते हुए ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत लगवाए गए सीसीटीवी कैमरा का ज्यायजा ले चुके हैं। मिल्कीपुर सर्कल के थाना कोतवाली इनायत नगर क्षेत्र में 577, थाना कुमारगंज क्षेत्र में 325 व थाना खंडासा क्षेत्र में 300 कुल 1200 सीसीटीवी कैमरे प्रमुख स्थान चौराहा व भीड़भाड़ वाले स्थान पर लगाए गए हैं। नगर पंचायत कुमारगंज चेयरमैन विकास सिंह छोटू ने नगर पंचायत क्षेत्र के खांडसा मोड़ को सीसीटीवी कैमरे से लैस करवाते हुए कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र के प्रमुख चौराहों व भीड़भाड़ वाले स्थान पर सीसीटीवी कैमरा लगवाया जाएगा। ताकि क्षेत्र में होने वाली हर घटनाओं को पुलिस आसानी से देख सकेगी। जिसके सहारे घटना का जल्द खुलासा भी कर सकेगी। कुछ माह पूर्व कस्बा कुमारगंज से एक युवक ने आभूषण की दुकान पर टप्पेबाजी की थी। लेकिन सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने आरोपी को पकड़ लिया था। प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे या लगे रहेंगे तो घटनाओं का खुलासा करना पुलिस के लिए बहुत आसान हो जाएगा।

# 17वें अयोध्या फिल्म फेस्टिवल के लिए फिल्म चयन प्रक्रिया शुरू

**जन एक्सप्रेस | अयोध्या**

अयोध्या फिल्म फेस्टिवल का 17वां संस्करण आगामी 2-3 दिसंबर 2023 को गुरू नानक कॉलेज, उसरू में होने जा रहा है। दर्जनों देशों के सैकड़ों फिल्मकार अपनी फिल्में अयोध्या फिल्म फेस्टिवल के लिए हर वर्ष भेजते हैं। जिसमें से ज्यूरी सदस्यों द्वारा चयनित चुनिंदा सरोकारी फिल्में समारोह के दौरान प्रदर्शित एवं पुरस्कृत की जाती हैं। इस वर्ष ज्यूरी में देश-विदेश की 6 दिग्गज हस्तियां हैं जो फिल्मों का चयन करेंगी।उत्तर प्रदेश का सबसे पहला और चर्चित फिल्म समारोह **'अयोध्या फिल्म फेस्टिवल'** ही है जो पूरे विश्व में खासा लोकप्रिय होता जा रहा है। 17वें अयोध्या फिल्म फेस्टिवल में विश्व भर से भेजी गई सैकड़ों फिल्मों में से ज्यूरी 25 नवंबर तक सभी बेहतरीन फिल्मों का चयन कर लेगी और 26 नवंबर को इसकी अधिसूचना जारी कर दी जाएगी। अयोध्या फिल्म फेस्टिवल के संस्थापक और दस्तावेजी फिल्म निर्माता डॉ. शाह आलम राना से इस विषय पर बात की गई।

# धोखाधड़ी करने वाले आरोपी के पास से 92 हजार की नेपाली नगदी बरामद

* नोट डबल करने के नाम पर धोखाधड़ी करता था आरोपी
* पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर भेजा जेल

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



**हजारा(पूरनपुर)।** एक नोट के बदले दो नोट देने का झांसा देकर नेपाली नागरिकों से ठगी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपों के पास से धोखाधड़ी में प्रयुक्त होने वाली सामग्री भी बरामद की गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्राथमिक की दर्ज कर जेल भेज दिया। इंडो नेपाल बॉर्डर क्षेत्र के नेपाल सीमावर्ती कंबोज नगर पुलिस चौकी के गांव बाजार घाट कॉलोनी में पड़ोसी देश नेपाल के दो नागरिकों को नोट दुगुना करने का झांसा देकर बुला लिया। दोनों नेपाली युवक लालच में आ गए। आरोपी युवक के कहने पर नेपाली नागरिकों ने एक-एक हजार के दो नोट दे दिए। मुखबिर की सूचना पर हजारा थाना अध्यक्ष परमेंद्र कुमार के नेतृत्व में कंबोज नगर पुलिस चौकी प्रभारी राकेश कुमार उप निरीक्षक रविंद्र पाल सिंह आरक्षी आशू कुमार, सुधीर कुमार,बंटी की पुलिस टीम बनाकर मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने मौके से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।पकड़े गए आरोपी के पास से पुलिस ने 92 हजार रुपए की नेपाली मुद्रा,मोबाइल ,दो कांच के शीशे के प्लेट बरामद कर लिए। पूछताछ में ठग ने अपना नाम बलविंदर सिंह पुत्र गुरदेव सिंह निवासी बाजार घाट कॉलोनी(बैल्हा)थाना हजारा जिला पीलीभीत का निवासी बताया है। आरोपी युवक नेपाली नागरिकों से नोट लेने के बाद शीशे के माध्यम से धोखाधड़ी करते थे। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी के खिलाफ धारा 420/406/411 में मुकदमा पंजीकृत करते हुए जेल भेजा दिया।थाना अध्यक्ष परमेंद्र कुमार ने बताया है कि नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र में अपराधियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। किसी भी अपराधी को बक्शा नहीं जाएगा

## लकड़ी तस्करों ने पीटीआर की वन भूमि से काटा पेड़



> पेंड काटने के मामले में हरीपुर वन क्षेत्राधिकारी द्वारा जांच की जा रही है। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।
> -अरुन कुमार श्रीवास्तव, रेंजर बराहीं

* मामला उजागर होने पर हरीपुर रेंजर को दिए गए जांच के निर्देश
* पेंड काटने के बाद पूरनपुर में स्टाक की गई लकड़ी

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

**पूरनपुर।** लकड़ी तस्करों ने वन विभाग से सांठगांठ के बाद पीटीआर की वन भूमि पर खड़े तुन प्रजाति के पेड़ को काट लिया।तस्कर रात के अंधेरे में लकड़ी को ट्राले में भरकर जंगल के रास्ते पूरनपुर ले आए। मामले की शिकायत के बाद विभाग में खलबली मच गई। पीटीआर डीएफओ नवीन खंडेलवाल ने हरिपुर रेंजर को जांच के निर्देश दिए है। पीलीभीत टाइगर रिजर्व से सटा क्षेत्र हरियाली से आच्छादित है। बीते कुछ दिनों से इस क्षेत्र में लकड़ी तस्कर सक्रिय हो गए हैं। वन विभाग से सांठगांठ के बाद प्रतिबंधित प्रजाति के सैकड़ो पेड़ों को रातों-रात साफ किया जा रहा है।सामाजिक वानिकी क्षेत्र से कटान की आड़ में लकड़ी तस्करों ने वन भूमि पर खड़े पेड़ का सफाया कर दिया। विशालकाय पेड़ का कटान होने के बाद भी मिलीभगत के चलते विभागीय अधिकारी मामले से अंजान बने रहे। तस्कर लकड़ी को ट्रैक्टर ट्राली में भर कर पीटीआर से जंगल के रास्ते पर लगे बैरियर पर तैनात कर्मचारियों की मिली भगत से तस्करी कर पूरनपुर तक पंहुच गए। बुधवार पीटीआर डीएफओ नवीन खंडेलवाल को जानकारी लगी की लकड़ी को काटकर पूरनपुर के एक प्लांट में लगाया गया है। डीएफओ के निर्देश पर हरीपुर वन क्षेत्राधिकारी वीरेंद्र सिंह रावत स्टाफ के साथ मौके पर पहुंच गए। अवैध रूप से कटकर लाई गई लकड़ी प्लाट में लगी हुई थी। मामले की पुष्टि के लिए वन क्षेत्राधिकारी ने मौके पर पहुंचकर जांच की। देर शाम तक मामले में स्थिति स्पष्ट नहीं हो सकी।

## पूर्वांचल के विशेष छठ पूजा का आगाज छठ वेदियों की शुरू हुई साफ सफाई

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



**हजारा(पूरनपुर)।** पूर्वांचल में मनाए जाने वाले विशेष छठ पूजा की झलक ट्रांस शारदा क्षेत्र एवं नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र में भी देखने को मिलती है। बड़ी संख्या में पूर्वांचल के लोग यहां निवास करते हैं। चार दिन तक चलने वाला छठ पूजा का आगाज ट्रांस शारदा क्षेत्र में शुरू हो चुका है।ग्रामीण छठ पूजा स्थल पर छठ वेदी की साफ सफाई में जुट गए हैं।यहां बता दें कि छठ पूजा का त्यौहार विशेष रूप से पूर्वांचल के बिहार एवं उत्तर प्रदेश के बिहार से सटे जिलों में मनाया जाता है। मगर ट्रांस शारदा क्षेत्र एवं नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र में भी अधिकांश ग्रामीण पूर्वांचल के हैं ।जिस कारण छठ पूजा की धूम यहां भी देखने को मिलती है ।क्षेत्र की महिलाएं अपने पुत्र व पति की लंबी आयु एवं गांव घर एवं क्षेत्र की खुशहाली के लिए 36 घंटे का कठोर निर्जला व्रत रखकर डूबते हुए एवं उगते हुए सूर्य को अर्ग देकर पूजा अर्चना करती हैं। इस कठिन व्रत छठ पूजा की शुरुआत 17 नवंबर से शुरू हो रही है ।मगर मुख्य रूप से 19 व 20 नवंबर को छठ पूजा की धूम मची रहेगी। छठ पूजा नजदीक आता देख ग्रामीण पूर्व में बने सुतिया नाला, पोखर, तालाब, शारदा तट के किनारे बने छठ वेदी की साफ सफाई में जुट गए हैं।

## भीकमपुर उर्फ परानपुर गांव में दलित बच्चें ने तालाब से तोड़े सिंगाड़े

* आधा दर्जन लोगों ने बच्चे व परिजनों को पीट कर किया घायल
* दलित परिवार को पीटा और जाति सूचक शब्दों से अपमानित किया
* पीड़ित ने कोतवाली पहुंचकर हमलावरों के खिलाफ तहरीर दी

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

**बीसलपुर।** क्षेत्र के गांव भीकमपुर उर्फ परानपुर में दलित परिवार को पीटने के मामले में आधा दर्जन लोगों पर मुकदमा दर्ज हुआ है। जिसमें पीड़ित अनिल कुमार ने बताया कि वह 14 नवंबर की दोपहर 1 बजे पड़ोस के तालाब से अपनी बोरिंग में पानी डालने हेतु अपने पुत्र अनुज कुमार को पानी भरने तालाब पर भेजा था। उसने तालाब से पानी भरने के दौरान दो सिंगाड़े तोड़ लिए। इसी बात से खिन्न होकर तालाब मलिक ने पुत्र को तालाब में डूबोने का प्रयास किया तो पुत्र अनूप कुमार चीखा चिल्लाया। जिसको बचाने पीड़ित उसका भाई आनंद व मां रामकली पहुंचे तो गांव के ही ओमप्रकाश, गजाधर, असफल दयाल, परमेश्वरी, राजेश कुमार ने अपने अन्य साथी की मदद से लाठी डंडों से उक्त दलित परिवार को बेरहमी से मारा पीटा और जाति सूचक शब्दों से अपमानित किया। मारपीट के दौरान पीड़ित की मां रामकली गंभीर हालत में बेहोश हो गई। जिसके बाद उक्त सभी हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से चले गए। पीड़ित ने बीसलपुर कोतवाली पहुंचकर हमलावरों के खिलाफ तहरीर दी। जिस मामले में पुलिस ने दलित उत्पीड़न सहित कई धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## टाइगर रिजर्व के 9 वे पर्यटन सत्र का हुआ शुभारंभ

* पूरनपुर भाजपा विधायक बाबूराम पासवान ने फीता काटकर एवं हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



टाइगर रिजर्व के 9 वे पर्यटन सत्र का शुभारंभ विधिवत हवन पूजन के साथ हुआ क्षेत्रीय भाजपा विधायक बाबूराम पासवान ने फीता काटकर एवं हरी झंडी दिखाकर नए पर्यटन सत्र का शुभारंभ किया। इस मौके पर पीलीभीत टाइगर रिजर्व द्वारा लगभग चार टाटा जीनान गाड़ियों को सजाया गया था जिसमें मुख्य अतिथि विधायक बाबूराम, फील्ड डायरेक्टर विजय कुमार व प्रभागीय वनाधिकारी नवीन खंडेलवाल सहित स्कूली बच्चों एवं जनपद के कई समाज सेवी व पत्रकारों ने ईको टूरिज्म के चूका बीच तक की सफारी की। चूका बीच का आनंद लिया और वाटर हट से चूका का नजारा किया। इस दौरान फील्ड डायरेक्टर ने शारदा सागर डैम में जलकुंभी होने प्रभागीय वनाधिकारी को निर्देश दिए कि इस संबंध में सिंचाई विभाग को पत्राचार करें इस बार आसपास के ग्रामीणों की लगभग 23 जिप्सी गाड़ी उपलब्ध है, जबकि वन निगम द्वारा पांच टाटा जीनान औरवन समिति से जुड़े लोगों की लगभग 20 से 25 जीनान सहित लगभग इस बार 50 से अधिक सफारी वाहन उपलब्ध रहेंगे।इसी के साथ विभाग द्वारा लगभग 101 टूरिस्ट गाइड का चयन किया गया है। बाहर से आने वाले टूरिस्ट के लिए ऑनलाइन बुकिंग एवं पीलीभीत टनकपुर मार्ग स्थित नेहरू पार्क, महोफ रेंज गेट नंबर एक, एवं मुस्ताबाद गेट पर बुकिंग काउंटर इस बार भी प्रारंभ रहेंगे। इस मौके पर पीलीभीत टाइगर रिजर्व के फील्ड डायरेक्टर श्री विजय सिंह, प्रभागीय वनाधिकारी नवीन खंडेलवाल, पूरनपुर पालिका चेयरमैन शैलेन्द्र गुप्ता, एसडीओ माला दिलीप कुमार तिवारी, एसडीओ पूरनपुर मयंक पांडे, प्रशिक्षु एसडीओ ओम प्रकाश, रेंज अधिकारी शैलेंद्र कुमार यादव, रेंज अधिकारी हरीपुर बीएस रावत, रेंज अधिकारी माला रोबिन सिंह, वन दरोगा जमील रहमान, सुरेंद्र गौतम, प्रदीप कुमार, मोहम्मद आरिफ, पुष्पेंद्र कुमार, मोहित सिंह, राम बहादुर, फॉरेस्ट गार्ड यशवीर सिंह, निपेंदर कुमार, फहीम अहमद, अजीत वर्मा सहित वन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## प्रजा केयर फाउंडेशन ने गौशाला पहुंचकर सैकड़ो गायों को कराया पके केले का सेवन

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



**हजारा(पूरनपुर)।** प्रजा केयर फाउंडेशन ने गोवर्धन पूजा एवं भैयादूज के अवसर पर गौशाला पहुंचकर सैकड़ो गायों को पके केले का सेवन कराते हुए गौशाला की साफ-सफाई कर सेवा कार्य किया है। गोवर्धन पूजा एवं भैया दूज के अवसर पर प्रजा केयर फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष आदर्श सिंह परिहार अपनी टीम के साथ लालपुर ढाका में स्थित गौशाला में पहुंचकर सैकड़ो गायों को पके केले का सेवन कराया और स्वयं गायों को पानी पिलाने का कार्य करते हुए वहां पर टीम के साथ खुद झाड़ू लगाते हुए पूरे गौशाला की साफ सफाई करते हुए गौ सेवा किया है।प्रजा केयर फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष आदर्श सिंह परिहार का जन्म दिन भी था जिसे राष्ट्रीय अध्यक्ष ने गौशाला पहुंचकर गायों की सेवा करते हुए अपना जन्मदिन भी गौशाला के बीच ही मनाया है।यहां बता दें कि शासन की मंशा भी है कि ग्रामीण गोवंशीय पशुओं की सेवा करें एवं छुट्टा घूम रहे गौवंशीय पशुओं को नजदीक के गौशाला में जाकर पंजीकृत कराते हुए गौशाला में पहुंचाने का काम करते हुए गौवंशीय पशुओं के कल्याण हेतु कार्य करने की अपील भी किया है।गौशाला में पहुंचकर गायों की सेवा करने वालों में आदर्श सिंह परिहार शास्त्री नगर ग्राम प्रधान मनोज सिंह रामनगर ग्राम प्रधान पल्लवी सिंह के पति सत्य प्रकाश सिंह करणी सेना विधानसभा अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह प्रजा केयर फाउंडेशन के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य अतुल सिंह,सोनू सिंह,राहुल यादव,जीवन प्रजापति,पवन राज,कुलवंत राजभर सहित अन्य दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## बाल दिवस पर बच्चो कों मेडल व प्रशस्ति पत्र से किया सम्मानित

* शिक्षा ही वह मूल मंत्र है जिससे देश विकसित हो सकता है: शिवा वर्मा

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के पतहना मोड़ पर स्थित एलीवेट कोचिंग में बाल दिवस के अवसर पर पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में कुल 40 बच्चो को पुरस्कृत किया गया, कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि शिवा वर्मा (पन्नालाल स्वतंत्रता संग्राम सेनानी जनकल्याण समिति संस्थापक) ने पं जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर पुष्प अर्पण करके किया,कार्यक्रम में उपस्थित लोगो को सम्बोधित करते हुए कहा की शिक्षा ही वह मूल मंत्र है जिससे देश विकसित हो सकता है,देश नवजवानो को शिक्षित होना होगा तभी देश का उद्धार होगा,आज समाज में बहुत से ऐसी चीज है जो शिक्षा को प्रभावित करती है हम सभी को प्रयास करना चाहिए की इस तरह के चीजो से स्कूली बच्चो को दूर रखा जाए, कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि द्वारा बच्चो का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हे मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया, इस दौरान कार्यक्रम के आयोजक विशाल विश्वकर्मा, निर्देशक अमन कुमार,संचालक मोहम्मद आकीब समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## तदर्थ शिक्षकों की सेवायें बचाने के लिए सभी संगठनों से एक मंच पर आना होगा: रमेश सिंह

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ सेवारत के प्रदेश अध्यक्ष रमेश सिंह, उपाध्यक्ष डा0 राकेश सिंह, कोषाध्यक्ष डा0 प्रमोद श्रीवास्तव तथा प्रधानाचार्य परिषद के जिलाध्यक्ष डा0 जंगबहादुर सिंह की उपस्थिति में जिलाध्यक्ष तेरस यादव की अध्यक्षता में जनपदीय कार्यकारिणी एवं 1993 से 2000 के बीच नियुक्त तदर्थ शिक्षक साथियों की एक आवश्यक बैठक टी0डी0 इण्टर कालेज में सम्पन्न हुयी। जिसमें ''दिनांक 10 नवम्बर 2023 को प्रमुख सचिव द्वारा निर्गत आदेश जिसके द्वारा तदर्थ शिक्षकों की सेवायें समाप्त करने का निर्णय लिया गया है'', पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में एक स्वर से वक्ताओं द्वारा इसकी निन्दा की गयी। बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष रमेश सिंह ने कहा कि सेवारत् संगठन अपने इन तदर्थ शिक्षकों की सेवायें बचाने के लिए सभी संगठनों से एक मंच पर आकर संघर्ष करने के लिए आमंत्रित करता है और संघर्ष जन प्रतिनिधियों के घेराव सहित विधिक उपचार सभी विकल्पो को खुला रखते हुए अपने इन शिक्षकों की लड़ाई लड़ने के लिए कटिबद्ध है। प्रान्तीय उपाध्यक्ष डा. राकेश सिंह ने कहा कि आप सभी एकजुट होकर संघर्ष की कीजिए सफलता अवश्य मिलेगी। प्रधानाचार्य परिषद के जिलाध्यक्ष डा. जंगबहादुर सिंह ने कहा कि शिक्षकों के इस लड़ाई में प्रधानाचार्य परिषद उनके साथ खड़ा है। प्रदेश कोषाध्यक्ष डा0 प्रमोद श्रीवास्तव ने कहा कि एक संयुक्त संघर्ष समिति बनायी जाये और एक बैनर तले संघर्ष किया जाय। मण्डल संयोजक सरोज कुमार सिंह एवं जिलाध्यक्ष तेरस यादव ने सभी शिक्षकों का आह्वाहन किया कि इस विषम परिस्थिति में हम सभी शिक्षक साथी एकजुट होकर हर तरह के संघर्ष के लिए तैयार रहें। बैठक में ही तदर्थ शिक्षकों की समस्याओं के समाधान हेतु संघ?

## फास्ट फॉरवर्ड

### जिलाधिकारी ने जिला कारागार का किया निरीक्षण



**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** जिलाधिकारी अनुज कुमार झा ने जिला कारागार का आकस्मिक निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान उन्होंने कैदियों के स्वास्थ्य व अन्य व्यवस्थाओ की जानकारी ली। उन्होंने महिला बैरक में जाकर महिला बंदियों को फल एवं मिठाई का वितरण किया गया। जेल में लगे चिकित्सा कैम्प का निरीक्षण कर उन्होंने निर्देश दिया कि इस तरह नियमित रूप से चिकित्सा कैंप लगा कर कैदियों के स्वास्थ्य की जांच की जाए । उन्होंने निर्देश दिया कि जेल परिसर में साफ-सफाई का विशेष ध्यान दिया जाए। इस अवसर पर जेलर सहित जेल के अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### खेतसराय सेंट डेविड स्कूल में बाल दिवस पर प्रतिभावान बच्चे हुए सम्मानित



**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** खेतासराय बाल दिवस पर कई शिक्षा संस्थानों में मंगलवार को कार्यक्रम आयोजित कर चाचा नेहरू को याद किया गया। विभिन्न स्कूलों में देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू का भावपूर्ण स्मरण किया गया। स्कूलों में बाल मेला सहित रंगारंग कार्यक्रम व खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। तो वही खेतासराय मनेच्छा स्थित सेंट डेविड स्कूल में बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया और खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। स्कूल के संस्थापक रईस खान व प्रधानाचार्य रजनीश राव मुख्य रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान पंडित जवाहर लाल नेहरू को याद करने के साथ उनके जीवन पर प्रकाश डाला गया। खेलकूद व पढ़ाई में बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सम्मानित भी किया गया। स्कूल में बच्चों के अलग-अलग ग्रुप बनाए गए थे, जिन्होंने आपस में प्रतियोगिता रखी। इस मौके पर साइकिल रेस के साथ विभिन्न प्रकार के खेल कुद भी कराए गए और उसके विजेता बच्चों को ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर अध्यापक सईद अहमद, मोहम्मद राशिद, मोहम्मद अफजल, अध्यापिका माला, तस्मियां आदि मुख्य रूप से मौजूद थीं कार्यक्रम के अंत में संस्थापक रईस खान ने आए हुवे सभी अभीभावकों का आभार व्यक्त किया।

### डीएपी बैग पर निर्भरता कम करें किसानएआर कॉपरेटिव



**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** शाहगंज ।जिले में रबी की बुवाई होनी है,लेकिन बुवाई के लिए तैयार किसानों के सामने अब डीएपी( डाई अमोनियम फॉस्फेट )का जुगाड़ करना एक बड़ी चुनौती बनती जा रही है। जिले में बोई जानी वाली गेहूँ एवं तिलहनी फसलों को तीन प्रकार के पोषक तत्वों की आश्यकता होती है ।पहला नाइट्रोजन जिसका कार्य जड़,तना,पत्ती की वृद्धि और विकास में सहायक। दूसरा फास्फोरस जिसका कार्य है बीज और फलों का विकास तथा पौधों में पुष्पन व जड़ों के विकास के लिये सहायक एवं तीसरा पोटाश पौधों द्वारा प्रकाश के उपयोग में वृद्धि करता है तथा ठंडक और अन्य प्रतिकूल परिस्थितियों जिसमें कीट व्याधियां भी शामिल है,को सहन करने की क्षमता को बढ़ाता है। डीएपी संकट से जूझ रहे किसानों के सामने कई विकल्प मौजूद हैं जिसमें प्रमुख रूप से नाइट्रोजन,फास्फोरस तथा सल्फ़र( एनपीएस )का मिश्रण अथवा नाइट्रोजन फॉस्फेट तथा पोटाश( एनपीके ) के मिश्रण से रबी की बुवाई कर सकते हैं। एआर कॉपरेटिव अमित कुमार पाण्डेय ने बताया कि डीएपी,एनपीके तथा एनपीएस तीनों ही फास्फेट उर्वरक हैं किसान इन तीनों में से किसी से भी रबी की बुवाई करके बेहतर उत्पादन ले सकतें हैं ।साथ ही साथ नैनो डीएपी से बीज को उपचारित करके भी उर्वरकों की कमी को पूरा किया जा सकता है ।नैनो डीएपी सभी सहकारी समितियों पर उपलब्ध है जो किसानों को काफी कम लागत पर उपलब्ध है।

### स्वास्थ्य शिविर में 200 रोगियों को दी गई निशुल्क दवा



**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** मुंगराबादशाहपुर, क्षेत्र के इटहरा स्थित किशोरी सेवाश्रम में बुधवार को निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें दो सौ से अधिक विभिन्न रोगियों को निशुल्क दवा का वितरित की गई। शिविर का उदघाटन संजीव गुप्ता व कथा वाचिका शिवांगी किशोरी द्वारा किया गया ।इस मौके पर ट्रस्ट के संयोजक चंद्रभान सिंह ने कहा कि समय समय पर आश्रम पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन का मुख्य उद्देश्य यह है कि गांव के लोगों को घर बैठे बेहतर से बेहतर इलाज मिले। स्वास्थ्य शिविर में 200 से अधिक रोगियों का इलाज व दवा वितरण पांच डाक्टरों की टीम द्वारा किया गया ।इस अवसर पर आद्या प्रसाद पांडे,चंद्रभान सिंह राजमणि यादव, लाल जीत पांडे, लक्ष्मन सिंह, राकेश रंजन सिंह योगेश मिश्रा, नन्हे सिंह ,विपिन, निखिल, संजय ,चन्दन, राजेश आदि मौजूद रहे।

### 'मोदी के कार्यों को लोहा मानते है विश्व के सभी देश'



**जन एक्सप्रेस। जौनपुर। केराकत।** वाराणसी के जिलाध्यक्ष व एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा ने कहाकि आज विश्व के सभी मोदी को अपना नेता मानते है, और उनके द्वारा किए गये कार्यों का लोहा मानते है। गौरतलब है कि बुधवार को सरकी बाजार में सरस्वती इलेक्ट्रॉनिक शोरूम के उद्घाटन के दौरान वह कार्यकर्ताओं को सम्बोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के करीबी माने जाने वालों? में शामिल हंसराज विश्वकर्मा ने कहाकि स्टेशन पर पिताजी के साथ चाय बेचने वाला बालक आज भारत के सबसे शीर्ष पद पर तैनात है, जिसका साफ सन्देश है भाजपा में छोटा सा कार्यकर्ता भी ईमानदारी से काम? करे तो वह शीर्ष पद पर पंहुच सकता है। विशिष्ट अतिथि धर्मा ग्रुप के चेयरमैन राम?प्रसाद यादव उर्फ गुड्डू कहाकि भाजपा हर वर्ग के लोगों को प्रतिनिधित्व व राजनैतिक सम्मान, उत्थान देने में विश्वास रखती है। हर वर्ग को नेतृत्व देकर भाजपा ने सबका साथ और सबका विश्वास के नारे को सही साबित किया है। इस मौके पर दुखरन विश्वकर्मा, नरोत्तम विश्वकर्मा, पंचदेव विश्वकर्मा, रतन विश्वकर्मा, लवकुश विश्वकर्मा, राधेश्याम विश्वकर्मा, सुनील मिश्रा, उमाकांत सिंह, श्याम बहादुर सिंह, प्रेम प्रकाश यादव, अरविंद कुमार शाही रामशंकर कुमार, फिरेन्द्र यादव, अशोक यादव आदि रहे।

### राष्ट्रपति से मिला जौनपुर का छात्र

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** जौनपुर जिले के बरिष्ठ पत्रकार लोलारक दूबे के पुत्र



अंजनी कुमार दुबे अपने प्रिंसिपल राहुल सांस्कृत्यायन इंटर कॉलेज आजमगढ़ के साथ बाल दिवस के अवसर पर अपने विद्यालय के बच्चों के साथ राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू के आवास पर मुलाकात किया और राष्ट्रपति ने बच्चों से शिक्षा के क्षेत्र में विस्तृत चर्चा किया जौनपुर के पत्रकारों में खुशी।

# कंटेनर से टकरा कर सौ मीटर घिसटी बाइक, सगे भाइयों की मौत

**कानपुर लखनऊ हाइवे पर दही थाना क्षेत्र में हुआ हादसा**

जन एक्सप्रेस । उन्नाव





दही थाना क्षेत्र में कानपुर-लखनऊ हाईवे पर बाइक सवार भाइयों की बाइक टक्कर लगने के बाद कंटेनर ने टक्कर में फंसने से करीब सौ मीटर तक घिसटती चली गई। राहगीरों के दौड़ाने देख पर चालक कंटेनर छोड़कर भाग निकला। पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना घर पहुंचते ही कोहराम मच गया। पुलिस ने कंटेनर कब्जे में लिया है। दही थाना क्षेत्र के गढ़ी गांव निवासी लोनी रैदास के बेटे दिनेश (27) छोटे भाई राजकुमार (24) के साथ मंगलवार सुबह अपने ननिहाल अजगैन कोतवाली क्षेत्र के कसंडा में धान पिटवाने गए थे। रात करीब 11 बजे दोनों बाइक से घर लौट रहे थे। दिनेश बाइक चला रहा था। दही थाना क्षेत्र में कानपुर-लखनऊ हाईवे पर पॉलिटेक्निक के पास कंटेनर ने बाइक में टक्कर मार दी हादसे में दोनों भाइयों की मौत हो गई। बुधवार को पुलिस ने दोनों के शवों का पोस्टमार्टम कराया। एक साथ दो बेटों की मौत से मां रानी और अन्य परिजन बेहाल हैं। थानाध्यक्ष अनुराग सिंह ने बताया कि कंटेनर टक्कर से बाइक सवार दो भाइयों की मौत हुई है। शवों का पोस्टमार्टम कराया गया है। कंटेनर कब्जे में है चालक फरार है। बाइक सवार हेलमेट लगाए थे। हादसे का शिकार हुए दिनेश और राजकुमार दही चौकी स्थित जूते बनाने की फैक्ट्री में काम करते थे। दिनेश की मौत की सूचना पत्नी राधा का रो रोकर बुरा हाल है। उसके दो बच्चों में अनिका दो साल और अप्रिता पांच महीने की है। वहीं भाइयों में संजय, शिवकुमार और राजू बेहाल हैं। मृतक दिनेश और राजकुमार के पिता लोनी रैदास की भी चार साल पहले सड़क हादसे में मौत हो गई थी। परिजन उनकी मौत का दुख अभी भूल भी ना पाए थे की एक साथ दो भाइयों की मौत ने सभी को झकझोर दिया।

## ट्रैक पार करते समय ट्रेन की चपेट में आया युवक, मौत

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

दही थाना क्षेत्र में एक युवक की रेलवे ट्रैक पार करते समय ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। दही थानाक्षेत्र के इब्राहिमाबाग निवासी नन्हके (35) मजदूरी करता था। माता पिता की पहले मौत हो जाने से वह घर में अकेले रहते था। बड़ा भाई रामदास अलग रहता है। शराब का लती होने से आए दिन वह पीने के लिए निकल जाता था। मंगलवार देर रात भी वह शराब पीने के लिए ही निकला था। तभी लखनऊ-कानपुर रेलवे लाइन पर ट्रैक पार करते समय ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। एसओ दही अनुराग सिंह ने बताया कि ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत हुई है। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।

# युवक ने घर के अंदर फंदे से लटक कर दी जान

**दही थाना क्षेत्र के राजेपुर गांव की घटना**

जन एक्सप्रेस । उन्नाव



दही थाना क्षेत्र में युवक का शव घर के अंदर रस्सी के फंदे से लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। दही थानाक्षेत्र के गांव राजेपुर निवासी सुशील कुमार विश्वकर्मा (30) का बुधवार को शव घर के अंदर रस्सी के फंदे से लटका मिला। मृतक की पत्नी गीता ने परिजनों को फोन कर आत्महत्या की जानकारी दी। वृद्ध मां विष्णुदेई परिजनों के साथ बेटे के घर पहुंची। पुलिस ने जांच की और शव का पोस्टमार्टम कराया। मृतक की मां ने बताया कि बेटे सुनील ने गीता से प्रेम विवाह किया था। 30 अक्तूबर को वह अपने मायके चली गई थी तब से वहीं थी। उसने बेटे को फोन पर देख लेने की धमकी भी दी थी। तीन दिन पहले बेटा मेरे पास आया था और पूरी बात बताई थी। बेटे के आत्महत्या करने के बाद भी उसी ने हम लोगों को सूचना दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मृतक के चार बच्चे हैं। पति की मौत के बाद बड़ा बेटा ही परिवार का सहारा था। छोटा बेटा अंकित बाहर नौकरी करता है। उसे सूचना दी गई है। उसके आने के बाद ही आगे की कार्रवाई होगी। थानाध्यक्ष अनुराग सिंह ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। रिपोर्ट और तहरीर आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# पेड़ के बंधे फंदे से लटका मिला युवक का शव

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

**डेढ़ महीने पहले जेल से छूट कर आया था मृतक**

बीघापुर कोतवाली क्षेत्र में एक युवक का शव घर से डेढ़ किलोमीटर दूर पेड़ में बंधे गमछे के फंदे से लटका मिला। डेढ़ माह पहले ही वह जेल से छूटा था। घटना की जानकारी से परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। बीघापुर थानाक्षेत्र के गांव भैंसई कोयल निवासी शुद्धी विश्वकर्मा (55) मंगलवार शाम घर से बिना बताए निकले थे। उसके बाद घर नहीं आए। परिजनों ने तलाश की लेकिन कहीं पता न चला। बुधवार सुबह उनका शव सुबह घर से डेढ़ किलोमीटर दूर शिवपुर और भैसई कोयल के बीच गंगा एक्सप्रेसवे के किनारे बबूल के पेड़ पर गमछे के फंदे से लटका मिला। खेत गए लोगों ने शव देख सूचना घर वालों के साथ पुलिस को दी। मौत से घर में कोहराम मच गया। मृतक की पत्नी माधुरी ने बताया कि पति एनडीपीएस एक्ट में करीब दस साल से जेल में बंद थे। डेढ़ महीने पहले ही वह जेल से छूटकर आए थे। उसके बाद से परेशान चल रहे थे। घर से बाहर भी कम ही निकलते थे। मंगलवार को वह बिना बताए निकल गए। फिर नहीं लौटे। मृतक की तीन बच्चों में रुचि (20), शिल्पा (18) और बेटा अंकित (22) है। घटना के बाद से सभी बेहाल हैं। बीघापुर कोतवाल अखिलेश कुमार तिवारी ने बताया कि परिजनों की सूचना पर शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। किसी का कोई आरोपी नहीं है।

## कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत, साथी घायल

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र में बाइक सवार पड़ोसियों को कार ने टक्कर मार दी। हादसे में घायल एक ने उपचार के लिए लखनऊ ले जाते समय दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के गोसा प्रयागपुर निवासी आशीष (25) पुत्र सूर्यबली अपने पड़ोसी नारायण कुमार (18) पुत्र प्रताप कुमार मिश्रा के साथ नारायण की बहन नेहा को छोड़ने बाइक से उसकी ससुराल उन्नाव गया था। वापस लौटते समय फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र में हफीजाबाद और काली मिट्टी के बीच पीछे से आए अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। राहगीरों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने दोनों घायलों को सीएचसी फतेहपुर चौरासी पहुंचाया। जहां डाक्टर ने आशीष की नाजुक हालत देख उसे ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। वहां ले जाते समय रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। जिस पर पुलिस ने जांच पड़ताल और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की बात कही है।

# शहर में होगा डॉक्टर क्रिकेट लीग का आयोजन

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



उत्तर प्रदेश डॉक्टर्स क्रिकेट लीग के प्रथम संस्करण काआयोजन कर रहा है। इस टूर्नामेंट में पांच टीमें प्रतिभाग कर रहीं हैं। जिसमे उत्तर प्रदेश के लगभग सभी जिलों के एक सैकड़ा डॉक्टर्स भाग लें रहें हैं। सभी मैच आईआईटी कानपुर के क्रिकेट ग्राउंड में दिन में खेले जायेंगे। मैच 20 20 ओवर के सफेद लेदर बाल से बीसीसीआई के नियमो के तहत खेलें जायेंगे। टूर्नामेंट आईएमए कानपुर के तत्वाधान में, इंडियन डेंटल एसोसिएशन नर्सिंग होम एंड हॉस्पिटल एसोसिएशन, कानपुर प्रेस क्लब एवम् कानपुर क्रिकेट एसोसिएशन के सहयोग से आयोजित किया जा रहा हैं। इस टूर्नामेंट को सफल बनाने के लिए गोल्डी मसाले, पालीवाल डायग्नोस्टिक्स, कृष्णा सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, जीटीबी हॉस्पिटल, श्री रामलला आरोग्यधाम हॉस्पिटल, बीकानेरवाला यस आई यस हॉस्पिटल हिमालयन हिल्स हॉस्पिटल, काबरिनी लेदर्स, मुख्यतः प्रतिभाग कर रहें हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस को आईएमए प्रेसिडेंट डा. नंदिनी रस्तोगी, ऑर्गेनाइजिंग चेयरमैन डॉ. दीपक श्रीवास्तव ने संबोधित किया प्रेस कॉन्फ्रेंस में टूर्नामेंट प्रेसिडेंट डॉ. अमित सिंह गौर, आईएमए सचिव डॉ. कुणाल सहाय, आईडीए प्रेसिडेंट डॉ.नीरज सोनी तथा टूर्नामेंट सह सचिव डॉ.नवीन गुडे, रोहित कुमार एवम् चंडी भाई उपस्थित रहे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### चलती ट्रेन से नीचे झाड़ियों में गिरा युवक हुआ घायल

जन एक्सप्रेस । शुक्लागंज/उन्नाव। कानपुर रेल बाजार निवासी अली अहमद का 19 वर्षीय बेटा मोहसिन उन्नाव के माखी कुछ काम से जा रहा था। वह कानपुर सेंट्रल से बालामऊ पैसेंजर ट्रेन में बैठा। सुबह लगभग साढ़े पांच बजे ट्रेन छमकनाली 108 पुलिया के पास वह चलती ट्रेन से नीचे गिर गया काफी देर तक झाड़ियां में पड़ा तड़पता रहा। इसके बाद नित्य क्रिया के लिए निकले लोगों की उस पर नजर पड़ी गंगा घाट कोतवाली पुलिस को जानकारी दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को उठाया इसके बाद 108 एंबुलेंस से इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। वहीं पुलिस ने बताया कि घायल के परिजनों को जानकारी दी गई है। वह जिला अस्पताल पहुंचे हैं।

### क्रासिंग बंद होने से एक ओर मरहला चौराहे तक वाहनों की लगी कतार

जन एक्सप्रेस । शुक्लागंज/उन्नाव। बुधवार सुबह के समय अप और डाउन लाइन से ट्रेनें निकलने के कारण सरैयां क्रासिंग पर जाम की स्थिति बनी रही। क्रासिंग बंद होने से एक ओर मरहला चौराहे तक वाहनों की कतार लग गई। वहीं दूसरी ओर नेतुआ गांव के सामने तक जाम लगा रहा। इसके अलावा बैराज मार्ग पर आरओबी का कार्य होने से भी वाहन सवारों को खासी दिक्कतें उठानी पड़ी। क्रासिंग खुलने पर वाहन सवार आपाधापी में निकलने लगे। जिससे जाम और पेंचीदा हो गया। मौजूद पुलिस कर्मियों ने आड़े तिरछे खड़े वाहनों को सीधा कराया। जिसके बाद जाम हट सका। इस दौरान करीब 45 मिनट तक जाम की स्थिति बनी रही। जिससे लोगों को खासी दिक्कतें उठानी पड़ी। वहीं बुधवार सुबह पीक ऑवर के समय स्थानीय पुलिस नवीन पुल के पास नदारद रही। जिस कारण जाम लगना शुरू हो गया। कुछ ही देर में फोरलेन तक वाहनों की लंबी कतारें लग गई। राहगीर घंटों जाम से जूझते रहे। इसके बावजूद पुलिस नहीं दिखाई पड़ी। वहीं शाम के समय भी नवीन पुल पर जाम की स्थिति बनी रही। जिससे कानपुर आने जाने वाले राहगीरों को खासी परेशान उठानी पड़ी।

### अज्ञात चोरों ने एक घर से नगदी और मोबाइल समेत हजारों का माल किया पार

जन एक्सप्रेस । शुक्लागंज/उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के चंपा पुरवा मोहल्ले में अज्ञात चोरों ने एक घर से नगदी और मोबाइल समेत हजारों का माल पार कर दिया। पीड़ित ने चोरी की जानकारी कोतवाली पुलिस को दी है। मोहल्ले में रहने वाले राजू ने बताया कि वह मंगलवार को खाना खाने के बाद परिवार के साथ एक कमरे में सो गया। देर रात अज्ञात चोर घर में घुस गए। जहां जिस कमरे में हुआ सो रहा था उसी कमरे में रखी 35000 रुपए की नगदी और दो महंगे मोबाइल चोरों ने पार कर दिए। सुबह उठने पर चोरी की जानकारी हुई। जिस पर पड़ोस में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले। जिसमें चोरों की गतिविधियां कैद हुई। पीड़ित ने चोरी की जानकारी गंगा घाट कोतवाली पुलिस को दी है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

### नशेबाजी का विरोध करना पड़ा भारी, दबंगों ने पीटा

जन एक्सप्रेस । शुक्लागंज/उन्नाव। कंचन नगर बी निवासी रामनारायण पांडेय ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि सोमवार रात उसके घर के बाहर कुछ लोग नशेबाजी कर रहे थे। जिसका उसने विरोध किया। विरोध करने पर दबंगों ने लाठी डंडों से उसे पर हमला कर दिया। जिससे उसका सिर फट गया। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

### बहनों ने भाइयों के माथे पर टीका लगाकर उनकी लंबी उम्र की कामना की

जन एक्सप्रेस । शुक्लागंज/उन्नाव। भाई बहन के अटूट प्रेम, विश्वास का प्रतीक भईया दूज पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। बहनों ने भाइयों के माथे पर टीका लगाकर उनकी लंबी उम्र की कामना की। राजधानी मार्ग, पोनीरोड, मिश्रा कालोनी, सीताराम कालोनी समेत तमाम स्थानों पर मिठाईयों की दुकानें सजी हुई थीं। बुधवार सुबह बहनों ने भाईयों माथे पर टीका कर उनसे रक्षा का वचन लिया। वहीं भाईयों ने भी बहन को उपहार देकर उनका आशीर्वाद लिया। वहीं कानपुर व आस पास आने जाने के लिये पोनीरोड तिराहा, ऋषिनगर, कंचन नगर, नेहरूनगर, सुभाषनगर मोड़ समेत कई स्थानों पर बहने वाहनों के इंताजर में घंटो खड़ीं रहीं। वाहन मिलने के बाद बहनें भाई को टीका लगाने के लिये रवाना हुई। सुबह से देर रात तक बहनें आती जाती है।

# सिख समाज ने खालिस्तान समर्थक पन्नू के पुतले को बीच चौराहे फांसी पर लटकाया

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर




बीते दिन शहर में बुधवार को संत नगर चौराहे पर कानपुर के सिख समाज ने कार्यक्रम संयोजक गुरुज़िन्दर सिंह के नेतृत्व में कनाडा के खालिस्तान समर्थक तथा जस्टिस फॉर सिख प्रमुख पतवंत सिंह पन्नू द्वारा दिए एयर इंडिया फ्लाइट व इंदिरा गाँधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट दिल्ली के बयान की निंदा की, पोस्टर पर पन्नू मुर्दाबाद, पन्नू को फाँसी दो जस्टिन टुडो होश में आओ आदि के नारों के साथ विरोध प्रकट करते हुए धरना दिया। कर्यक्रम में गुरु सिँह सभा के प्रधान हरविंदर सिँह लार्ड, सुखविंदर सिंह लाडी, कार्यक्रम सह संयोजक परमजीत सिँह चंडोक, राजिंदर सिँह नीटा, सुरेंद्र पाल सिंह ने कहा कि हमें किसी खालिस्तान की आवश्यकता नहीं है। हम सभी भारत विरोधी ताकतों का पुरजोर विरोध करते है। गुरुज़िन्दर सिँह ने कहा कि कनाडा में बैठे पन्नू को वर्ष 2020 में भारत सरकार ने पन्नू को आतंकवादी घोषित किया था, पन्नू ने कुछ दिन पहले अपने बयान में 19 नवम्बर को इंडियन एयर लाइन्स को धमकी दी व इंदिरा गाँधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट का नाम बदलने को भी कहा था, जिसके बाद से भारत के सिखों में रोष है, उन्होने कहा कि कानपुर के सिख समाज ने आज एक मंच पर एकत्रित हो कर पतवंत सिँह पन्नू को प्रतिकात्मक फाँसी दी व कनाडा में खालिस्तान समर्थक पतवंत सिंह पन्नू को जमकर कोसा व विरोध प्रदर्शन किया। सह संयोजक परमजीत सिँह चंडोक ने कहा कि हमारी मांग है कि कनाडा के प्रधानमंत्री टुडो, भगोड़ा पन्नू को भारत को सौंप दे। हरविंदर सिँह लार्ड ने कहा कि भारत विरोधी बयान का कानपुर सिख समाज घोर निंदा करता है। इस दौरान प्रमुख रूप से भूपेंद्र सिँह राजा, जसबीर सिंह, बॉबी भाटिआ, मनदीप सिँह, साहबप्रीत सिँह, हरविंदर सिँह छोटू, एस पी सिँह केसरी, रमिन्दर सिँह सोमी, रंजीत सिँह, महिंदर सिँह चावला, महेश सोनी, संदीप सिंह, टोनी खनूजा, राजू वालिआ, सुखप्रीत सिँह रौनक, राजीव सिंह, मंजीत सिंह, रोमी अरोड़ा, सन्नी गुलाटी, पारस सलूजा, गुरमीत सिँह भाटिया आदि शामिल रहे।

## सपा की आकलन समिति ने नगर अध्यक्ष को सौंपी प्रदूषण पर तैयार की हुई रिपोर्ट

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

समाजवादी पार्टी की जन समस्याओं की आकंलन समिति ने सपा महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद को सपा कार्यालय नवीन मार्केट में सौंपी गई विस्तृत रिपोर्ट में बताया कि महानगर के 88 वार्डों में वायु प्रदूषण के कारण सांस के रोगियों की संख्या में इजाफा हो रहा है तो दूसरी ओर गलियों में बजबजाते कूड़े से बुखार तथा चिकनगुनिया फैल रहा है। सरकार इस ओर उदासीन है अस्पतालों से निशुल्क दवा नहीं दी जा रही है। 370 मलिन बस्तियों में गंदगी और बुखार का प्रभाव बढ़ रहा है लेकिन सरकारी लापरवाही के कारण स्थिति भयावह बन रही है,सपा अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने बताया की नगरी क्षेत्र के लगे ग्रामों में कार्यकर्ताओं ने बताया कि सपा सरकार में पराली जलाई नहीं जाती थी आज भी किसानों द्वारा परली गांव गायों के लिए तथा कुछ ढाई हजार प्रति बीघा पराली चारे के लिए बचा लेते हैं। पिछले वर्ष पराली बहुत महंगी बिकी थी। बताया कि वायु प्रदूषण से बढ़ते सांस के रोगियों तथा मलिन बस्ती सहित क्षेत्रो में फैले बुखार से हो रहे नुकसान की पूरी द्वितीय रिपोर्ट राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को भेजेंगे आंकलन रिपोर्ट की बैठक में महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद पार्टी के वरिष्ठ नेता के के शुक्ला महानगर महासचिव संजय सिंह बंटी सेंगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिंटू महेंद्र सिंह बड़े ठाकुर परमवीर सिंह गंभीर नंदलाल जायसवाल अयूब आलम मुमताज मंसूरी आकाश यादव आसिफ कादरी यस एहसास बॉबी इशरत इराकी हेमंत गुप्ता बलवंत सिंह अनुराग मिश्रा संदीप शुक्ला आदि लोग उपस्थित रहे।

## उत्तरीपुरा में ईंट पत्थर चलाने वाले व्यक्तियों पर पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा



जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो

बिल्हौर कोतवाली क्षेत्र के उत्तरी पूरा स्टेशन रोड पर घर जा रहे सर्वेश पुत्र ओमप्रकाश को रास्ते में घेर कर गाली गलौज करते हुए ईंट पत्थर से प्रांशु दुबे विमल कुमार ऋतिक एवं अंकित ने हमला बोल दिया जिसमें सर्वेश के शरीर में गंभीर चोटे आई वहीं बीच बिचाव करने गए भाई अवधेश राठौर पर भी उक्त लोगों ने हमला बोल दिया जिसमें अवधेश के भी शरीर में चोटें आई आनंन फानन में सूचना उतरी पूरा पुलिस को मिली मौके पर पहुंचे चौकी इंचार्ज सतीश चंद्र आदि पुलिस कर्मियों ने घेराबंदी करते हुए दो अभियुक्तों को दबोच लिया और उपरोक्त लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए विधिक कार्रवाई का पीड़ित को भरोसा दिलाया।

# समस्या समाधान शिविर में भरे गये सरकारी योजनाओं के फार्म

**राशन कार्ड न होने पर शासन ने रोकी दिव्यांगजनों की पेंशन।**

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर




राष्ट्रीय विकलांग पार्टी ने बुधवार को शास्त्री नगर सेन्ट्रल पार्क में दिव्यांग व्यक्तियों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए शिविर का आयोजन किया। शिविर में दिव्यांग व्यक्तियों के सामूहिक विवाह का पंजीकरण, बैटरी चलित ट्राई साईकिल के लिए 80 प्रतिशत विकलांगता वाले व्यक्तियों के फार्म, दिव्यांग पेन्शन, रेलवे यूनिक कार्ड, यू0डी0आई0डी0 कार्ड, दुकान निर्माण व संचालन ऋण, दिव्यांग विवाह पुरस्कार, योजना के फार्म भरे गये। सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गयी। दिव्यांगजनों ने शिविर में पेंशन न मिलने की शिकायत की गयी। इस मामले में जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी विनय उत्तम से वार्ता कर पेंशन न मिलने के बावत पूछा गया तो उन्होंने कहा कि जिन दिव्यांगजनों के राशन कार्ड नहीं बने हैं या जिन्होंने के.वाई.सी. नहीं करवायी है उनकी पेंशन शासन ने रोक दी है। उन्होंने बताया कि सभी दिव्यांग पेंशनरों को अपना राशन कार्ड बनवाना है और विभाग में जमा करना है। जिन दिव्यांगजनों ने अपनी के.वाई.सी0. नहीं करवाई है उन्हें आनलाइन के.वाई.सी. करवाना है, तभी उनकी पेंशन शासन जारी करेगा। बहुत से दिव्यांगों ने पेंशन के लिए भरे गये आवेदनों में त्रुटि होने के बाद आवेदन न भर पाने की भी शिकायत की है। दुकान संचालन योजना में आवेदन भरने के बाद भी ऋण की धनराशि का भुगतान न होने की भी शिकायत प्राप्त हुई है। राष्ट्रीय विकलांग पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव वीरेन्द्र कुमार ने कहा कि दिव्यांगजनों की सभी समस्याओं के समाधान के लिए सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों से वार्ता करके समस्याओं का समाधान कराया जायेगा। उन्होंने बताया की प्रत्येक दिन प्रातः 9 से 11 बजे तक शास्त्री नगर सेन्ट्रल पार्क बगिया, में दिव्यांग व्यक्तियों के लिए समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया जाता है। जरूरतमंद दिव्यांग व्यक्ति शिविर में आकर सरकारी योजनाओं का लाभ ले सकते हैं। शिविर में प्रमुख रूप से राष्ट्रीय महासचिव वीरेन्द्र कुमार के अलावा अल्पना कुमारी, राहुल कुमार, अरविन्द सिंह, आनन्द तिवारी, गुड्डी दीक्षित, वैभव दीक्षित, गौरव कुमार आदि शामिल थे।

## कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष बनाए गए बलबीर सिंह

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



लोकसभा चुनाव के पहले जनसत्ता दल लोकतांत्रिक ने जमीनी स्तर पर अपनी तैयारी शुरू कर दी है।कानपुर के रहने वाले जमीनी नेता बलबीर सिंह को युवा प्रकोष्ठ में कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है। छात्रों और युवाओं में अपनी अच्छी पकड़ रखने वाले बलबीर सिंह के मनोनयन के बाद से ही युवा नेताओं में खुशी की लहर है। उनके मनोनयन पर छात्रसंघ के नेताओं ने हर्ष व्यक्त किया है।

# मनुष्य में ज्ञान एवं भक्ति का समावेश होना जरूरी, बिना ज्ञान के भक्ति अंधी होती है :शिवाकांत जी महाराज

जन एक्सप्रेस । कानपुर देहात





अकबरपुर के जनकपुरी मैदान में श्रीमद्भागवत कथा एवम् सनातन महोत्सव के प्रथम दिवस अंतर्राष्ट्रीय कथा व्यास पं0 शिवा कान्त महाराज ने कथा के महत्व को विस्तार से बताया। उन्होंने हजारों की संख्या में मौजूद श्रोताओं और श्रद्धालुओं से कहा कि मनुष्य में ज्ञान एवं भक्ति का समावेश होना जरूरी है क्योंकि बिना ज्ञान के भक्ति अंधी होती है और बिना भक्ति के ज्ञान लंगड़ा होता है । जब कई जन्मों के पुण्य उदय होते हैं तब भगवान की कथा सुनने को मिलती है। जब तक प्रत्येक हिंदू जागेगा नहीं तब तक सनातन मजबूत नहीं होगा महाराज श्री ने कहा सनातन को खत्म करने वाले एवं सनातन के खिलाफ साजिश रचने वाले खुद खत्म हो जाएंगे। महाराज श्री अभी कुछ समय पूर्व सनातन धर्म का प्रचार प्रसार करने के लिए 27 दिन लंदन में रहे और वहां विदेशी नागरिकों को भारत की संस्कृति को विस्तार से बताया। यह हिंदुस्तान और सनातन ही है जो अयम निजह परोवेति गणना लघुचेति साम, उदार चरितानाम तु वसु धेव कुटुंबकम की बात करता है। महाराज श्री ने भारत के लंदन में करोड़ों भारतीयों के दिल में बसने वाले तिरंगे को फहराया। कई विदेशी नागरिकों को सनातन संस्कृति से परिचित कराकर सनातनी बनाया। महाराज जी ने संकल्प लिया और भारत लौटने के बाद प्रदेश के कई जिलों में सनातन यात्रा निकाल कर हर नागरिक को जागरूक करने का काम शुरू किया है। यह अभियान देश और पूरे विश्व में चलता रहेगा। हमारी संस्कृति सिखाती है प्रातःकाल उठि के रघुनाथा मात पिता गुरु नावाहि माथा÷ कथा के प्रथम दिवस महाराज श्री ने बताया भारत एक दिन अवश्य विश्व गुरु बनेगा और फिर से सोने की चिड़िया कहलाएगा। महाराज श्री ने कहा प्रत्येक कार्य करते समय मनुष्य को भगवान का स्मरण करना चाहिए जेहि घर साधु न पूजिए हरि की सेवा नाहि ते घर मरघट सारखे भूत बरे तिन माहि÷ जिस घर में सज्जनों की कद्र नहीं होती है जो मनुष्य माता-पिता गुरु एवं भगवान की पूजा नहीं करते हैं उसे घर में आए दिन लड़ाई झगड़ा क्लेश बना रहता है वो घर मरघट के समान माना गया है । कथा प्रारंभ होने से पहले बड़ी संख्या में सुहागिन महिलाओं द्वारा सर पर कलश रख नगर भ्रमण कर कलश यात्रा निकाली गई जिसमें उत्तर प्रदेश सरकार की राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला भी सम्मिलित हुई और व्यास पूजन किया।

## उलिहातू में भगवान बिरसा मुंडा को पीएम मोदी ने किया नमन, कहा

# पवित्र माटी को अपने माथे पर लगाने का सौभाग्य मिला

**कार्यक्रम में सीएम हेमंत ने कहा, झारखंड एक आदिवासी बाहुल्य राज्य है, मुझे आदिवासी होने का गर्व है**



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। रांची

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बिरसा मुंडा की जयंती (जनजातीय गौरव दिवस) के अवसर पर झारखंड के खूंटी पहुंचे थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज यहां 7200 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन की शुरुआत जयकारे की साथ की और सभी को जोहार कहा, प्रधानमंत्री मोदी ने एक के बाद एक कई योजनाओं का जिक्र किया। प्रधानमंत्री ने बताया कि कैसे केंद्र सरकार प्रिमिटिव ट्राइब के संरक्षण के लिए उनके विकास के लिए काम कर रही है। प्रधानमंत्री ने नल जल योजना, उज्जवला योजना , गांव में बिजली और विकास के लिए चलाई गयी कई योजनाओं का जिक्र किया। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में यह भी बताया कि आने वाले दिनों में सरकार की रणनीति क्या होगी। प्रधानमंत्री ने अमृत स्तंभ का जिक्र किया। पीएम ने बताया कि कैसे चारों स्तंभ को मजबूत करने के लिए सरकार काम कर रही है। अपने एक दिवसीय दौरे के दौरान उन्होंने आदिवासियों के कल्याण को लक्ष्य बनाने की बात कही। वहीं कई योजनाओं की सौगात दी। खूंटी के कार्यक्रम की समाप्ति के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झारखंड से विदा ली। एयरपोर्ट पर उन्हें छोड़ने राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, सीएम हेमंत सोरेन, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा मौजूद रहे। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज का दिन सौभाग्य से भरा हुआ है। कुछ देर पहले ही उलिहातू से लौटा हूं। उनके परिजनों से भी सुखद मुलाकात हुआ है। उस पवित्र माटी को माथे पर चढ़ाने का सौभाग्य मिला है। मुझे भगवान बिरसा मुंडा पार्क देखने का भी अवसर मिला। दो साल पहले यह म्यूजियम देश को समर्पित करने का सौभाग्य मिला था। मैं सभी देशवासियों को जनजातीय गौरव दिवस की बधाई देता हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज देश में कई जगहों पर झारखंड का स्थापना दिवस भी मना रहे हैं। देश को विशेषकर झारखंड को 50 हजार करोड़ रुपए की अलग- अलग योजना का उपहार मिला है। रेल परियोजना शुरू हुआ है। झारखंड भी देश के इलेक्ट्रिक फाइड रेल रूट वाला राज्य राज्य बना गया है। झारखंड का कोना - कोना महान विभूतियों से जुड़ा है। तिलका मांझी, चांद भैरव, फूलो झानों, अलबर्ट एक्का जैसे अनेक वीरों ने इस धरती का गौरव बढ़ाया है। देश का कोई कोना नहीं था जहां आदिवासी वीरों ने मोर्चा नहीं लिया। मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, मणिपुर, तेलंगाना, आंध्रप्रदेश सहित कई जगहों पर ऐसे वीरों का देश ऋणी है। प्रधानमंत्री ने कहा, आजादी के बाद ऐसे वीरों के साथ न्याय नहीं हुआ। हमने अमृत भारत के दौरान इन्हें याद किया। कुछ ही साल पहले खूंटी में सोलर पॉवर से चलने वाले जिला न्यायालय का उद्घाटन किया था। विकसित भारत संकल्प यात्रा मजबूत माध्यम बनेगी। मुझे दो दशक से ज्यादा सरकार के मुखिया के तौर पर काम करते हुए हो गया है। हमारी सरकार ने जितना दस साल में किया उससे ज्यादा ऊर्जा के साथ अपनी पूरी ताकत लगानी है। प्रधानमंत्री ने कहा हम चार स्तंभ को मजबूत करेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले एक दशक में इन्हें मजबूत करने के प्रयास किए। पिछले कुछ वर्षों में 13 करोड़ से ज्यादा लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। नरेंद्र मोदी ने कहा साल 2014 से हमारा सेवाकाल शुरू हुआ है। हम सेवा करने के लिए आये हैं। हमारे आने से पहले भारत की बहुत बड़ी आबादी मूलभूत सुविधाओं से वंचित थी। भारत के लोगों ने उम्मीद छोड़ दी थी कि उनका जीवन बदल पायेगा।

### मैंने समाज के आखिरी व्यक्ति का नमक खाया है, मैं कर्ज चुकाने आया हूं

खूंटी में प्रधानमंत्री बोले हमने उपेक्षित लोगों को मजबूत किया। हमारी सरकार उनका संबल बनी, उनकी साथी बनी। सोच बदली तो परिणाम भी बदल गये। जल जीवन मिशन की वजह से हर घर में नल पहुंच रहा है। देश में अब यह 70 प्रतिशत तक पहुंच रहा है। विपक्ष पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, वो लोग कौन थे जिन्हें मलाई मिलती थी। जिनकी सरकार में पहुंच होती थी वह सुविधाएं आसानी से जुटाते थे। जो लोग समाज में पीछे रहे मूल सुविधाओं से वंचित था मोदी ने इन्हें प्राथमिकता दी। प्रधानमंत्री ने कहा मैंने बड़े वर्ग और सुविधा चाहने वाले लोगों की रोटी नहीं खाई। मैंने कतार में खड़े आखिरी व्यक्ति का नमक खाया है। मैं उनका कर्ज चुकाने आया हूं। कई गांव में बिजली नहीं थी क्योंकि उन्हें अंधेरे में छोड़ दिया गया था। वहां बिजली पहुंचाना कठिन था मैं मानता हूं, मैंने वादा किया था एक हजार दिन में 18 हजार गांव में बिजली पहुंचाना है। आपके सेवक ने यह कर दिखाया।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा का आगाज

प्रधानमंत्री ने कहा आपसी भेदभाव खत्म कर दिया जाए। सभी समान हो कई गरीब हैं जिन्हें योजना की जानकारी नहीं है। कब तक हम उन्हें अपने हाल में छोड़े रखेंगे। यही वजह है कि विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरुआत हो रही है। 15 नवंबर से शुरू होकर यह अगले साल 26 जनवरी तक चलाया जायेगा। गरीबों को उसका हक दिया जायेगा।

### राष्ट्रपति ने दिया संदेश

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भगवान बिरसा मुंडी की जयंती पर खास संदेश दिया। राष्ट्रपति ने पिछले साल खूंटी के उलिहातू दौरे को याद किया और आदिवासी जनजातीय की योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि मैं उसी समुदाय से हूं इसलिए मेरा खास लगाव है। प्रधानमंत्री इस सभा से पहले भगवान बिरसा की जन्मभूमि उलिहातू पहुंचे थे। मोदी देश के पहले पीएम हैं, जो भगवान बिरसा की जन्मभूमि पहुंचे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भगवान बिरसा की माटी का तिलक लगाया। प्रधानमंत्री ने यहां स्थानीय उत्पाद को बढ़ावा देते स्टॉल का निरीक्षण किया। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंच पर पहुंचे हैं।

**उत्तरकाशी टनल हादसा, 77 घंटे से 40 मजदूर फंसे: सेना की हैवी ड्रिलिंग मशीन लाई जाएगी**

# रेस्क्यू में देरी से लोग नाराज, पुलिस से झड़प



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

**देहरादून।** उत्तराखंड के उत्तरकाशी में 12 नवंबर की सुबह 4 बजे एक निर्माणाधीन टनल धंस गई थी। पिछले 76 घंटे से 40 मजदूर अंदर फंसे हुए हैं। चारधाम प्रोजेक्ट के तहत यह टनल ब्रह्मखाल और यमुनोत्री नेशनल हाईवे पर सिल्क्यारा और डंडलगांव के बीच बनाई जा रही है। सभी मजदूर सुरक्षित हैं। उन्हें पाइप के जरिए ऑक्सीजन, खाना-पानी और दवाई पहुंचाई जा रही है। फंसे हुए मजदूर बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश के हैं। नेशनल हाईवे एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड, एनडीआरएफ, एसडीआर एफ, आईटीबीपी, बीआरओ और नेशनल हाईवे की 200 से ज्यादा लोगों की टीम 24 घंटे काम कर रहे हैं। रेस्क्यू टीम ने मंगलवार को स्टील पाइप के जरिए मजदूरों को निकालने की प्रोसेस शुरू की। इसके लिए ऑगर ड्रिलिंग मशीन और हाइड्रोलिक जैक की मदद से 35 इंच के डायमीटर का स्टील पाइप टनल के अंदर डालने की कोशिश की गई। हालांकि इसमें सफलता नहीं मिली। रेस्क्यू ऑपरेशन की मॉनिटरिंग कर रहे पीएमओ ने इसके बाद सेना को इसमें शामिल किया। अब सेना अपनी हैवी मशीन से ड्रिलिंग का काम करेगी। सेना का मालवाहक विमान हरक्यूलिस बुधवार को मशीन लेकर चिन्यालीसौड हैलिपेड पहुंचा। यहां से मशीन को सिलक्यारा लाया जाएगा। इधर, बुधवार सुबह टनल के बाहर कुछ मजदूरों की पुलिस से झड़प हो गई। ये रेस्क्यू ऑपरेशन में हो रही देरी से नाराज हैं। इनकी मांग थी कि प्रशासन हमें टनल के अंदर जाने दे, हम फंसे हुए अपने साथियों को निकाल लाएंगे। उत्तराखंड डीजीपी अशोक कुमार ने बताया, सिल्क्यारा सुरंग में रेस्क्यू के लिए हैवी ड्रिलिंग मशीन चिन्यालीसौड़ हेलीपैड पर पहुंच गई हैं। इन्हें जल्द ही असेंबल करके ड्रिलिंग का काम शुरू हो जाएगा। वहीं अंदर फंसे मजूदरों को पाइप के जरिए ऑक्सीजन पहुंचाई जा रही है। इसके अलावा पीने वाले पाइप में प्रेशर के जरिए चना और चावल मजदूरों तक पहुंचाया जा रहा है। स्टेट डिजास्टर मैनेजमेंट के मुताबिक, टनल के अंदर झारखंड के 15, उत्तर प्रदेश के 8, ओडिशा के 5, बिहार के 4, पश्चिम बंगाल के 3, उत्तराखंड के 2, असम के 2 और हिमाचल प्रदेश का एक मजदूर शामिल है। बचाव कार्य देखने पहुंचे सीएम पुष्कर सिंह धामी ने बताया- सभी मजदूर सुरक्षित हैं, उनसे वॉकी-टॉकी के जरिए संपर्क किया गया है। खाना-पानी पहुंचाया जा रहा है। फंसे हुए मजदूरों में से एक गब्बर सिंह नेगी के बेटे को मंगलवार को अपने पिता से कुछ सेकेंड के लिए बात करने की अनुमति दी गई। आकाश सिंह नेगी ने न्यूज एजेंसी को बताया- मेरे पिता सुरक्षित हैं। उन्होंने हमसे चिंता नहीं करने को कहा। यह टनल चार धाम रोड प्रोजेक्ट के तहत बनाया जा रहा है। 853.79 करोड़ रुपए की लागत से तैयार हो रहा यह टनल हर मौसम में खुली रहेगी। यानी बर्फबारी के दौरान भी इसमें से लोग आना-जाना कर सकेंगे। इसके बनने के बाद उत्तरकाशी से यमुनोत्री धाम के बीच की दूरी 26 किमी तक कम हो जाएगी। दरअसल, सर्दियों में बर्फबारी के दौरान राड़ी टाप क्षेत्र में यमुनोत्री हाईवे बंद हो जाता है। जिससे यमुना घाटी के तीन तहसील मुख्यालयों बड़कोट, पुरोला और मोरी का जिला मुख्यालय उत्तरकाशी से संपर्क कट जाता है।

### प्लास्टर नहीं होने की वजह से टनल का 60 मीटर हिस्सा धंसा

एनडीआरएफ के असिस्टेंट कमांडर करमवीर सिंह ने बताया- साढ़े 4 किलोमीटर लंबी और 14 मीटर चौड़ी इस टनल के स्टार्टिंग पॉइंट से 200 मीटर तक प्लास्टर किया गया था। उससे आगे कोई प्लास्टर नहीं था, जिसकी वजह से ये हादसा हुआ।

### घटना की जांच के लिए कमेटी बनाई गई

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को रेस्क्यू ऑपरेशन को लेकर हाईलेवल मीटिंग की। धामी ने बताया- हम रेस्क्यू ऑपरेशन की पल-पल की जानकारी ले रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्रालय की ओर से भी घटना की मॉनिटरिंग की जा रही है। उत्तराखंड सरकार ने घटना की जांच के लिए छह सदस्यीय कमेटी बनाई है। कमेटी ने आज जांच शुरू भी कर दी है।

# दिल्ली चीफ सेक्रेटरी पर 897 करोड़ के भ्रष्टाचार का आरोप

## केजरीवाल ने एलजी से हटाने की सिफारिश की, आतिशी को बोले, सीबीआई और ईडी को भी रिपोर्ट भेजें

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



दिल्ली के चीफ सेक्रेटरी नरेश कुमार पर 897 करोड़ के भ्रष्टाचार का आरोप है। इसकी शिकायत सीएम अरविंद केजरीवाल को मिली थी। इसके बाद सीएम ने शनिवार 11 नवंबर को इस मामले की जांच के आदेश दिए। विजिलेंस मिनिस्टर आतिशी ने 3 तीनों में इस मामले की जांच पूरी कर ली और मंगलवार 14 नवंबर को रिपोर्ट केजरीवाल को सौंपी थी। इसके बाद बुधवार को सीएम केजरीवाल ने एलजी वीके सक्सेना को एक चिट्ठी लिखी और नरेश कुमार को चीफ सेक्रेटरी को पद से हटाने की सिफारिश की। सीएम ने एलजी को चिट्ठी के साथ मामले की जांच रिपोर्ट भी भेजी। साथ ही केजरीवाल ने आतिशी से सीबीआई और ईडी को इस मामले की जांच रिपोर्ट भेजने को कहा। दरअसल, दिल्ली में बने द्वारका एक्सप्रेस वे के लिए भूमि अधिग्रहण में अनियमितताएं होने की बात सामने आने पर आतिशी ने इस मामले की जांच की। आतिशी ने जांच में पाया कि नरेश कुमार ने अपने बेटे से जुड़ी कंपनियों को 897 करोड़ का फायदा पहुंचाया है। सीएम केजरीवाल के आदेश के बाद विजिलेंस मिनिस्टर आतिशी ने इस मामले की जांच की। 3 दिन की जांच में आतिशी ने पाया कि द्वारका एक्सप्रेस वे के लिए बामनोली गांव की जमीन का अधिग्रहण होना था। बीते 5 साल में इस जमीन का तय मुआवजा 9 गुना तक बढ़ गया। इस जमीन के मुआवजे से जिस व्यक्ति को फायदा हो रहा था, उसके दमाद की कंपनी में चीफ सेक्रेटरी का बेटा करण चौहान काम करता है। साथ ही चीफ सेक्रेटरी ने बेटे से जुड़ी कई कंपनियों को सरकारी ठेके दिए और अब इनकी भी जांच होगी। वहीं, जांच रिपोर्ट में दावा किया गया है कि इस मामले में 897 करोड़ से अधिक का भ्रष्टाचार किया गया है। आतिशी ने मंगलवार को सीएम केजरीवाल को इस मामले में 650 पेज की जांच रिपोर्ट सौंपी। इसमें आतिशी ने बामनोली भूमि अधिग्रहण में हुए भ्रष्टाचार की जांच करने के लिए ईडी और सीबीआई से जांच करने की मांग की है।

# महुआ ने रोलेक्स और फर्नीचर लिए: देहाद्राई

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

संसद में सवाल पूछने के बदले पैसे लेने (कैश फॉर क्वेरी) के मामले में सुप्रीम कोर्ट के वकील जय अनंत देहाद्राई ने तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा पर नए आरोप लगाए हैं। देहाद्राई ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा- संसद में जो सवाल पूछे गए, वो दुबई में बनाए गए थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ अपशब्द वाले भाषण दिल्ली के कैनिंग लेन में लिखे गए थे। देहाद्राई ने दावा किया कि संसद में सवाल पूछने के बदले महुआ ने 2 करोड़ कैश के अलावा रोलेक्स घड़ी और फर्नीचर भी लिए थे। उन्होंने लिखा- जब भूलने की बीमारी खत्म हो जाएगी, तो फर्नीचर और रोलेक्स को छोड़कर 2 करोड़ रुपए भी मिलेंगे। देहाद्राई ने टीएमसी सांसद को पैथोलॉजिकल लायर बताया। उन्होंने कहा- पैथोलॉजिकल लायर को बताना चाहिए कि संसद में पूछे जाने वाले सवाल मिस्ट्री टाइपिस्ट को कैसे भेजे गए। महुआ ने 10 अगस्त को संसद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ भाषण दिया था।

### चीन-पाकिस्तान के युद्धाभ्यास पर भारतीय नौसेना की नजर

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली। चीन और पाकिस्तान की नौसेनाएं संयुक्त युद्धाभ्यास कर रही हैं। इस युद्धाभ्यास पर भारतीय नौसेना की भी नजर है। खासकर चीन के जहाजों पर नौसेना खास नजर रख रही है। बुधवार को सरकार के सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नौसेना चीनी जहाजों की मूवमेंट पर विशेष ध्यान रखा जा रहा है। चीन के जहाजों ने मलक्का स्ट्रेट से हिंद महासागर में प्रवेश किया और उसके बाद से ही वह भारत के रडार पर हैं।




# केंद्र ने आदिवासी गांवों में विकास के लिए अब तक 571 करोड़ रुपये दिए: सीएम भूपेंद्र पटेल

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। अम्बाजी



प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के तहत आदिवासी गांवों में बुनियादी ढांचे के विकास के लिए केंद्र सरकार ने अब तक 571 करोड़ रुपये दिए हैं। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने बुधवार को इसकी जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने जनजातीय गौरव दिवस और विकसित भारत संकल्प यात्रा के शुभारंभ के अवसर पर बनासकांठा जिले के अम्बाजी में एक सभा को संबोधित किया। अपने संबोधन के दौरान गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने कहा, पीएम मोदी के नेतृत्व में गुजरात के 2,803 आदिवासी गांवों में बुनियादी ढांचे के विकास के लिए 571 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। आदिवासी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने के लिए, राज्य सरकार ने दाहोद, वलसाड, बनासकांठा और नवसारी जिलों में मेडिकल कॉलेजों की स्थापना को मंजूरी दी है।

### पीएम ने 'मेक इन इंडिया' पहल शुरू की: सीएम भूपेंद्र

उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री मोदी ने समग्र विकास सुनिश्चित किया है। साथ ही आदिवासी क्षेत्रों में हरित विकास की अवधारणा को लागू किया। भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने की परंपरा शुरू की। साथ ही सीएम भूपेंद्र पटेल ने कहा, एक समय था जब भारत छोटी-छोटी जरूरतों को पूरा करने के लिए भी विदेशी आयात पर निर्भर था, लेकिन मोदी ने मेक इन इंडिया और मेक फॉर द वर्ल्ड पहल शुरू की। केंद्र सरकार की तारीफ करते हुए उन्होंने कहा, पीएम मोदी के प्रयासों की बदौलत भारत अब कई चीजों का विनिर्माण केंद्र बन गया है। एक समय था जब भारत में बिकने वाले सभी स्मार्टफोन ज्यादातर आयात किए जाते थे। अब, पीएम मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व के लिए धन्यवाद, ये फोन भारत में निर्मित होते हैं। बता दें पीएम मोदी ने झारखंड के खूंटी में जनजातीय गौरव दिवस पर आयोजित भारत संकल्प यात्रा की शुरुआत की।










# पांच राज्यों में चुनाव से पहले कर अधिकारियों द्वारा नकदी जब्ती में हुई बढ़ोत्तरी, सीबीडीटी का दावा

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

पांच राज्यों में विधानसभा चुनावों से पहले आयकर विभाग ने उन राज्यों में हुए पिछले चुनावों की तुलना में अधिक अघोषित नकदी जब्त की गई है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के चेयरमैन नितिन गुप्ता ने बुधवार को यह बात कही। उन्होंने कहा कि विधानसभा और लोकसभा चुनावों से पहले आयकर विभाग सहित प्रवर्तन एजेंसियों ने निगरानी बढ़ाई और इस उद्देश्य के लिए बनाए गए टोल-फ्री नंबरों पर अवैध नकदी और आभूषणों के बारे में जानकारी भी हासिल की। नितिन गुप्ता ने यहां पत्रकारों को बताया, जिन राज्यों में हम अभी चुनाव में हैं, हमने 2019 के राज्य विधासभा या लोकसभा चुनावों में इसी अवधि में जब्त की गई नकदी से अधिक नकदी जब्त की है। उन्होंने कहा कि चुनाव से पहले अघोषित नकदी की बहुत गहन निगरानी की जाती है और पूरी गतिविधि चुनाव आयोग और राज्य चुनाव प्राधिकरण के स्तर पर समन्वित की जाती है। सूत्रों के मुताबिक, इस साल राजस्थान में अवैध नकदी, शराब, ड्रग्स, सोना, चांदी आदि की कुल जब्ती में तीन गुना वृद्धि हुई है। इस तरह की जब्ती 2021 में 322 करोड़ रुपये और 2022 में 347 करोड़ रुपये थी। यह जब्ती अक्तूबर 2023 तक बढ़कर 1,021 करोड़ रुपये हो गई है। छत्तीसगढ़, तेलंगाना, राजस्थान, मध्य प्रदेश और मिजोरम में नवंबर में चुनाव होने हैं। जुलाई में केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने कर अधिकारियों के लिए एक मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी की थी।







स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)